ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 10.07.2023 वर्ष 10, अंक 187

RNI No. JHAHIN/2014/59110

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

सुविचार

दूसरो को इतनी जल्दी माफ कर दिया करो, जितनी जल्दी आप ऊपरवाले से अपने लिए माफी की उम्मीद रखते हो।

रांची का तापमान

अधिकतम 30°
न्युनतम 23°

उत्तर भारत में बारिश ने ली दर्जनों की जान, एनएच 3 बहा, रेलवे ट्रैक डूबा, सड़कें जलमग्न

आफत बनी बारिश

बारिश से दिल्ली, पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, यूपी व जम्मू काश्मीर के हालात ज्यादा खराब, गृह मंत्री ने ली जानकारी

एजेंसी

नई दिल्ली : देश के कई राज्यों में मॉनसून का सितम जारी है. पहाड़ी इलाकों में बारिश आफत बनकर बरस रही है. हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग 3 का एक हिस्सा व्यास नदी के उफान के चपेट में आने से बह गया है. साथ ही मंडी जिले के पंडोह का लाल पुल भी इसी नदी के उफान के चलते टूट गया. कसोल में ग्राहण नाले में अचानक आया पानी वहां के पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को बहा ले गया. राज्य में 5 लोगों के मौत की सूचना है. उत्तराखंड में भूस्खलन के चलते बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बंद कर दिया गया है. पहाड़ों के साथ-साथ मैदानी इलाकों में भी बारिश मुसीबत लेकर आई है.पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में भी बारिश का कहर दिख रहा. गुरुग्राम में पास के इलाके में गंभीर जलजमाव हो गया है. प्रशासन द्वारा बेहद जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलने का निर्देश दिया गया है. दिल्ली में मिंटो ब्रिज के अंडरपास के नीचे पानी भर गया है, जिसके चलते उसे बंद कर दिया गया. वहीं, पंजाब में भी बारिश ने कम कहर नहीं मचाया है. जम्मू कश्मीर में भूस्खलन से दो की मौत हो गई.

भारी बारिश के कारण उत्तर रेलवे ने रद्द की करीब 17 ट्रेनें

भारी बारिश के कारण उत्तर रेलवे ने करीब 17 ट्रेनें रद्द कर दी हैं और करीब 12 अन्य का मार्ग बदल दिया है। उत्तर रेलवे के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि जलभराव के कारण चार स्थानों पर यातायात निलंबित कर दिया गया है। इनमें नोगनवान (अंबाला)- न्यू मोरिंडा के बीच, नंगल बांध और आनंदपुर साहिब के बीच और कीरतपुर साहिब और भरतगढ़ के बीच के खंड शामिल हैं। लगातार भारी बारिश के कारण दिल्ली क्षेत्र से ट्रेनों को सुरक्षित रूप से चलाने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

केंद्रीय मंत्री व कई सांसदों के बंगलों में हुआ जलजमाव

मिंटो ब्रिज के अलावा खान मार्केट में भी भारी जलजमाव देखा गया. इसके अलावा कई सांसदों के बंगलों के अंदर भी बारिश का पानी भर गया है. नीति आयोग के सदस्य डॉ बीके पाल के घर में भी पानी घुस गया है. कई केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के के घर के अंदर जलजमाव देखा गया. भारी बारिश के चलते मिंटो ब्रिज अंडरपास ब्रिज के नीचे भी पानी भर गया. ऐहतियातन मिंटो ब्रिज को बंद कर दिया गया है. ब्रिज के पास ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं.

स्कूल व अस्पताल हुए जलमग्न, कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम देने का निर्देश

भारी बारिश के कारण रविवार को गुरुग्राम के कई हिस्सों में गंभीर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है. प्रशासन ने कॉर्पोरेट कंपनियों को अपने कर्मचारियों से सोमवार को घर से ही काम करने की सलाह दी है. साथ ही स्कूलों को भी बंद रखने का निर्देश दिया गया है. बारिश के चलते गुरुग्राम में सड़कें, पार्क, अंडरपास, बाजार और यहां तक कि स्कूल और अस्पताल भी जलमग्न हो गए हैं.

संथाल में आज से भारी बारिश की संभावना

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: मौसम केंद्र रांची ने राज्य के उत्तर पूर्वी भाग में 11, 12 और 13 जुलाई को भारी वर्षा की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम केंद्र रांची के अनुसार झारखंड के उत्तर पूर्वी जिले जैसे देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा ,पाकुड़ और साहिबगंज में 11, 12 और 13 जुलाई को कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है.

भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए मौसम केंद्र ने इसके कृषि क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव आधारित विशेष पूर्वानुमान जारी किया है. अपने पूर्वानुमान में मौसम केंद्र रांची ने क्षेत्र के किसानों से अपने-अपने क्षेत्रों में जल निकासी की उचित व्यवस्था कर लेने और वर्षा के पानी का उपयोग विभिन्न फसलों की बुवाई करने का आग्रह किया है.मौसम केंद्र रांची के अनुसार राज्य के उत्तर पूर्वी भाग में भारी बारिश की वजह से कृषि और बागवानी पर खराब प्रभाव पड़ेगा. पौधरोपण को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है. इन जिलों के निचले इलाके में जलजमाव भी हो सकता है. इसको देखते हुए मौसम केंद्र रांची ने खेतों में जल निकासी की व्यवस्था करने, तैयार हो चुके फल और सब्जियों की समय रहते तोड़ाई कर उसे सुरक्षित स्थान पर रखने और जलजमाव वाले क्षेत्र में जाने से बचने की सलाह दी है.भारी वर्षा का कृषि और बागवानी पर क्या पड़ेगा प्रभावः मौसम केंद्र रांची के अनुसार राज्य के उत्तर पूर्वी भाग में भारी बारिश की वजह से कृषि और बागवानी पर खराब प्रभाव पड़ेगा.

पौधरोपण को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है. इन जिलों के निचले इलाके में जलजमाव भी हो सकता है. इसको देखते हुए मौसम केंद्र रांची ने खेतों में जल निकासी की व्यवस्था करने, तैयार हो चुके फल और सब्जियों की समय रहते तोड़ाई कर उसे सुरक्षित स्थान पर रखने और जलजमाव वाले क्षेत्र में जाने से बचने की सलाह दी है.

क्वीक न्यूज

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से

रांची। झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से शुरू होगा जो कि चार अगस्त तक चलेगा। सत्र को लेकर जो भी औपचारिकता है उन्हें पूरा किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इसका प्रस्ताव 11 जुलाई को निर्धारित कैबिनेट में लाया जाएगा। इसको लेकर सरकार और विपक्ष ने तैयारी शुरू कर दी है। क्षेत्रीय विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को चिन्हित करना शुरू कर दिया है, ताकि प्रमुखता से सदन में उठा सकें। सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 का प्रथम अनुपूरक बजट आएगा। इसके लिए 11 जुलाई को होने वाली कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा।

एफटीए वार्ता के लिए ब्रिटेन का दौरा करेंगे केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भारत ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए 10 से 12 जुलाई तक ब्रिटेन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) की प्रगति पर चर्चा करने के लिए यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों के मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे।यात्रा के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ब्रिटेन के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के साथ उच्चस्तरीय बैठकों में भाग लेंगे, जिसमें अंतरराष्ट्रीय व्यापार राज्य सचिव के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों और उद्योगों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। ये बैठकें व्यापार बाधाओं को दूर करने, निवेश को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी, नवोन्मेषण और बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे क्षेत्रों में अधिक सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ एफटीए वार्ता की प्रमुख प्राथमिकताओं और उद्देश्यों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेंगी।

अमरनाथ यात्रा फिर शुरू

जम्मू। कश्मीर में मौसम में सुधार के बाद तीसरे दिन बालटाल और पहलगाम मार्ग से अमरनाथ यात्रा रविवार दोपहर बाद एक बार फिर से शुरू कर दी गई। प्रशासन ने जम्मू संभाग के बेस कैंपों से अभी भी श्रद्धालुओं को आगे जाने की अनुमति नहीं दी। रविवार दोपहर बाद जैसे ही अमरनाथ गुफा मंदिर के आसपास आसमान साफ हुआ, अधिकारियों ने द्वार खोल दिए और रास्ते में फंसे भक्तों को बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आगे जाने की अनुमति दे दी गई।

बहुमत की सरकार को राकांपा को तोड़ने की जरूरत ही नहीं थी : उद्धव ठाकरे

मुंबई : शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में बहुमत की सरकार थी, उसे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को तोड़ने की जरूरत ही नहीं थी। उद्धव ठाकरे ने कहा कि जब उनकी तीन दलों की सरकार थी, तब उसे तिपहिया सरकार कहा जाता था और अब यह त्रिशूल सरकार बन गई है। उद्धव ठाकरे रविवार को यवतमाल जिले में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब पार्टी तोड़ने, पार्टी चुराने का फैशन हो गया है। अब सरकार मतपेटी से नहीं रुपयों की पेटी से बनने लगी है। इस स्थिति को बदलना जरूरी है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राकांपा को नेशनल करप्ट पार्टी बताया था।

शरद पवार के कारण ही राजग से शिवसेना हुई थी अलग : भुजबल

मुंबइ : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजित पवार गुट के नेता एवं महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने रविवार को दावा किया कि शरद पवार के कारण ही भाजपा-नीत राजग से शिवसेना अलग हो गई थी। यहां तक कि उन्होंने खुद (शरद पवार) 2019 में भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने का प्रस्ताव तैयार किया था। इसी वजह से अजित पवार ने अल सुबह देवेंद्र फडणवीस के साथ उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। भुजबल ने रविवार को नासिक में पत्रकारों से कहा कि शरद पवार ने खुद 2014 और 2017 में कांग्रेस गठबंधन से अलग होकर भाजपा के साथ जाने की योजना बनाई थी। इस अवसर पर अजित पवार, सुप्रिया सुले और जयंत पाटिल भी मौजूद थे। भुजबल ने कहा कि राकांपा में फूट के जिम्मेदार खुद शरद पवार ही हैं। उन्हें इस बात का आत्मचिंतन करना चाहिए कि आखिर उनके घर में ही पले-बढ़े अजित पवार और कई वर्षों से उनके साथ रहे प्रफुल्ल पटेल उनसे दूर कैसे हो गए।

ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे में तीन की मौत, तीन लापता

एजेंसी

ऋषिकेश। थाना क्षेत्र मुनि की रेती के अंतर्गत ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को तड़के हुई दुर्घटना में 5 यात्रियों को बाहर निकाल लिया गया था जबकि 3 की मौत हो गई है।

लापता शेष तीन यात्रियों को अभी तलाशने का अभियान चलाया जा रहा है। इस वाहन में कुल 11 यात्री सवार थे। सोनप्रयाग से ऋषिकेश आ रही एक मैक्स मालाकुंठी के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर कर गंगा में समा गई थी। रविवार को तड़के यह दुर्घटना तब हुई, जब पहाड़ी से एक बड़ा पत्थर नीचे गिरा और मैक्स वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया।

इसके बाद वाहन खाई में गिरकर गंगा नदी में समा गया। सभी यात्री केदारनाथ से यात्रा कर लौट रहे थे और वह अलग-अलग प्रांत के रहने वाले हैं।

एसडीआरएफ और थाना मुनि की रेती पुलिस टीम लापता यात्रियों के लिए सर्चिंग अभियान चला रही हैं।रविवार की तड़के तड़के तीन बजे चौकी ब्यासी,थाना मुनि की रेती को सूचना मिली कि उत्तराखंड नंबर की एक मैक्स जो सोनप्रयाग से ऋषिकेश आ रही थी, वह मालाकुंठी पुल से होटल आनंद काशी के बीच मुख्य मार्ग पर गहरी खाई में गिरने के बाद गंगा में समा गई है।

इस वाहन में चालक सहित कुल 11 व्यक्ति सवार थे। इस पर थाना प्रभारी निरीक्षक मुनि की रेती रितेश शाह के साथ पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मदद के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया।इसके बाद गहरी खाई से रेस्क्यू कर पांच यात्रियों को निकाला गया।

जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है भाजपा : मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने की। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है।उन्होंने कहा कि अलग राज्य की स्थापना भाजपा की देन है। उनके शासन काल में पहली बार 26 जनजाति छात्र छात्रा को पायलट ट्रेनिंग दी गई जो आज देश की सेवा कर रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबसे ज्यादा जनजातीय समाज के आठ सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस मनाने का संकल्प लिया। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से लाखों गांव को जोड़ने का काम किया है।मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार ने जनजाति केंद्रीय मंत्रालय बनाया। भाजपा की सरकार में ही जनजाति समुदाय की संथाल की भाषा संथाली को संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित किया गया। आजादी के बाद पहली बार देश में राष्ट्रपति पद पर जनजाति आदिवासी संथाल समुदाय की महिला द्रौपदी मुर्मू को आसीन किया गया।मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि मरांडी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पार्टी नई बुलंदियों को छुएगी। कार्यक्रम को रामकुमार पाहन, ताला मरांडी ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ. बिंदेश्वर उरांव एवं धन्यवाद ज्ञापन अवधेश सिंह चेरो ने किया।बैठक में मुख्य रूप से बिंदेश्वर उरांव, राजेंद्र मुंडा, रवि मुंडा ,नकुल तिर्की,गीता बालमुचु मनजीत कोड़ा ,भूषण पात पिंगवा मीरा खलखो, रोशनी खलखो, सोरेन,आनंद मुर्मू, मनोज, अवधेश सिंह चेरो ,मंजू सिंह, अनु लकड़ा ,लक्ष्मी मुंडा मनोज सोरेन सहित सैकड़ों भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पांच साहित्यकारों को मिलेगा कैलाश गौतम सम्मान

एजेंसी

प्रयागराज। अमेरिका के धनंजय कुमार समेत पांच साहित्यकारों को इस वर्ष का 'कैलाश गौतम सम्मान' प्रदान किया जाएगा। 'सुभद्रा कुमार चौहान सम्मान' न्यूजीलैंड की डॉ. सुनीता शर्मा समेत सात कवयित्रियों को प्रदान किया जाएगा। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में उर्दू की विभागाध्यक्ष डॉ. शबनम हमीद को इस वर्ष का 'अकबर इलाहाबादी सम्मान' प्रदान किया जाएगा।

यह घोषणा रविवार को छोटा बगहारा में हुई गुफ्तगू कार्यकारिणी की बैठक में की गई।गुफ्तगू के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस वर्ष धनंजय कुमार (अमेरिका), प्रमोद दुबे (जबलपुर), डॉ. ओम प्रकाश कादयान (हिसार, हरियाणा), अनिल मानव (कौशांबी) और केदारनाथ सविता (मिर्जापुर) को कैलाश गौतम सम्मान दिया जाएगा।

सुभद्रा कुमारी चौहान सम्मान डॉ. सुनीता शर्मा (न्यूजीलैंड), ऋतिका रश्मि (उड़ीसा), अर्चना त्यागी (जोधपुर), सुशीला साहू (रायगढ़), डॉ. शबाना रफीक (बांदा), डॉ. अमिता दुबे (लखनऊ) और शिल्पी भटनागर (हैदराबाद) को दिया जाएगा। डॉ.राहत इंदौरी सम्मान डॉ. हरिप्रकाश श्रीवास्तव (लखनऊ), खुरशीद खैराड़ी (जोधपुर) और डॉ. आनंद प्रकाश शाक्य (मैनपुरी) को दिया जाएगा।इसी प्रकार डॉ. सुधाकर पांडेय सम्मान आशा झा (दुर्ग, छत्तीसगढ़), सीमा राय (लखनऊ), अनंतदेव पांडेय (गाजीपुर), शेषनाथ राय (गाजीपुर) और सुहैल खान (दिलदानगर) को प्रदान किया जाएगा। पत्रकारों को दिया जाने वाला कुलदीप नैयर सम्मान लईक रिजवी (आलमी सहारा, नोएडा), पी.एन. द्विवेदी (हिन्दुथान समाचार सेवा, लखनऊ), छत्रपति शिवाजी (सहारा समय, प्रयागराज), सुनील कुमार शुक्ल (वरिष्ठ पत्रकार) और लक्ष्मीकांत पांडेय (वरिष्ठ पत्रकार, प्रतापगढ) को मिलेगा। सीमा अपराजिता सम्मान डॉ. पल्लवी कौशिक (देवधर, झारखंड), डॉ. अनुराधा प्रियदर्शिनी (बहराइच), खुश्बू गौतम (लखनऊ) और नाज खान (प्रयागराज) को देने की घोषणा की गई है।इसके अलावा गुफ्तगू की तरफ से इस वर्ष से पांच लोगों को खेल के क्षेत्र में सम्मान देने की घोषणा की गई है। इस वर्ष असद कासिम (क्रिकेट), सुजीत कुमार (हाकी), मोहम्मद रुस्तम खान (एथलेटिक्स), अभिषेक मालवीय (बॉक्सिंग) और पवन कुमार शर्मा (टेबिल टेनिस) को मिल्खा सिंह सम्मान प्रदान किया जाएगा।

पहली सोमवारी आज, प्रशासन चौकस

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : सावन की पहली सोमवारी को लेकर स्वर्ण रेखा नदी से लेकर पहाड़ी मंदिर तक के रूट का डीसी-एसएसपी ने रविवार को जायजा लिया. शिवभक्त नामकुम स्थित स्वर्णरेखा नदी से जल भरकर पहाड़ी मंदिर पहुंचकर भगवान शिव को जल अर्पण करते हैं. इसको लेकर एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर स्वर्णरेखा नदी से लेकर पहाड़ी मंदिर तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं. रास्ते में पड़ने वाले सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बलों की तैनाती की गयी है. एसएसपी के निर्देश पर डीएसपी रैंक के अधिकारी सोमवार सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे. इलाके के थानेदार और बाइक पेट्रोलिंग दस्ता नियमित रूप से पेट्रोलिंग करेंगे.हरमू रोड का एक छोर और मीनाक्षी सिनेमा गली से लेकर रातू रोड तक एक ओर की सड़क ब्लॉक रहेगी. यह स्थिति सोमवार को भीड़ की समाप्ति तक रहेगी. सोमवारी के अवसर पर हजारों की संख्या में शिव भक्त पहाड़ी मंदिर और नामकुम स्थित शिव मंदिर पहुंचते हैं. ऐसे में इन दोनों मंदिरों पर रांची पुलिस की विशेष नजर रहेगी. पुलिसकर्मियों और थाना प्रभारी को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह मंदिर परिसर में ज्यादा भीड़ नहीं होने दें. भीड़ होने पर भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है. जिसे संभालना काफी मुश्किल होगा.

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, सोमवार, 10 जुलाई 2023 | पेज 2

संक्षिप्त खबरे

जहरीले पदार्थ का सेवन कर महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदनीनगर : शहर थाना क्षेत्र के पहाड़ी मोहल्ला निवासी नसीम राइन की पत्नी गुड़िया खातून रविवार को मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास की। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह गुड़िया खातून अपने घर में अकेली थी, उसका पति नसीम राइन दुकान में काम करने गया हुआ था, जबकि घर के अन्य सदस्य बाहर में थे। इसी बीच गुड़िया घर में रखें जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली।जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से गुड़िया को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के बाद गुड़िया की स्थिति खतरे से बाहर है।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

पलामू पुलिस ने टीएसपीसी के तीन उग्रवादी को किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का जोनल कमांडर आक्रमण गंझू को बाइक पर भगाने वाला उग्रवादी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसकी निशानदेही पर उसके दो अन्य सहयोगी उग्रवादियों को भी दबोच लिया गया है। यह जानकारी लेस्लीगंज के एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने जानकारी दी कि 8 जुलाई को चतरा पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद जोनल कमांडर आक्रमण गंझू के साथ उसका दस्ता मनातू के नागद गांव में छिपा हुआ था।गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की, लेकिन जोनल कमांडर आक्रमण गंझू भागने में सफल रहा। पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर आक्रमण गंझू को बाइक पर भगाने वाले उग्रवादी बसंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर उसके दो

अन्य उग्रवादी साथी मिथिलेश भुइंया ग्राम नागद मनातू और संतोष भुइंया को धर दबोचा।एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने बताया कि पूछताछ में उग्रवादी बसंत सिंह ने बताया कि आक्रमण गंझू एक बैग दिया है ,जो मिथिलेश भुइंया के पास है। इस जानकारी के बाद पुलिस ने मिथिलेश भुइंया को पकड़ा और उसके पास से बैग बरामद किया गया है। गिरफ्तारी के बाद तीनों कर उग्रवादियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने छापामारी अभियान में उन उग्रवादियों के पास से दो मोबाइल, 2 पॉकेट डायरी ,7 सिम कार्ड, संगठन का लिखा हुआ पर्चा, 6700 रुपए नगद और दैनिक उपयोग में आने वाले सामान को बरामद किया। टीम का नेतृत्व मनातू के थाना प्रभारी कमलेश कुमार यादव कर रहे थे।

हुसैनाबाद टाऊन हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : हुसैनाबाद स्थित टाऊन हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन जपला द्वारा आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता अंगद किशोर व संचालन श्रवण कुमार अग्रवाल ने किया। शिक्षाविद सह वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रेश्वर प्रसाद,संस्था के अध्यक्ष अंगद किशोर, निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार, राजेन्द्र सिंह आदि ने माँ सरस्वती व आचार्य सिद्धेश्वर पाठक के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आचार्य सिद्धेश्वर पाठक के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान टॉपर्स से वार्तालाप की गई। विद्यार्थियों ने जीवन के अपने लक्ष्य के बारे में विचार व अनुभव को साझा किया। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के मैट्रिक व इंटरमीडिएट के पास आउट 50 टॉपर्स विद्यार्थियों को उपहार व प्रशस्ति पत्र भेंट की गई। उन्हें सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। चन्द्रेश्वर प्रसाद ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कई टिप्स दिए। कहा कि यह सम्मान आपको जीवन मे सफल होने में प्रोत्साहित करेगा। आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन का यह पहल सराहनीय है।

कजरी में लगा 200 केवीए का ट्रांसफार्मर

पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): ग्राम पंचायत कजरी के ग्राम कजरी में 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों के बीच हर्ष व्याप्त है। इस संबंध में समाज सेवी महाराणा प्रताप ने बताया कि पूर्व में सौ केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। इसके कारण यहां उपभोक्ताओं को समुचित ढंग से बिजली नहीं मिल पाती थी। लोगों को वोल्टेज की समस्या से भी जूझना पड़ता था। इसकी सूचना स्थानीय विधायक पुष्पा देवी को ग्रामीण ने दी। उक्त सूचना के बाद विधायक द्वारा 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। 200 केवीए के ट्रांसफार्मर लगने से गांव के सैकड़ों उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध होगी। अब उन्हें लो वोल्टेज की समस्या से जूझने को विवश नहीं होना पड़ेगा। विधायक द्वारा इस प्रकार के सराहनीय प्रयास के लिए उप प्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मंटू सिंह ग्रामीण सनोज सिंह, अमित सिंह, मनोज सिंह, अभिषेक सिंह, अजीत सिंह, सुमेर सिंह, सुजीत सिंह, श्याम देव साहू, राहुल सिंह, शंभू साहू, विकास सिंह, पवन सिंह, आदि ने बधाई दी है।

टेंपो पलटने से युवक घायल

भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): भवनाथपुर प्लस टू उच्च विद्यालय गेट के समीप टेम्पो के धक्के से एक वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति का नाम श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के नरही गाँव निवासी दीनानाथ चंद्रवंशी 55 वर्ष बताया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल दिनानाथ चंद्रवंशी को ईलाज हेतु ग्रामीण आलोक सिन्हा, बाला यादव, दिवाकर उपाध्याय, गुलाब यादव ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, वहाँ आयुष चिकित्सक इंद्रकिशोर विश्कर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की गम्भीर हालत को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए गढवा रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है, कि नशे में धूत ऑटो चालक तेज रफ़्तार से खरौंधी मोड़ से भवनाथपुर बाजार की तरफ आ रहा था, कि उच्च विद्यालय के गेट के समीप सड़क किनारे चल रहे वृद्ध दीनानाथ चन्द्रवंशी को धक्का मारते हुए अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि उस जगह पर रविवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार के दिन भीड़ भाड़ कम थी, वरना कई लोंगो की जान जा सकती थी। राहगीरों द्वारा ऑटो चालक को पकड़कर पुलिस की सूचना दी गई। मौक पर पहुंचे थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने ऑटो को जब्त करते हुए चालक मुन्ना पासवान को कब्जे में लेकर थाना लाया।

झारखंड मुक्ति मोर्चा की हुई बैठक, प्रखंड कमेटी का हुआ गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

छतरपुर : झारखंड मुक्ति मोर्चा छतरपुर की कोयल कम्युनिटी हॉल छतरपुर के प्रांगण में बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा पलामू के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा एवं संचालन केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा ने किया बैठक में पूर्व में भंग प्रखंड कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया जिसमे प्रखंड अध्यक्ष के रूप में मुखिया रविंद्र राम सचिव अनुज राम कोषाध्यक्ष गणेश सिंह उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह बुधन भुइंया एवं फिरदौस आलम का चयन किया गया साथ ही महिला प्रखंड अध्यक्ष के रूप में उषा कुमारी सचिव लक्ष्मी परहिया कोषाध्यक्ष दूसिया देवी उपसचिव उमा देवी का चयन किया गया मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलनकारियों की पार्टी है और लोगों की उम्मीद झारखंड मुक्ति मोर्चा पर ही टिकी हुई है भाजपा ने झारखंड को सिर्फ लूटने का काम किया है। केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि छतरपुर की जनता राजनीतिक गुलामी से गुजर रही है पहले के विधायक सिर्फ दो हाथों से लूट रहे थे और वर्तमान विधायक अपने पति के साथ मिलकर छतरपुर के चार हाथों से लूट रहे हैं जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार जन आकांक्षाओं पर खरी उतर रही है और हमें उन्हें मजबूत करने की आवश्यकता है रंजीत जायसवाल ने कहा कि लोगों का रुझान झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं जब झारखंड से भाजपा का पूर्ण रूप से सफाया हो जाएगा। मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, सचिव मंजू देवी ,नजरुल अंसारी, कलीम अंसारी, अरविंद कुमार विश्वकर्मा, उमा देवी, रीना देवी, रामजी सिंह, अनिल सिंह, बुधन, राजू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडे के पोता के जन्मदिन पर काराकाट में लगा जमघट

अवधेश शुक्ला@प्रभात मंत्र

मेदिनीनगर : प्रसिद्ध समाजसेवी एवं सनातन धर्म के वाहक सह राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) के पोता के जन्मदिन पर चैनपुर प्रखंड के काराकाट गांव में शनिवार की रात लगा जमघट पलामू प्रमंडल में काफी चर्चा में है। प्रमंडल के विभिन्न क्षेत्रों से समारोह में आए गणमान्य व्यक्तियों का जमघट गुरु पांडे के बढ़ते जनाधार का संदेश दे रहा था। समारोह में झारखंड सरकार के पेयजल मंत्री मिथलेश ठाकुर, स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, विश्रामपुर विधानसभा के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शशीभूषण मेहता सहित लगभग सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की उपस्थिति देखी गई।वहीं प्रमंडल के बड़े व्यवसायी व संवेदकों की भी काफी संख्या नजर आई। जबकि काफी तादाद में ब्राह्मण परिवार इस समारोह की शोभा बढ़ा रहे थे।चैनपुर प्रखण्ड के ग्राम काराकाट बंदुआ में अर्जुन पांडेय के फार्म हाउस में आयोजित जन्मदिन समारोह की सजावट व भव्यता किसी फिल्मी दुनिया की तरह देखते बन रही थी।वहीं भोजपुरी की काफी चर्चित गायिका देवी का भजन भी मुख्य आकर्षण का केंद्र था।लोगों में इस बात की काफी चर्चा थी कि इस तरह का भव्य आयोजन आज तक किसी भी परिवार के द्वारा नहीं किया गया था। हालांकि लोग इसके बहुत मायने निकाल रहे हैं लेकिन इस संबंध में अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडे ने बताया कि अपने पुत्र का वैवाहिक रश्म वो कोरोना के दौर में सादगी से किए थे। और इसी की भरपाई करते हुए अपने पोता के प्रथम जन्मदिन पर इस समारोह का आयोजन किए हैं। पलामू में इस तरह की पहली पार्टी का आयोजन किया गया है जहां भीड़ रहने के बावजूद सभी काउंटर पर सुव्यवस्था नजर आ रही थी।

अपराधियों ने घर में घुसकर युवक को मारी गोली जांच में जुटी पुलिस

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में घर में घुसकर अपराधियों ने एक कारोबारी को गोली मार दी. गोली व्यक्ति के कान और कंधे के पास लगी है. गंभीर हालत में व्यक्ति को इलाज के लिए पलामू के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है और पूरे मामले की छानबीन कर रही है। घटना शनिवार की रात 10 बजे के करीब की है. पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के पुरनचंद चौक के पास वेदप्रकाश आर्य नामक व्यक्ति घर के अंदर कुछ काम कर रहे थे. इसी क्रम में कुछ लोगों ने घर का दरवाजा खटखटाया. वेदप्रकाश आर्य ने जैसे ही घर का दरवाजा खोला, अपराधियों ने घर में घुसकर उन्हें गोली मार दी. गोली की आवाज सुनने के बाद पड़ोसी और परिजन मौके पर पहुंचे। वेद प्रकाश आर्य मौके पर बेहोश पड़े हुए थे। परिजन उन्हें उठाकर निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज किया जा रहा है. परिजनों और मोहल्ले वासियों ने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी. घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन कर रही है।कुछ महीने पहले पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में प्रिंट रेट से अधिक में शराब बेचे जाने के मामले को लेकर विवाद हुआ था. इसी विवाद में दो चचेरे भाइयों को गोली मार दी गई थी। वेदप्रकाश आर्य उन्हीं दोनों के भाई हैं. यह गोली कांड भी उसी घटना से जोड़कर देखा जा रहा है. पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है और संदिग्ध आरोपियों के खिलाफ छापेमारी कर रही है. घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में कारोबारी अस्पताल में पहुंच गए हैं।

जनता की समस्याओं से रू ब रू होने का प्रयास है पंचायत संवाद कार्यक्रम : बीनू सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरा : हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह क्षेत्र के सभी पंचायतों में पंचायत संवाद कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ जनता की समस्याओं से रू ब रू होने का काम कर रहे हैं। रविवार को यह कारवां पिपरा प्रखंड के तेंदुई पंचायत के पिंजरही स्कूल परिसर में पहुंचा। पिंजरही में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुइयां ने की। इस मौके पर एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने पंचायत के एक एक गांव के कार्यकर्ता व जनता से गांव में विकास कार्यो की स्थिति जाना। समस्याएं भी सुनी। श्री सिंह ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह सभी को सम्मान देने के साथ साथ सभी क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए गांव गांव में अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचने के उद्देश्य से पंचायत संवाद कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिपरा में कार्यकर्ताओ को जनता के साथ जुड़कर उनकी समस्याओं को विधायक तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिससे आम लोगों का पार्टी से जुड़ाव हो सके। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। संगठन की मजबूती के साथ जनता की प्रखंड पंचायत स्तरीय समस्याओं का भी समाधान कराएं।

भगवान राम की भक्त शबरी समरसता की थी प्रतीक : चंद्रवंशी

➲विश्रामपुर के भंडार व लालगढ़ गांव के नवनिर्मित मंदिर में माता शबरी की प्रतिमा का हुआ अनावरण, कलाकारों की ओर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : विश्रामपुर प्रखंड के भंडार व लालगढ़ गांव में रविवार को माता शबरी मंदिर में भगवान श्री राम लक्ष्मण व माता शबरी की प्रतिमा स्थापित की गई। इसे ले भारी संख्या में शबरी समाज के लोगों ने पूजन कार्यक्रम करते हुए एक ऐतिहासिक दिन के साक्षी बने। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शबरी समाज के अजय भुइयां व संचालन नावा बाजार पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम, अशोक भुईयां व रामराज भुइंया ने संयुक्त रूप से किया। भगवान श्री राम, लक्ष्मण व माता शबरी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मौके पर भंडार व लालगढ़ गांव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज भुईयां, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी सहित पार्टी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, नगर मंडल प्रतिनिधि राजन पांडेय, उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटनकर्ता पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भंडार व लालगढ़ दोनों गांव में समाज के लोग शबरी मंदिर बनाने की मांग की थी। जिसकी दिशा में आगे बढ़कर मंदिर का निर्माण कराते हुए शबरी माता सहित भगवान राम व लक्ष्मण की प्रतिमा लगवाई गई। यह आगे भी जारी रहेगा। समाज में व्याप्त अशिक्षा को जड़ से मिटाने की संकल्प लेते हुए एक साहसिक निर्णय लेते हुए कहा कि बच्चे ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई करें। समाज के लोगों से कहा कि आप जहां भी चाहे शबरी मंदिर का निर्माण की दिशा में पहल करें निर्माण व मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा में बढ़चढ़ कर उनके द्वारा सहयोग किया जाएगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नव वर्षों के कार्यों पर प्रकाश डाला। पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि समाज की आराध्य देवी शबरी माता की प्रतिमा स्थापित कर स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने अनुकरणीय कार्य किया है। इनके साथ कदम से कदम मिलाकर समाज को चलना होगा। भुइंया समाज में अशिक्षा व पिछड़ापन एक बड़ी समस्या है। इसे दूर करने की दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना होगा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि भुइंया समाज को कल तक उपेक्षित रखा गया था। लेकिन स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ने समाज के लिए एक लकीर खिंचने का काम किया है। जरुरत समझ क्षेत्र में माता शबरी की मंदिर व प्रतिमा स्थापित की जा रही है। कल तक लोग केवल वोट के लिए समाज के नेताओं का उपयोग करते थे।

महुआ का पेड़ गिरने से छह व्यक्ति घायल

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): सदर थाना क्षेत्र के सुआ पंचायत के निराला टोला के पास रविवार को महुआ का पेड़ गिरने से छह व्यक्ति गम्भीर रूप घायल हो गये।इनमें से दो की हालत गंभीर बतायी जा रही है। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के बाद भी 2 लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, डीलर विनय सिंह रविवार की सुबह राशन वितरण कर रहे थे। ग्रामीण राशन लेने पहुंचे थे। भीड़ होने के कारण ग्रामीण महुआ पेड़ के नीचे बैठे थे. तभी अचानक पेड़ टूटकर गिर गयी और छह लोग घायल हो गये।

यज्ञ कराने हेतु ठाकुरबारी मंदिर परिसर में हुई बैठक

यज्ञ होने से समाज में आती है समृद्धि और नष्ट हो जाती हैं असुर शक्तियां : फलहारी बाबा

प्रभात मंत्र संवाददाता

छतरपुर : देवगन धाम मंदिर के पुजारी साकेत बिहारी दास उर्फ (फलहारी बाबा) के नेतृत्व में यज्ञ आयोजन को लेकर छतरपुर के ठाकुरबाड़ी मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संत साकेत बिहारी दास की उपस्थिति में श्री राम महायज्ञ कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया लोगों के बीच विचार रखते हुए बाबा ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से समाज मे आती है समृद्धि, और नष्ट होती है आसुरी शक्तिया। छतरपुर ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में श्री राम महायज्ञ नवाहपरायन की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। वहीं इस मौके पर प्रतिष्ठित व्यवसाई मनोज जायसवाल ने कहा कि छतरपुर में ऐसे पवित्र आयोजन की जरूरत भी है ताकि वातावरण स्वच्छ बन सके। अशोक सिंह ने भी यज्ञ के आयोजन पर बल दिया, वहीं अनिल सिंह ने मौजूदा छतरपुर की सामाजिक स्थिति के मद्देनजर यज्ञ के आयोजन को आवश्यक बताया। अरविन्द गुप्ता उर्फ चुनमुन ने कहा कि यज्ञ होने से इलाके से नकारात्मकता दूर होगी खुशहाली आएगी। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि आगामी कुछ महीनों बाद शरद ऋतु में यज्ञ का आयोजन कराया जाएगा। बताया गया कि यज्ञ के भव्य आयोजन हेतु अभी बैठकों का दौर चलेगा, स्थानीय सभी आम और ख़ास लोगों की सहमति और सहयोग से यज्ञ का भव्य आयोजन कराया जाएगा। इस मौके पर बैठक में मुख्य रूप से मनोज जायसवाल, बैजनाथ सिंह, रामनरेश सिंह, अरविन्द गुप्ता चुनमुन, अशोक सिंह, अनिल सिंह, सुनिल प्रसाद, मन्देया नदी मंदिर के पुजारी पहाड़ी बाबा, अनिल गुप्ता, सुनील प्रसाद, रामप्रसाद शर्मा, पंचम कुमार, ठाकुरबाड़ी मंदिर के पुजारी आशीष पाठक सहित कई लोग उपस्थित थे।

सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह भंडारा का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया.इसके बाद सामूहिक रूप से प्रातः कालीन विनती प्रार्थना, सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ किया गया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि भक्त का मन ईश्वर को प्राप्त करने के लिये बेहाल रहता है.भक्त के लिये ईश्वर ही सबकुछ होते है.भक्त केवल अपने गुरु को ही प्राप्त करना चाहते हैं.ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि मनुष्य को अपना कर्तव्य अवश्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह पूर्ण सत्य है कि कर्ता ही पाने की जननी होती है। श्री श्री ठाकुर जी का दीक्षा ग्रहण कर उनके द्वारा दिये गये निर्देशो का पालन करना चाहिये। सत्संगी माला दास ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी का दीक्षा लेकर यजन, याजन, इष्टभृति करने से विशेष अनुभूति प्राप्त होता है.उस अनुभूति से मनुष्य को ज्ञान प्राप्त होता है.यह सभी सत्संगी वृन्द के लिये आवश्यक है.अनिता सिन्हा ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रत्येक मनुष्य को थान कुनी का पता खाली पेट खाकर पानी पीना चाहिये.इससे शरीर का विष उत्सर्जी अंगों द्वारा बाहर निकल जाता है तथा शरीर मे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है। इसके साथ साथ सदाचार का पालन करना चाहिये.उन्होंने कहा कि सदाचार आध्यात्मिक, मानसिक व शारीरिक तीन प्रकार के होते हैं.तीनो सदाचार का पालन करने से मन व शरीर स्वस्थ रहता है.ऋत्विक शंकर सुमन दा ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी के द्वारा प्रदत्त सत्संग व सतनाम का पालन अवश्य करना चाहिये. सत्संग में अनुयायियों द्वारा भक्ति मूलक भजन भी प्रस्तुत किया गया.सत्संग के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया.सत्संग में प्रसाद व भंडारा की व्यवस्था चेचरिया निवासी सतवंती देवी द्वारा किया गया था।

शराब पीने जुआ खेलने, हत्या करने और न्यायालय में मुकदमा करने वाले की सम्पति प्रायः नष्ट हो जाती है : जीयर स्वामी

बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): साधन-संसाधन का उपयोग संस्कार, संस्कृति और धर्म के अनुसार होनी चाहिए। साधन और संसाधन का दुरुपयोग कतई नहीं होनी चाहिए। इनके उपयोग से धन, वैभव और प्रतिष्ठा बढ़ती है जबकि दुरुपयोग से धन ओर प्रतिष्ठा की हानि होती है। अपने साधन-संसाधन का दुरुपयोग करने वाले को समाज हेय भाव से देखता है। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में आत्मदेव और उनकी पत्नी धुंधली के प्रसंग की चर्चा करते हुए स्वामी जी ने कहा कि गृहस्थ आश्रम पुत्र होना चाहिए लेकिन मैं पुत्र प्राप्ति नहीं होने पर जीवन निरर्थक नहीं समझना चाहिए। उन्होंने पाप की चर्चा करते हुए कहा कि जाने अनजाने में हुए पाप का सत् संकल्प से मार्जन संभव है, लेकिन दुराग्रह के साथ किए गए पापों को अवश्य भोगना है। लोभ पाप का जन्मदाता है। जो मनुष्य रात-दिन पाप करता हो, निरंतर दुराचार सान्निध्य का संस्मरण करता हो और क्रोध की अग्नि में जलता हो, उसका भी उद्धार संभव है, बशर्ते वह सत सकल्प के साथ भागवत कथा का श्रवण करे और पुनः पाप न करे। भागवत कथा अनुष्ठान से सुनने पर कल्याण होता है। कथा सुनने के समय संसारिकता से अलग एकाग्रचित्त होने पर फल प्राप्ति होती है। भगवान की कृपा होने पर पति-पत्नी में मधुरता रहती है। यदि पत्नी कर्कशा हो और घर में बच्चों की किलकारी भी नहीं हो, तो सुख-शांति नहीं रहती । उन्होंने कहा कि जो पाप दुराग्रह के साथ हो, वह महापाप है। ब्राह्मण, गाय, परिजन और महापुरुषों की हत्या और विश्वासी के साथ विश्वासघात करना महापाप की श्रेणी में आता है। शराब पीने, जुआ खेलने, हत्या करने और न्यायालय में मुकदमा करने वाले की सम्पति प्रायः नष्ट हो जाती है। इन कारणों से प्राप्त गरीबी का समाज उपहास करती है, क्योंकि अपनी गरीबी और बेबसी का कारण भी ये स्वयं होते हैं। ऐसे लोगों के प्रति किसी का दयाभाव नहीं होता। ये साधन का दुरुपयोग और दुराग्रह युक्त पाप के भागी होते है। उन्होंने कहा कि मांस, मनुष्य के लिए उचित नहीं। मांस खाने के लिये परपोषी जीवों का कुतर्क नहीं देना चाहिए। मुनष्य के शरीर की संरचना परपोषी जीवों से अलग है।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

होनहार कार्यक्रम में सफल छात्राओं को किया गया सम्मानित

रांची। पहल स्वयंसेवी संस्था के द्वारा रांची प्रेस क्लब में हमारे होनहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 406 छात्राओं को मेडल में मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एक पहल स्वयंसेवी संस्था की निर्देशिका अंकिता वर्मा ने बच्चों को सम्मानित किया । इनके साथ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और प्रवक्ता ज्योति कुमारी और संस्था के सचिव शकील खान ने बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। छात्रों ने पढ़ाई के दौरान हुई कठिनाइयों से भी अवगत कराया। संस्था की निर्देशिका अंकिता वर्मा ने कहा कि हमारी संस्था लगातार ऐसे कार्य करती है , जिससे समाज में लोगों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो सके।कार्यक्रम का संचालन शाहिद ने किया।

नगर निगम फुटपाथ दुकानदारों का भय दोहन ना करें : पोद्दार

रांची। झारखंड राज्य खुदरा व्यापारी संघ के स मंत्री संजय पोद्दार ने नगर निगम प्रशासक से मांग करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने के पूर्व फुटपाथ दुकानदारों को दूसरे जगह व्यवस्थित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। नगर निगम के द्वारा शहर में फुटपाथ पर दुकान लगा कर अपना जीवन यापन करने वाले लोगों को हटाया जा रहा है, अभी बरसात का भी समय है ऐसे में छोटे-छोटे दुकानदार क्या करें। इन में सभी लोग गरीबी रेखा से नीचे के लोग हैं, जो रोज कमाते हैं रोज खाते हैं, चाहे वह सब्जी वाला हो, ठेला वाला हो या फिर चायवाला आखिर ये लोग कहां जाएंगे, क्या करेंगे ,ऐसे कई सवाल है, जिसे सरकार और प्रशासन को सोचना है । 1 लाख से ज्यादा फुटपाथ पर दुकानें होगी नगर निगम के पास मात्र 6 हजार दुकानदारों का ही लिस्ट है। वह भी 2016 में सर्वे हुआ था ,उसके बाद से नगर निगम द्वारा सर्वे ही नहीं हुआ है।

झारखंड में वर्ष 2019 से अब तक साइबर अपराध की 5103 वारदातें

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड में वर्ष 2019 से वर्ष 2023 में अब तक 5103 साइबर क्राइम की वारदातें हुई हैं। वर्ष 2023 में अब तक सबसे अधिक 102 साइबर क्राइम की वारदात राजधानी रांची में हुई है। हालांकि, आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में अब तक की तुलना में साइबर अपराध की घटनाएं कम हुई है। पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में साइबर अपराधियों ने 1343 वारदातों को अंजाम दिया है। इनमें धनबाद में 143, गिरिडीह में 41, हजारीबाग में 79, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 78, पलामू में 49, रांची में 478, साहिबगंज में 23, दुमका में 13, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 20, बोकारो में 42, लातेहार में 22, जामताड़ा में 68, सरायकेला में 43, सिमडेगा में नौ, रेल जमशेदपुर में एक, देवघर में 71, गोड्डा में 29,गुमला में 10, लोहरदगा में 10, चतरा में 32, गढ़वा में 20,कोडरमा में चार,खूंटी में 15, रामगढ़ में 30 और पाकुड़ में 13 शामिल है। वर्ष 2019 में साइबर क्राइम की सबसे अधिक 478 घटनाएं राजधानी रांची में हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2020 में 1242 साइबर क्राइम की वारदात हुई है। इनमें धनबाद में 77, गिरिडीह में 61, हजारीबाग में 93, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 64, पलामू में 44, रांची में 286, साहिबगंज में 18, दुमका में 36, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 28, बोकारो में 38 ,लातेहार में 38, जामताड़ा में 74,सरायकेला में 47, सिमडेगा में छह, देवघर में 94, गोड्डा में 27,गुमला में 27,लोहरदगा में 16,चतरा में 28,गढ़वा में 23,कोडरमा में आठ, खूंटी में 12, रामगढ़ में 67 और पाकुड़ में 30 शामिल है। वर्ष 2020 में सबसे अधिक राजधानी रांची में 286 साइबर क्राइम की घटनाएं हुई हैं।

वर्ष 2021 में साइबर क्राइम की 10 51 घटनाएं हुई है। इनमें धनबाद में 74, गिरिडीह में 35, हजारीबाग में 93, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)में 70, पलामू 33, रांची में 211, साहिबगंज में 20, दुमका में 33, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा)में 16, बोकारो में 29, लातेहार में 39 ,जामताड़ा में 76 , सरायकेला में 32, सिमडेगा में चार, रेल धनबाद एक, देवघर में 118, गोड्डा में 19 , गुमला में 23, लोहरदगा में चार, चतरा में 17 , गढ़वा में 17, कोडरमा में 25, खूंटी में सात, रामगढ़ में 41 और पाकुड़ में 14 शामिल है। वर्ष 2021 में सबसे अधिक राजधानी रांची में 211 साइबर क्राइम की वारदात हुई है।इ इसी प्रकार 2022 में पूरे राज्य में 1030 साइबर क्राइम की वारदात हुई है। इनमें धनबाद में 54, गिरिडीह में 54 ,हजारीबाग में 47, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 114, पलामू में 32 रांची में 255 ,साहिबगंज में 20, दुमका में 24, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 17, बोकारो में 24, लातेहार में 33, जामताड़ा में 78, सरायकेला में 16, सिमडेगा में 16 , देवघर में 94, गोड्डा में 25, गुमला में 16, लोहरदगा में 10, चतरा में 15, गढ़वा में 17, कोडरमा में 28, खूंटी में 10, रामगढ़ में 19 और पाकुड़ में 12 शामिल है। वर्ष 2022 में राजधानी रांची में सबसे अधिक 255 साइबरक्राइम की वारदात हुई है। वर्ष 2023 में अब तक साइबर क्राइम की 437 घटनाएं घटी हैं। इनमें धनबाद में 43, गिरिडीह 23, हजारीबाग 18, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)से 50, पलामू में 10, रांची में 102, साहिबगंज से छह, दुमका में 11, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में छह, बोकारो में सात, लातेहार में 23, जामताड़ा में 24, सरायकेला में 13, सिमडेगा में छह, रेल जमशेदपुर एक, देवघर में 12,गोड्डा में नौ , गुमला में 11, लोहरदगा में चार, चतरा में नौ, गढ़वा में 11, कोडरमा में छह, खूंटी में दो, रामगढ़ में 17 और पाकुड़ में 13 शामिल है।

सावन के पहले सोमवार पर फूलों से सजाए गए पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालय

प्रभातम मंत्र संवाददाता

रांची : राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में सावन की पहली सोमवारी को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। सावन का पहला सोमवार 10 जुलाई को है। पहाड़ी मंदिर, चुटिया के सुरेश्वर धाम, कोकर शिव मंदिर, बरियातू, लालपुर, पंडरा, हिनू, बूटी मोड, धुर्वा सहित अन्य शिवालयों को आकर्षक रूप से फूलों से सजाया गया है। साथ ही आकर्षक लाइट्स भी लगाई गई हैं। सावन के पहली सोमवारी को लेकर सभी शिवालयों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। खासकर पहाड़ी मंदिर में सीसीटीवी और महिला और पुरुष बलों की तैनाती की गई है। इसके अलावा सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर राजधानी रांची में लगभग दो हजार पुलिस कर्मियों को लगाया गया है। एसएसपी किशोर कौशल ने रविवार को बताया कि सावन की पहली सोमवारी को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। इसके अलावा सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।

पश्चिम बंगाल की तरह झारखंड में भी सत्ता-पुलिस गठजोड़ का आतंक : मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को हेमंत सरकार पर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार की तर्ज पर सत्ता पुलिस गठजोड़ के जरिए राज्य को आतंकित करने का आरोप लगाया। मरांडी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की दुर्गति में सत्ताधारियों के साथ वहां के कुछ अधिकारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पुलिस-सत्ता गठजोड़ से किये गये अत्याचार एवं आतंक से जुड़े छोटे-बड़े एक दर्जन मामलों की जांच उच्च न्यायालय के आदेश से सीबीआई कर रही है। झारखंड भी इसी रास्ते पर है। उन्होंने झारखंड के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि आपने सत्ता के शह पर पाप करने वाले अधिकारियों का हश्र देख लिया है। कोई जमानत को तरस रहा है तो कोई जेल में तड़प रहा है। उनके परिवारवालों की क्या हालत होगी? यह बताने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गर्दन बचाने की चिंता से डरे हैं। उनमें इतनी भी हिम्मत नहीं बची कि वे अबतक पकड़े गये अपने उनलोगों के प्रति संवेदना का एक शब्द भी अपने मुंह से निकाल सकें जो उनके हिसाब से गलत काम करने के चलते जेल में हैं। मरांडी ने कर्मठ अधिकारियों से निवेदन करते हुए कहा कि आप राज्य के सत्ताधारियों की चोरी, डकैती, अपराध, घोटाले और षड्यंत्र के काम में साझेदार न बनें। क्योंकि, जब जांच स्वतंत्र एजेंसियां गर्दन पकड़ती हैं तो बचाने वाला कोई नहीं होता।

झारखंड के मानस ने नेशनल कैडेट जूडो चैंपियनशिप में दिलाया रजत पदक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। कर्नाटक में पांच जुलाई से चल रही नेशनल कैडेट जूडो चैंपियनशिप 2023 में झारखंड को रविवार को एक रजत पदक मिला। इस प्रतियोगिता में 81 किग्रा वर्ग में मानस ने फाइनल बाउट में राजस्थान के प्लेयर को हरा कर यह मेडल जीता। इससे पूर्व उसने हरियाणा, मणिपुर और दिल्ली के प्लेयर को परास्त कर फाइनल का सफर तय किया था। प्रतियोगिता का समापन 10 जुलाई को होगा। मानस के प्रदर्शन पर झारखंड जूडो संघ के अध्यक्ष केएन त्रिपाठी एवं महासचिव परीक्षित तिवारी ने शुभकामनाएं दी हैं। उम्मीद जताते कहा कि इससे भविष्य में झारखंड

के लिए दूसरे और भी बच्चे पदक लाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। परीक्षित तिवारी के मुताबिक झारखण्ड जूडो संघ के निरंतर प्रयासों से झारखंड के प्लेयर नेशनल लेवल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य को मेडल दिलवा रहे हैं।

आने वाले समय में संघ अपने प्रयासों से देश को झारखंड राज्य से ओलंपिक लेवल में पदक दिलाने दिलाने की लिए प्रयासरत है।

यूसीसी आदिवासियों के लिए जीव का जंजाल है : शिवा कच्छप

शिवा कच्छप ने कहा कि जिस तरह से आदिवासियों पर अत्याचार हो रही है ,अगर समय रहते आदिवासी एकजुट नही होते है तो आने वाला दिन में आदिवासियों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के तत्वावधान में प्रधान कार्यालय डेम पार्क कांके रोड रांची में प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई, बैठक का संचालन बसंती कुजूर ने किया । बैठक का अध्यक्षता करते हुए केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि जिस तरह से आदिवासियों पर अत्याचार हो रही है ,अगर समय रहते आदिवासी एकजुट नही होते है तो आने वाला दिन में आदिवासियों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा , मध्यप्रदेश में जिस तरह से आदिवासी के उपर भाजपा पार्टी के नेता पेशाब कर रहा है । ये अशोभनीय है, इसकी जितने भी निन्दा किया जाएं कम है । यूसीसी सामान नागरिक सहिता कोड लागू हो जाता है, तो हमरा समाजिक परंपरा रिती रिवाज, हक अधिकार, धर्म , आरक्षण , समाजिक व्यवस्था इत्यादि समाप्त हो जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से अनिता उरांव, संगीता गाडी, महादेव उरांव, सती तिर्की, कुईली उरांव, बसंती कुजूर, भानू उरांव, रीता खलखो, नीलम उरांव, अन्नु मुंडा, बितो तिर्की, सीटीओ उरांव, पार्वती टोप्पो, मीणा गाड़ी, गुड्डी उरांव, कुलदीप उरांव, इत्यादि शामिल थे।

अब जल्द ही रिम्स में 20 करोड़ की लागत से बने विश्राम गृह का उपयोग कर सकेंगे तीमारदार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रिम्स के मरीजों के तीमारदारों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें रात बिताने के लिए रैन बसेरा या फिर किसी निजी होटल में नहीं जाना पड़ेगा। लगभग 20 करोड़ की लागत से बना विश्राम गृह अब बनकर तैयार हो गया है। अब कुछ ही दिनों में एनटीपीसी और ऊर्जा विभाग के सहयोग से बन रहे विश्राम गृह की शुरुआत हो जाएगी। रिम्स के अधीक्षक डॉ हीरेन बिरुआ और उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी ने बताया कि विश्राम गृह को अंतिम

रूप दिया जा रहा है। कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा और रिम्स में आने वाले तीमारदारों को राहत मिलेगी। 15 जुलाई से शुरू हो रहे विश्राम गृह को लेकर रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि एनटीपीसी के सीएसआर फंड से रिम्स में आने वाले गरीब परिजनों के लिए यह विश्राम गृह बनाया जा रहा है। रिम्स में विश्राम गृह का भवन बनकर पूरी तरह से तैयार है। अब भवन के अंदर इलेक्ट्रिसिटी और पानी की कनेक्शन को लेकर संबंधित विभाग के लोगों को निर्देश दे दिया गया है। बिजली और पानी की सुचारू करने को लेकर संबंधित विभाग के लोग तेजी कार्य में लगे हुए है। विश्राम गृह में तीमारदारों के रहने के अलावे उनके खाने-पीने के भी इंतजाम किए जाएंगे। साथ ही प्रत्येक तीमारदारों के लिए कपड़े या फिर अन्य महत्वपूर्ण सामान रखने के लिए अलमारी भी बनाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास और ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के द्वारा वर्ष 2019 में इस विश्रामगृह का शिलान्यास किया गया था।

बाइक में चाबी छोड़कर चोरों की मदद न करें : थाना प्रभारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: त्योहार के मौसम में थानाक्षेत्र में मोटरसाइकिल की चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए डेलीमार्केट के थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने अनोखी पहल की है। इसके तहत उनके द्वारा सुरक्षा उपाय संबंधी पंपलेट और पोस्टर को टैक्सी स्टैंड के आसपास में जगह जगह चिपकाया गया है । थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि- जब तक जनता जागरूक नही होगा । तब तक कोई भी घटना को पूर्ण रूप से

नही रोका जा सकता है, घटनाओ को पूर्णत रोकने के लिए जनताओ में जागरूकता, बुद्धिमत्ता और सतर्कता होनी जरूरी है। किसी की भी मोटर साइकिल अथवा बाइक चोरी न हो पुलिस का ये हमेशा प्रयास रहेगा।इस पंपलेट/पोस्टर में लिखा है मोटरसाइकिल तथा गाडियों को निर्धारित स्टैंड में रखने, हैंडल लॉक करने, वाहनों को जहां तहां खड़ा नहीं करने, वाहनों की सुरक्षा खुद करने, गाड़ी में चाबी छोड़कर चोरों को मदद नहीं करने, गाड़ी रखने की जगह स्टैंड है सड़क नहीं, आपके एक सुरक्षित कदम से चोरी की घटनाओं को रोका जा सकता है, लापरवाही ही आपके बाइक चोरी का मुख्य कारण है, सतर्कता ही बचाव है जैसी बातें लिखी हैं।इस मौके पर पुअनि प्रदीप केशरी, सअनि कुमोद कुमार सिंह, मुंशी अहसान अहमद, टेक्सी स्टेण्ड के मो अकबर उर्फ मुन्ना, सकील एवं पुलिस बल शामिल थे।

सुबोध कांत सहाय झारखंड आंदोलनकारी के रूप में हुए चिन्हित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में पूर्व मंत्री भारत सरकार सुबोध कांत सहाय को झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित किए जाने पर हार्दिक बधाई दी गई । सुबोध कांत सहाय को माला पहनाकर एवं बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया । झारखंड आंदोलनकारियों को पूर्व मंत्री सुबोध कांत सहाय ने बताया कि झारखंड आंदोलन को झारखंड अनेक क्षेत्र में जहां झारखंड आंदोलन के बारे में जानकारी एवं संलिप्ता के बराबर थी। वहा भी आंदोलन खड़ा करने मैं अपनी

महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया सहाय ने में आगे बताया कि झारखंड अलग राज्य की मांग को सरकारी स्तर पर बिहार विधानसभा या केंद्र सरकार के विभिन्न मंचों में झारखंड अलग राज्य की वकालत किया। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि पूर्व मंत्री भारत सरकार सुबोध कांत सहाय को आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित किए जाने पर हार्दिक बधाई देते हुए बताया कि झारखंड अलग राज्य के निर्माण में सुबोध कांत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जिसे झारखंड सरकार के गैजेट में भी प्रकाशित किया जाए एवं झारखंड सरकार सुविख्यात आंदोलनकारी के रूप में विशेष सम्मान देकर सम्मानित करें। मुख्य रूप से नीरज कुमार ग्रोवर, विनीता खलखो, ऐरेन कच्छप, आसिफ,अफसर, आकाश सहाय, गोपाल महतो, आदम मुंडा, गणेश दास आदि शामिल थे।

नर्सिंग होम ने ट्रैफिक पुलिस के जवानों को दिया चश्मा

रांची : शहर के डंगराटोली चौक स्थित सरजू नर्सिंग होम ने रविवार को सीएसआर फंड से ट्रैफिक पुलिस के जवानों के बीच एविएटर सनग्लास (चश्मा) का वितरण किया गया। इस मौके पर ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमा, डीएसपी जीतवाहन उरांव सहित लालपुर थाना प्रभारी ममता कुमारी और नर्सिंग होम के लोग मौजूद थे।

एबीवीपी ने मनाया 75वां स्थापना दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने रविवार को झारखंड प्रान्त कार्यालय में 75वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रांत कार्यालय में ध्वजारोहण एवं विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर मंत्री रोहित शेखर ने की।

झारखंड प्रांत प्रमुख डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि एबीवीपी ने अपने स्थापना काल से छात्रों तथा राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते आ रही है। अपनी 75 वर्षों की यात्रा में एबीवीपी ने एक लंबा रास्ता तय करते हुए देश को राजनीति, पत्रकारिता, शिक्षा आदि क्षेत्रों में

कार्य कर रही चरित्रवान तथा देश के बारे में सोचने वाली पीढ़ी तैयार की है। हम आने वाले वर्षों में देश और मनुष्यता के लिए नई पीढ़ी के साथ नई ऊर्जा के जरिये अच्छा कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि परिषद बांग्लादेशी अवैध घुसपैठ का मामला हो, जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाने की बात हो, सभी में परिषद समय-समय पर आन्दोलन चलाता रहा है। बांग्लादेश को तीन बीघा जमीन देने के विरुद्ध परिषद ने ऐतिहासिक सत्याग्रह किया था । उन्होंने इस अवसर पर सभी को बधाई दी।

महानगर अध्यक्ष प्रो उमेश कुमार ने कहा कि परिषद की स्थापना नौ जुलाई 1949 को हुआ था। एबीवीपी स्थापना दिवस को राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मनाती है। विद्यार्थी परिषद छात्रहित के साथ साथ राष्ट्रहित में कार्य करती है । विद्यार्थी परिषद शिक्षा के व्यवसायीकरण के खिलाफ सदैव आवाज उठाती रही है। अलगाववाद, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण, आतंकवाद और भ्रष्टाचार जैसी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के खिलाफ हम लगातार संघर्षरत रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन महानगर मंत्री रोहित शेखर ने की। इस मौके पर आनंद ठाकुर, शशांक राज, संजय महतो, अटल पांडेय, आशुतोष सिंह, विशाल सिंह, अवधेश ठाकुर, किरण कुमारी, निवास मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

सेवानिवृत्त जस्टिस की जमीन कब्जा करने वाले के घर लगा इश्तेहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस मरहूम युसूफ इकबाल की जमीन पर बाउंड्री तोड़कर कब्जा करने के मामले में शनिवार कै लोअर बाजार थाने की पुलिस ने तीन आरोपियों के नाम जिसमें हिंदपीढ़ी के पप्पू गद्दी, सांजा गद्दी व सामो के घर में इश्तेहार का तामेला किया है। इश्तेहार लगने से पहले पुलिस ने ढोल-नगाड़े पीटकर आरोपियों को आत्मसमर्पण करने को कहा गया है। बता दें कि इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी एवं गृह विभाग से जवाब मांगा है। अदालत ने कहा कि शहर के बीचो-बीच दिन के उजाले में भू माफियाओं का जमीन पर कब्जा करना बेहद गंभीर मामला है। जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा के कोर्ट ने इस मामले को सुनवाई के लिए चीफ जस्टिस के कोर्ट में भेज दिया है। अदालत ने इस मामले की सुनवाई 18 जुलाई को होगी।

क हो चुका है गिरफ्तार: भू माफियाओं ने सुप्रीम कोर्ट के

सेवानिवृत्त जस्टिस मरहूम युसूफ इकबाल की जमीन हड़पने कोशिश की थी। इसको लेकर लोअर बाजार थाना में जमीन की देखरेख के लिए प्रतिनियुक्त हवलदार जैनुल अंसारी ने रविवार 25 जून को मामला दर्ज कराया था, प्राथमिकी में कहा गया है कि रविवार की सुबह लगभग 8.30 अचानक 20-25 अज्ञात लोग मजदूर,ईंट,बालू,सिमेंट साथ लेकर आए जमीन पर बनी दीवार को तोड़ने लगे।

इसी दौरान लोअर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची, तो सभी लोग मौके से भाग गए। हालांकि पुलिस ने जुनैद रजा को गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही घटनास्थल से दो बाइक, ईंट व अन्य काम में करने वाले समान को जब्त किया गया था।

आंदोलनकारियों को सम्मान राशि के रूप में मिलना चाहिए : विद्युत वरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा पूर्वी सिंहभूम का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी 18 सूत्री मांगों को लेकर सांसद विद्युत वरण महतो से मुलाकात की। सांसद विद्युत वरण महतो ने आंदोलनकारियों की मांगों को उचित बताते हुए कहा कि राज्य सरकार आंदोलनकारियों के प्रति गंभीर हो उनकी जायज मांगों पर ठोस पहल की जाए और जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए प्रत्येक आंदोलनकारी को समान रूप से राज्य गठन की तिथि से मान-सम्मान पहचान एवं सम्मान राशि 50- 50 रु. हजार दिए जा सकते हैं। झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारियों के त्याग बलिदान संघर्ष व शहादत के बल पर हुआ है, इसलिए आंदोलनकारियों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी मैं स्वयं झारखंड आंदोलनकारी हूं मेरे नेतृत्व में हजारों हजार लोग अलग राज्य के आंदोलन में सक्रियता से भाग लिए हैं। पूर्वी सिंहभूम के क्षेत्र में निर्मल महतो, रतीलाल महतो, सुनील महतो आंदोलनकारी मनबोध महतो, चीतो महतो, शरद चंद्र महतो ,विश्वजीत प्रमाणित, किशोर मोहन गोप, अमर चौधरी गोप, दुर्योधन महतो, राचु मुर्मू, मलिद्र सिंह, रामनाथ महतो, रवि गोप सहित अन्य प्रमुख थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, सोमवार, 10 जुलाई 2023 | पेज 4

प्रबंधन में बैठे अधिकारी विस्थापित-प्रभावितों के हितैषी नहीं : रोशन लाल चौधरी

पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता): पीवीयूएनएल के विस्थापित प्रभावितों की बैठक पीटीपीएस सरना स्थित काली मन्दीर के प्रांगण में हुई।जिसकी अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद ने किया इस बैठक में आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सह बडकागांव विस प्रभारी रोशन लाल चौधरी जिला पार्षद राजाराम प्रजापति भाजपा नेता दुर्गाचरण प्रसाद आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो बलकुरा पंचायत मुखिया बिजय मुंडा पूर्व मुखिया अमरनाथ महतो शामिल हुए। बैठक में चर्चा की गई कि पीवियूएनएल के निर्माणाधीन पावर प्लांट के अन्दर बिना सूचना के स्थाई बहाली विस्थापित प्रभावितों के लिए बहुत बडा चिंता का कारण बन गया है।बैठक को संबोधित करते हुए रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बिना संघर्ष के अधिकार नहीं मिलेगा । पीवीयूएनएल के विस्थापित प्रभावित विरोधी पॉलिसी के खिलाफ़ अब आर-पार की लडाई लड़नी है। क्योंकि प्रबंधन में बैठे अधिकारी यहाँ के विस्थापित प्रभावितों का हितैषी नहीं है।आगे कहा गया कि प्लांट प्रमुख सीईओ साहब को मोर्चा द्वारा प्रेषित पत्र पर सकारात्मक पहल करते हुए शीघ्र मीटिंग बुलानी चाहिए। ताकि प्रबंधन के समक्ष मोर्चा अपनी बातों को रख सकें । वहीं संयुक्त रूप से निर्णय लेते हुए कहा गया कि इस गम्भीर बिषय पर शीघ्र मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल स्थानीय सांसद माननीय जयन्त सिन्हा गिरिडीह के सांसद माननीय चन्द्र प्रकाश चौधरी और स्थानीय विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद से मिलकर उन्हें प्रबंधन की मनमानी के सम्बन्ध में अवगत कराया जाएगा ।

कार व स्कूटी की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र के राँची गुमला मुख्य मार्ग पर रविवार को पलमा गांव के समीप कार व स्कूटी की सीधी टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क को करीब एक घंटा जाम रखा। जानकारी के मुताबिक बेड़ो से रांची की ओर जा रही कार ने पलमा के समीप रांची की ओर से आ रही स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे स्कूटी सवार पलमा निवासी सुमित कच्छप (19 वर्ष) पिता पंचू उरांव की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम को इटकी थाना प्रभारी अमित प्रशांत, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया रमेश महली व विधायक प्रतिनिधि घोमा सिंह ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम को हटवाया व अंतिम संस्कार के लिए तत्काल पांच हजार रुपये की सहता राशि प्रदान की ।

आम आदमी पार्टी की बैठक संपन्न

जयनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र स्थित डंडाडीह पावर हॉउस के पास आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दामोदर यादव की अध्यक्षता में एक बैठक हुई. इस बैठक में जयनगर थाना में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ चर्चा की गयी. जिलाध्यक्ष दामोदर यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि जयनगर थाना पूरी तरह से भ्रष्टाचार में संलिप्त है. इस थाना में आवेदन देने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं किया जाता है. इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है. कहा कि जब कोई पीड़ित थाना में आवेदन देने जाता है तो उसे गाली-गलौज कर भगा दिया जाता है. समाजसेवी राजकुमार पासवान को भी जाति सूचक शब्द से भी संबोधित किया गया था. इसको लेकर स्थानीय विधायक अमित यादव ने विधानसभा में भी आवाज उठायी थी. लेकिन इस पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी.

नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के गुमों में एक नवविवाहिता ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद मौके पर तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार दल बल के साथ पहुंचे और मामले की जांच शुरू की इस दौरान जांच में प्रथम दृष्टि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ सामने आया है, नवविवाहिता की पहचान मनीषा कुमारी उम्र 19 वर्ष पिता नरेश कुमार कुशवाहा घूमो निवासी के रूप में हुई है मिली जानकारी के अनुसार 11 जून को मनीषा कुमारी की शादी उरवां के संदीप कुमार से हुई थी। 2 दिन पहले मनीषा कुमारी अपने मायके आई थी इसके बाद अपने कमरे में फांसी लगा लिया परिजनों को इसकी जानकारी तब लगी जब मनीषा कुमारी के पति संदीप कुमार उससे मिलने मायके पहुंचे, तो उन्हें जानकारी मिली कि मनीषा अपने कमरे में है इसके बाद काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की की तरफ से देखने पर मनीषा अपने कमरे में फांसी के फंदे पर झूलती हुई पाई गई ।

केनरा रोबेको मल्टी कैप फंड लॉन्च

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत के दूसरे सबसे पुराने म्यूचुअल फंड, केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड ने केनरा रोबेको मल्टी कैप फंड लॉन्च किया। इस समाधान का उद्देश्य बड़े, मध्य और छोटे-कैप शेयरों में विविध निवेश के माध्यम से दीर्घकालिक पूंजी प्रशंसा उत्पन्न करना है, जिससे निवेशकों को इक्विटी बाजारों की ताकत से लाभ होगा। यह फंड बड़े, मध्य और छोटे-कैप शेयरों को वर्गीकृत करते हुए, बेंचमार्क के रूप में निफ्टी 500 मल्टीकैप इंडेक्स टीआरआई का उपयोग करता है। नया फंड बाजार पूंजीकरण की एक विस्तृत श्रृंखला वाली कंपनियों में निवेश करता है, जिसमें समग्र जोखिम को कम करते हुए मजबूत रिटर्न प्राप्त करने के लिए सक्रिय पोर्टफोलियो प्रबंधन और विविधीकरण पर जोर दिया जाता है। मल्टी-कैप फंड की न्यूनतम इक्विटी एक्सपोजर सीमा 75% है, जिसमें बड़े, मध्य और छोटे-कैप शेयरों में अधिक वजन रखने की सुविधा है।

माईग्लैम ने बॉलीवुड फिल्म के साथ की साझेदारी

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत के अग्रणी सौंदर्य ब्रांड माईग्लैम ने रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अभिनीत बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए आधिकारिक सौंदर्य भागीदार के रूप में अपने विशेष विपणन सहयोग की घोषणा की है। यह पात्रों पर अपने बहुमुखी मेकअप उत्पादों का प्रदर्शन करेगा, उनकी सुंदरता दिखाएगा और कहानी को जीवंत करेगा। समावेशी रंगों और फॉर्मूलेशन की एक श्रृंखला के साथ, माईग्लैम विविध त्वचा टोन और प्रकारों को पूरा करता है। प्रतिष्ठित साझेदारी सौंदर्य और सिनेमा को जोड़ती है, प्लग्लैम अप लाइक रॉकी और रानी अभियान को बढ़ावा देती है। ब्रांड का हस्ताक्षर अभियान, प्लग्लैमअपलाइकएस्टार, सेलिब्रिटी-प्रेरित मेकअप लुक बनाने में अपनी विशेषज्ञता प्रदर्शित करता है, व्यक्तियों को उनकी अद्वितीय सुंदरता को अपनाने और उन मशहूर हस्तियों की तरह चमकने के लिए सशक्त बनाता है जिनकी वे प्रशंसा करते हैं।

रमेश सिंह मुंडा का शहादत दिवस मनाया गया

बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता): रांची जिला अंतर्गत बुंडू में शहीद रमेश सिंह मुंडा के आवास में रविवार को शहादत दिवस मनाया गया इस दौरान शहीद रमेश सिंह मुंडा की धर्म पत्नी बसुंधरा देवी, पुत्र विकास मुंडा (तमाड़ विधायक), पुत्र राजकुमार मुंडा, पुत्रवधू गरिमा सिंह,पोती, बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार साव, नवनियुक्त बुंडू थाना प्रभारी, बुंडू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि हर्षवर्धन शर्मा, तमाड़ प्रखंड पुर्वी विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, अड़की प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल,मेथा पाल,उमेश महतो और सैकड़ों की संख्या तमाड़ विधायक के समर्थक शहीद रमेश सिंह मुंडा को चाहने वाले बुंडू तमाड़ और अड़की की जनता ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ तमाड़ अड़की और तैमारा में भी झारखंड सरकार के पुर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ज्ञात हो की रमेश सिंह मुंडा का जन्म बुंडू के चिरूडीह गांव में 11 नवम्बर 1955 को हुई थी बचपन से ही तेजतर्रार रमेश सिंह मुंडा ने कांग्रेस पार्टी से राजनीतिक जीवन की शुरुआत की, फिर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मछली छाप से चुनाव लड़ें, फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा से चुनाव लड़ें,समता पार्टी से चुनाव लड़ें और जदयू से चुनाव लड़ें तमाड़ से दो बार विधायक बने झारखंड सरकार में मध निषेध मंत्री और कल्याण मंत्री बने।

इसी माह शुरू होंगी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खलारी के नए भवन में कक्षाएं

2015 से हो रहा दाखिला, पांच साल से तैयार है नया भवन

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : खलारी में निर्मित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के भवन में इसी महीने कक्षाएं शुरू हो जाएंगी. यह जानकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) सरवरीनाथ चौरसिया ने दिया है. इसे लेकर तैयारी शुरू कर दिया गया है. बालिका हास्टल के लिए बेड, रसोई के लिए संबंधित आवश्यक वस्तुएं, शैक्षणिक उपस्कर तथा व विद्यालय की कक्षाओं के लिए बेंच डेस्क सहित आवश्यक उपस्कर सुनिश्चित किए जा रहे हैं. बीपीओ ने बताया कि वर्तमान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खलारी में करीब 300 छात्राओं का दाखिला है और सभी बुंडू स्थित विद्यालय में पढ़ रही हैं. खलारी में कक्षा शुरू होते ही बुंडू में पढ़ रही सभी छात्राओं को खलारी बुला लिया जाएगा.

वर्ष 2015 से हो रहा खलारी की बालिकाओं का दाखिला : कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, गरीब, असहाय कमजोर वर्ग की बालिकाओं को पढ़ाया जाता है. वर्ष 2009 में खलारी प्रखंड बनने के साथ ही यहां कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय प्रस्तावित हो गया था.बिना भवन के ही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, खलारी के नाम पर वर्ष 2015 से बालिकाओं का नामांकन किया जाने लगा. खलारी के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन कराने वाली बच्चियों को शुरू में दो साल नामकुम तथा इसके बाद से बुंडू स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पढ़ाया जा रहा है. खलारी में करीब आठ करोड़ की लागत से विद्यालय व हास्टल के नए भवन का निर्माण किया गया. करीब पांच वर्ष पूर्व से नए भवन का निर्माण होकर पड़ा हुआ है. निकट के बस्ती के लोगों के विरोध के कारण विद्यालय का चारदीवारी नहीं बन सका.इसी वजह से इस विद्यालय भवन का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा था. परंतु अब सरकार की ओर से निर्णय लिया गया है कि इसी हाल में विद्यालय में कक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी.

खलारी भाजपा ने उपायुक्त को लिखा था पत्र : भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने एक जून को उपायुक्त को पत्र देकर खलारी में नवनिर्मित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के भवन में कक्षाएं शुरू करने का मांग किया था. शर्मा ने बुंडू में पढ़ रही खलारी की छात्राओं के अभिभावकों की परेशानियों से उपायुक्त को अवगत कराया था तथा खलारी के भवन में कक्षाएं शुरू कराने का आग्रह किया था.

पिपरवार पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर तीन लाल वारंटी को किया गिरफ्तार

पिपरवार : चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर पिपरवार पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर फरार चल रहे तीन स्थायी (लाल) वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि उक्त वारंटी न्यायालय में लंबित विभिन्न आपराधिक मामलों में हाजिर नहीं होने पर अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट कुर्की का आदेश जारी हुआ था।जिसमें से तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार वारंटियों में 36 वर्षीय राजू महतो उर्फ़ राजेश महतो पिता स्वर्गीय लालदेव महतो,33 वर्षीय टिकेश्वर महतो पिता बंधन महतो दोनों साकिन हफुवा थाना पिपरवार और 32 वर्षीय सुरेंद्र गंझु उर्फ़ सूटिया उर्फ़ सुशांत भोक्ता पिता मंगल गंझु साकिन बरवाटोला थाना पिपरवार का नाम शामिल है। तीनों को न्यायिक् हिरासत में भेज दिया गया है।पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार ने बताया कि अन्य फरार वारंटी की गिरफ्तारी के लिए पिपरवार पुलिस का यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।छापामारी अभियान में पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार,अवर निरीक्षक रुपेश कुमार महतो के साथ थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

भाजपा युवा नेता ने बाबूलाल मरांडी को दी बधाई

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): खलारी के भाजपा युवा नेता यशसिंह परमार ने प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष सह विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर उन्हें बधाई व शुभकामना दिया. यश ने कहा कि बाबूलाल जी को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने से कार्यकर्ता उत्साहित हैं.संगठन मजबूत होगा और आगामी चुनावों में भाजपा और बेहतर प्रदर्शन करेगी.

एसपीएल मैच सिल्ली सुपर किंग्स ने 2 रन से जीता

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): मुरी हिंडाल्को मैदान में चल रहे 8वां एसपीएल प्रतियोगिता में हिडांलको वारियर्स एवं सिल्ली सुपर किंग्स के बीच खेला गया। जिसमे सिल्ली सुपर किंग्स ने हिडांलको वारियर्स को 2 रन से हरा दिया। हिडांलको वारियर्स ने टॉस जीतकर बल्ले बाजी करने का फैसला लिया । हिडांलको वारियर्स ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओभर में 9 विकेट खोकर कुल 114 रन बनाया वहीं सिल्ली सुपर किंग्स ने जवाबी पारी खेलते हुए 10.5 ओभर में 8 विकेट खोकर कुल 116 रन बना लिया। जिससे सिल्ली सुपर किंग्स 2 रन से मैच जीत लिया! खेल में मैन ऑफ द मैच एवं वेस्ट बॉलर के रुप मे सिल्ली सुपर किंग्स के निर्मल को दिया गया। बेस्ट कैच का पुरस्कार सिल्ली सुपर किंग्स का महेंद्र को दिया गया।

डायन बिसाही को लेकर जागरूकता अभियान

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): टाटी सिल्वे थाना क्षेत्र अंतर्गत होरहाप में डायन बिसाही कुप्रथा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें मुखिया संदीप तिर्की,ग्राम प्रधान किस्टो कुजुर, थाना प्रभारी महेंद्र करमाली,दिनेश महतो एवम समाज के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। ग्रामीणों की उपस्थित में बच्चो को कॉपी, पेन ओर चॉकलेट देकर उत्साह बढ़ाया गया। वक्ताओ ने ग्रामिणो से कहा कि यह कुप्रथा को पनपने नही देना है, नही तो यह परिवार एवम समाज को खोखला कर देता है।

एक सप्ताह के अंदर मिलने लगेगा फिल्टर प्लांट से पानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : खलारी के बुकबुका महावीरनगर स्थित वाटर फिल्टर प्लांट से एक सप्ताह के अंदर जलापूर्ति शुरू हो जाएगा. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग पश्चिमी के कार्यपालक अभियंता आनंदकुमार सिंह ने बताया है कि अगले सप्ताह लोगों को पानी मिलने लगेगा. उन्होंने बताया कि चूकि प्लांट हैंडओवर हो चुका है इसलिए बिजली विभाग सीधे ट्रांस्फर्मर नहीं बदल सकता है. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग इसे लगाएगा. बताया कि उन्होंने मेकैनिकल को पत्र दे दिया गया है. संभवतः सोमवार को प्राक्कलन बना दिया जाएगा. इसके बाद स्वीकृति दी जाएगी और उपयुक्त क्षमता का ट्रांस्फर्मर लगा दिया जाएगा.मालूम हो कि खलारी के पांच पंचायतों में विगत करीब डेढ़ महीने से पानी का सप्लाई बंद है.गर्मी में सपही नदी में पानी नहीं होने के कारण लोगों को पानी नहीं मिल सका.इधर वर्षा के बाद नदी में पानी आया तो प्लांट के इंटक वेल का ट्रांस्फर्मर ही जल गया.हाल ही में जेबीवीएनएल द्वारा ट्रांस्फर्मर बदला भी गया. परंतु सही जानकारी के अभाव में पूर्व में लगे 160 केवीए की जगह मात्र 63 केवीए का ट्रांस्फर्मर लगा दिया गया. क्षमता कम होने के कारण इंटक वेल में लगा 80 एचपी का मोटर इससे स्टार्ट ही नहीं हुआ. खलारी बीडीओ लेखराज नाग ने भी विभाग के कार्यपालक अभियंता से बात किया है, ताकि पांच पंचायतों की जलापूर्ति शुरू हो सके.

पिपरवार में हुई रैयत विस्थापित ट्रक मालिक व कोयला लिफ्टरो की बैठक

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत भवन मे रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित ट्रक मालिकों और कोयला व्यवसाय की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विजय कुमार महतो और संचालन जितेंद्र कुमार ने किया।इस बैठक मे पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित ट्रक मालिकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार दिलाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2020-21 में तय किए गए भाड़ा का भुगतान करने पर सहमति बनी।इसके साथ ही पेपर खर्च 1000 और अनलोडिंग कराने का 500 रूपये लेने पर सहमति बनी। साथ ही कोयला उठाव पर नगद भाड़ा भुगतान करने की सहमति बनी।बैठक में रोजगार पर भी चर्चा की गई,जिसमें क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने पर सहमति बनी।बैठक में उपस्थित सभी विस्थापित प्रभावित ग्रामीण ट्रक मालिकों को एकजुट रहने की अपील की गई।इस बैठक में मुख्य रूप से रामचंद्र उरांव, अर्जुन गंझु,मोहम्मद ताज, रचित गंझु,रामबालक गंझु, प्रेम ठाकुर,महेन्द्र भोक्ता, अंगद महतो,महेंद्र महतो,रंथु गंझु,आशिक अली,शकील अंसारी,जेपी महाराज, लियाकत अंसारी,अमर महतो,तफज्जुल अंसारी, अर्जुन महतो सहित काफी संख्या में ट्रक मालिक, लिफ्टर और मोर्चा के लोग मौजूद थे।

सांसद ने किया गोहाल शेड का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

ओरमांझी : प्रखंड के हुटुप में रांची गौशाला द्वारा संचालित गौशाला परिसर में रविवार को रांची सांसद संजय सेठ ने विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़ कर अपने सांसद फंड से निर्मित होने वाला गोहाल शेड निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा गौ सेवा से बड़ा कोई सेवा नहीं, गौ भी हमारे मां के समान है।हमारे पुजनीय है, जहां अमृत समान दुग्ध प्राप्त होती है। वहीं गोबर खेतों में डालने से अन्न की पैदावार दोगुनी हो जाती है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले गौ माता को भोजन कराते हैं, तब अपने भोजन करते हैं। किन्तु शहरों में जिस तरह से सड़क पर खुला घुमाते रहते हैं, वह काफी दुखदाई है। उन्होंने ने गौशाला न्यास समिति के संचालको की सराहना करते हुए कहा बुढ़े हो चुके गाय, बैलों जिस तरह से रख कर सेवा कर रहे हैं।

यह परम सेवा है। वहीं सांसद संजय सेठ व अन्य लोगों ने गौ माता की पुजन कर हरा घास, गुड, चारा खिलाकर आशिर्वाद लिए। कार्यक्रम में गौशाला न्यास समिति के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार, वासुदेव रतन लाल, जलान, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

बुंडू में कांग्रेस पार्टी के जन सम्मेलन में कालीचरण सिंह मुंडा पहुंचे

प्रभात मंत्र संवाददाता

अड़की : रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड क्षेत्र के जिला परिषद बुंडू के सभागार में रविवार को बुंडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा जन सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खूँटी लोकसभा के पूर्व सांसद प्रत्याशी सह तमाड़ के पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा शरीक हुए। सम्मेलन में प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों महिलाएं तथा पुरुष शामिल होकर कांग्रेस को मजबूत बनाने को लेकर अपने-अपने विचारों को साझा किया। इस बाबत कालीचरण मुंडा ने कहा कि खुंटी लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी अपने विचारों को लेकर पंचायत स्तर तक पहुंचेगी और आमजनों तक केंद्र सरकार की विफलताओं की चर्चा की। उन्होंने आगे कहा हिंदुत्व राग अलापने वाले भाजपा के नेता अपनी मां की मृत्यु में हिंदू रीति रिवाजों के अनुसार अपनी सर भी नहीं मुड़वाते, अपने पिता की मृत्यु पर शव को कांधा तक नहीं देते जबकि इतिहास उठाकर देख लीजिए पुर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय गांधी, पुर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मृत्यु पर हिंदू रीति रिवाज से गांधी परिवार ने सभी परम्पराओं को निर्वहन किया।आगामी लोकसभा में महागठबंधन के तर्ज पर होने वाले चुनाव को लेकर उन्होंने पिछली बार की भांति ही 2024 के लोकसभा चुनाव में भी सीटों के बंटवारे होने की बात कही है।उन्होंने झारखंड में सात लोकसभा सीट में जीत दर्ज होने का दावा किया है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से खुंटी जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा,बुंडू प्रखंड अध्यक्ष मनोहर महतो, बुंडू प्रखंड प्रभारी अजय साहू,पीटर मुंडू ,गुलशन तोपनो,नरेश तिर्की, जीवनाथ महली,सुरेन दास, नंद किशोर महतो, बलदेव महतो,नंदलाल मुंडा ,माधव मुंडा ,सुनीता देवी, मृत्युंजय दास ,बृजेश कुमार, मोहम्मद जब्बार, मोहम्मद मुशरत हुसैन आदि उपस्थित थे।

पिपरवार में कई कामगारों ने थामा आरसीएमयू का दामन

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की एक आवश्यक बैठक पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय में संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता अब्दुल अंसारी और संचालन संतोष कुमार दास ने किया। इस बैठक में कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।बैठक के दौरान कई कोयला कामगारों ने दूसरे यूनियन को छोड़कर आरसीएमयू का दामन थामा। यूनियन की सदस्यता ग्रहण करने पर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह ने सभी का माला पहनाकर यूनियन में स्वागत किया।क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और सचिव विद्यापति सिंह ने कहा कि आरसीएमयू कोयला मजदूरों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष कर रही है और यह संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।पिपरवार में यूनियन का जनाधार लगातार बढ़ रहा है।यूनियन में शामिल होने वालों में प्रकाश तिर्की,गौरव हेमरोम,रमेश भगत,जूलियस टोपनो,मनीष बोदरा,सुजीत देवरी,रविंद्र सिंह,धनंजय मुंडा,जेपी तिग्गा,निवास प्रसाद,सुबोधकांत वर्मा,देवेंद्र कुमार,मधुसूदन कुमार सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।बैठक में मुख्य रूप से कासिम उर्फ मुन्ना,विद्यापति सिंह,अनूप सिकदर,अब्दुल अंसारी,संतोष मुखर्जी,आनंद मुंडा,मिथिलेश शर्मा,रमेश सिन्हा,सुमन मिश्रा,नकुल प्रसाद,जयपाल दास सहित कई लोग मौजूद थे।

बेड़ो में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 75वां स्थापना दिवस मना

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 75वाँ स्थापना मनाया गया ढ्ढ अभाविप के 75वाँ वर्ष होने पर इसे अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर एबीवीपी बेड़ो नगर की ओर से प्रखंड स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवित उद्घाटन बतौर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक व बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, बीजेपी के युवा नेता सह समाजसेवी सनी टोप्पो, केसीबी कॉलेज के पूर्व प्रचार्य प्रो राजेन्द्र तिवारी, विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरभ,नगर अध्यक्ष संदीप राज,विभाग सह सयोंजक आकाश रक्षित,नगर मंत्री रोहन महतो ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती व स्वामी विवेकानन्द के तसवीर में पुष्प अर्पित कर व दिप प्रज्ज्वलन कर किया, साथ ही प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रखंड स्तरीय सभी विद्यालयों व मध्यमिक पास व कॉलेज से इंटरमीडिएट पास टॉपर्स विद्यार्थियों को अतिथियों के द्वारा मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर सम्मानित अतिथि पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज अपना 75वाँ स्थापना दिवस मना रहा है आज यह विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन है जो राष्ट्रहित,समाज हित व शिक्षा क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करते आ रही है।

बीजेपी के युवा नेता व समाजसेवी शनि टोप्पो ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता आज देश के हर क्षेत्र में अग्रणी है और छात्र हित में सदैव ततपर रहते है साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में ऐतेहासिक कार्य कर रही है। करमचन्द भगत कॉलेज के पूर्व प्रचार्य डॉ राजेन्द्र तिवारी ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद ने अपने स्थापना काल से ही देशहित में व छात्र हित सभी शैक्षणिक संस्थानों में संघर्ष करते आ रही है। कार्यक्रम में पूर्व के नगर इकाई टीम को भंग कर नए नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया। जिसमें जिला प्रमुख संदीप राज व जिला सोशल मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार महतो के नाम की घोषणा की गई ।

200 लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई

इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):प्रखंड के स्थानीय मक्का मैरेज हॉल में रविवार को क्लीनिका क्योर हॉस्पिटल व अल जबर पारा मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ सय्यद अल्तमश, डॉ आफताब आलम, डॉ रुची व डॉ आशुतोष ने करीब दो सौ रोगीयों का स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श दिया व जरूरतमंद लोगों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराई। इससे पूर्व डॉ सयद अल्तमश व डॉ आफताब ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का उदघाटन किया. शिविर को सफल बनाने में अकील अहमद, हाजी जफर, अब्दुल्लाह इकबाल, आमिर हमजा, मंजूर अहमद, अल्तमश, सैयाब, कैफ, फैजान, दानिश, वीरेंद्र, अभय, नूर अफसान, नौशीन, सादिया के अलावा क्लीनिका क्योर हॉस्पिटल व अल जेबर पारा मेडिकल कॉलेज के स्टॉफ व विद्यार्थीयों ने मुख्य भूमिका निभाई।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, सोमवार, 10 जुलाई 2023 | पेज 5

सरायकेला जिला मुख्यालय में जम कर चल रहा है अवैध लॉटरी का धंधा

डेली कमाने खाने वाले श्रमिक तबके के लोगों के घरों में कभी-कभी चूल्हे नहीं जलते

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : सरायकेला जिला मुख्यालय में विगत कुछ वर्षो से जारी अवैध लॉटरी कारोबार का जख्म अब लाइलाज नासूर बनता जा रहा है। लखपति बनने के लालच में इसके लत में पड़े अनेक लोक खाक पति बन गए हैं। डेली कमाने खाने वाले श्रमिक तबके के लोगों के घरों में कभी कभी चूल्हे नहीं जलते। ऐसे परिवार के मुखिया अपनी कमाई को लॉटरी खरीदने में लगा देता। ऐसी बात नहीं कि लॉटरी किसी को लगती ही नहीं है। प्रतिदिन यह अवैध लॉटरी खरीदने वाले सैकड़ों हैं तो कभी कभी एक दो लोगों को कुछ प्राइज लग भी जाते हैं। यही हवा एजेंटों द्वारा इतना फैला दिया जाता है कि इसके ग्राहकों की

संख्या पुनः बढ़ जाती है। शिकायतें मिलने पर जब कभी लॉटरी कारोबारियों की खोज पुलिस करती है तो ये कुछ समय के लिए भूमिगत होकर अपने कारोबार चलाते हैं। चर्चा की मानें तो ग्राहकों के पसंदीदा नंबरों की लॉटरी वाट्स एप के माध्यम भी एजेंट द्वारा भेज दिए जाते हैं। कुछ एजेंट पॉकिट में लॉटरी रख मोबाइल सेवा अपने ग्राहकों को उपलब्ध करा रहे हैं। किसी स्थान विशेष में दुकान या बोर्ड लगा कर लॉटरी नहीं बेचे जाते जो सहजता से प्रशासन की पकड़ में लॉटरी एजेंट आ सकें। चर्चा तो यह भी है की सरायकेला के हाई टेक तरीके अवैध लॉटरी कारोबार करने वालों को अप्रत्यक्ष रूप से विशिष्ट लोगों का संरक्षण भी प्राप्त है। इसी कारण ही ये लोग प्रतिदिन लाखों का अवैध कारोबार करते हुए भी पकड़ से बाहर हैं।

हर भारतीयों को मातृभूमि से जोड़ती हैं वन्दे मातरम : शेखर दे

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : भारत का राष्ट्र गीत वन्दे मातरम की रचना बंकिम चंद्र चटोपाध्याय ने की , और जिसे पहली बार कोलकत्ता में सात अगस्त 1904 को गया गया था .मेरे पिता और माता के जन्म वार्षिकी महोत्सब में इस गीत को गया जाता हैं. यह बातें समाजसेवी और श्रीलेदर्स के कर्णधार शेखर दे ने की। आगे बात करते हुए उन्होंने कहा की इस गीत ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में एक महत्वपूर्ण योगदान निभाया हैं। इस गीत से प्रेरणा लेकर भारतियो में स्वाधीनता पाने के लिए जिस जूनून की आवश्यकता थी उसका सृजन हुआ और ब्रिटिश शाशन के विरूद्ध लड़ने के लिए सभी भारतीय एकजुट हुए। वन्दे मातरम हमे भारत माता की वंदना के बारे बताती हैं जो आज भी सारे भारतीयों में जोश भरती हैं। झारखण्ड बंगाली समिति भालुभासा वन्दे मातरम दिवस हर वर्ष पूरे सम्मान के साथ मनाती हैं एवं सभी को उनके देश के प्रति कर्तृतव्य को याद दिलाया जाता हैं। झारखण्ड बंगाली समिति के रीढ़ की हड्डी भावेश दे को मैं अपने अंतरमन से श्रद्धा और नमन करता हूँ। उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो का में सदैव समर्थन करता हूँ । इस मौके पर भावेश दे, झरना कर, श्यामल सील, बिमल चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।

युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के वार्ड सात स्थित प्रगति नगर में भाड़े के मकान में रह रहे अभय मालाकार (21) नामक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला था और औद्योगिक क्षेत्र स्थित सिंहभूम टेक्नोक्राफ्ट कंपनी में काम करता था। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना पूर्व पार्षद ममता बेज को दी गई। सूचना पर पहुंची पार्षद ममता बेज ने इसकी जानकारी आदित्यपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों का पता नही चल पाया है।

मोटरसाइकिल से 10 हजार किमी की दूरी कर लौटे यूसिल कर्मी जयपाल हुए सम्मानित

जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता): मोटरसाइकिल से 10 हजार किमी की दूरी तय कर लौटे यूसील तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट कंपनी के कर्मी जयपाल एन। वहीं इस उपलब्धि पर खेलकूद महाकुंभ के मौके पर यूसील महाप्रबंधक एम एस राव ने उन्हें सम्मानित किया। मौके पर यूसील कर्मी जयपाल एन ने कहा कि स्वास्थ्य का संदेश पूरे भारतवासियों को देने के लिए पूलीवेंदूला(यूसील यूरेनियम प्रोजेक्ट) से अभियान की शुरुआत किया और लद्दाख से कन्याकुमारी होते हुए पूलीवेंदूला पहुंचा। इस दौरान 14 राज्यों की सीमाओ से गुजरा जहां जगह जगह लोगो ने स्वागत किया। यह सफर 10 हजार किमी का था जिसे 30 दिनों में पूरा किया।

मारवाड़ी समुदाय के नए चार्टर्ड अकाउंटेंट हुऐ सम्मानित

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्धारा आईसीएआई द्वारा घोषित किए गए चार्टर्ड अकाउंट के फाइनल परीक्षा में सफल रहे मारवाड़ी समुदाय के नव योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट (नये सीए) का सम्मान किया गया। बिष्टुपुर स्थित राजस्थान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में नये 09 सीए क्रमशः स्वास्तिका चेतानी, डिंकी मित्तल, शोभा खंडेलवाल, दिव्या अग्रवाल, विपाशा अग्रवाल, सौरव मूनका, अंशुल सावा, सिमरन अग्रवाल और अमित कुमार शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया, जो उनके समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रतीक है। कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, शाखा सचिव अशुल रिंगासिया, शाखा कोषाध्यक्ष आदित्य जजोदिया, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, आनंद अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, मेघा चौधरी, विजय सोनी, राजेश कुमार अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

डिजिटल भुगतान विनियमन बोर्ड और डिजिटल भुगतान पर शुल्क हो माफ : कैट

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोंथालिया ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारत में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए बैंकों और एक डिजिटल भुगतान संवर्धन बोर्ड का भी गठन किया जाना चाहिए। सोंथालिया ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) को यूपीआई, भीम आदि चलाना चाहिए और भुगतान उद्योग की निगरानी और विनियमन के लिए एक अलग नियामक प्राधिकरण स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जब सरकार द्वारा एक नीति के रूप में ओपन नेटवर्क बनाया जा रहा है तो उपयोगकर्ताओं को सर्वोत्तम सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए भुगतान उद्योग को भी ओपन नेटवर्क दिया जाना चाहिए।

श्री श्री रंकिणी मंदिर कदमा में शिवलिंग सहित शिव परिवार का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): कदमा मेन रोड स्थित श्री श्री रंकिणी मंदिर में शिवलिंग सहित शिव परिवार का प्राण प्रतिष्ठा का सातवाँ वार्षिकोत्सव वाराणसी के वेदाचार्य पंडित सुजीत कुमार शास्त्री के नेतृत्व में रंकिणी मंदिर के अन्य पंडितों की टीम द्वारा पूरे विधि विधान से की गई। प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव प्रातः 9 बजे से भगवान शिव की रूद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना की गई और दूध, मधु एवं अन्य पूजन सामग्रियों के द्वारा रूद्राभिषेक किया गया, इसके पश्चात् हवन, आरती सम्पन्न हुई। पूजा के पश्चात् भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। उक्त जानकारी देते हुए श्री श्री रंकिणी मंदिर के प्रबंधन ने कहा कि शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव हेतु शिव मंदिर का निर्माण पिछले सात वर्ष पहले कराया गया है काफी भव्य एवं दर्शनीय है। ज्ञात रहे कि कदमा स्थित रंकिणी मंदिर कदमा की सबसे पुरानी मंदिर है।

सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): गम्हरिया प्रखंड के हुदु पंचायत से सरायकेला प्रखंड को जोड़ने वाली जर्जर सड़क के निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सड़क इतनी जर्जर हो गई है कि उसपर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। कई बार स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि समेत स्थानीय विधायक को सड़क निर्माण कराने का आग्रह ग्रामीणों द्वारा किया गया। किन्तु, उनकी ओर से इसपर कोई पहल नही की गई जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों के प्रदर्शन का नेतृत्व ग्राम प्रधान रामपद महतो व समाजसेवी शक्तिपद महतो कर रहे थे। उन्होंने शीघ्र सड़क निर्माण प्रारम्भ नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर धीरेंद्र महतो, दीनबंधु महतो, रिंकू महतो, शम्भू सरदार, संजय लोहार, सुकलाल सरदार, बबलु महतो, मोती लाल महतो, धर्मेंद्र महतो, जितेंद्र महतो,अमृत महतो, हेमेंद्र महतो, रवि महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

आदिवासी सेंगेल अभियान की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : आदिवासी सेंगेल अभियान की रोला में एक बैठक रविवार को प्रखंड परगना फागु मुर्मू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सेंगेल दिशोम परगना सोनाराम सोरेन ने विगत 30 जून को हुल माहा में आयोजित कोलकाता विश्व सरना धर्मकोड जनसभा में राजनगर क्षेत्र की उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा आगामी 17 जुलाई को जिला मुख्यालय सरायकेला में झारखंड सरकार का पुतला दहन करते हुए मांग किया जाएगा कि

झारखंड सरकार अविलंब संताली भाषा को अनुच्छेद 345 के तहत झारखंड में प्रथम राजभाषा का दर्जा दे, मरंगबुरू को वापस किया जाए, वोट की लालच में कुर्मी महतो को एसटी बनाना असली आदिवासी को कत्ल के समान है इसे बंद करे, झारखंडी डोमिसाइल नीति नहीं बना सकती है तो सभी नौकरियों का 90 प्रतीक्षत हिस्सा ग्रामीणों को प्रखंड वार कोटा बनाकर अविलंब दिया जाए। विशिष्ट अतिथि सुगनाथ हेंब्रम ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आज की तारीख में आदिवासी समाज के लिए एक ही नेता पूर्व सांसद दिशोम गोमके सलखान मुर्मू ही है जो आदिवासी मुद्दा हासा भाषा, जाति धर्म, इज्जत आबादी, रोजगार के लिए दिलो जान से आवाज बुलंद रहे हैं। बैठक में मोटाय बास्के, किशन मुर्मू, बिरसा हसदा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सेफ क्लब ने किया स्कूली बच्चों के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट सत्र का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : कम उम्र में तनाव के प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सेफ द्वारा कुडी महंती सभागार में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। जुस्को स्कूल साउथ पार्क की प्रिंसिपल और सेफ कोर कमेटी की सदस्य मिली सिन्हा, सीनियर कंसल्टेंट और एचओडी ,साइकियाट्री, टीएमएच डॉ. मनोज साहू के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सत्र का विषय स्कूली बच्चों के लिए भावनात्मक तनाव से निपटना और लत- बचाव और जागरूकता था। कार्यक्रम में 27 स्कूलों के सेफ क्लब कोऑर्डिनेटर्स के साथ साथ कुल 290 स्कूली बच्चों ने भाग लिया। डॉ. मनोज साहू उस सत्र के फैकल्टी थे। मिली सिन्हा ने छात्रों के लिए सत्र को और अधिक इंटरैक्टिव बनाकर इसका अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। टाटा स्टील के हेड, वर्कप्लेस सेफ्टी सुनील कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सत्र का संदर्भ निर्धारित किया।

चेंज योर, वाटर चेंज योर लाइफ कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : रविवार को साकची स्थित एक होटल में चेंज योर वाटर चेंज योर लाइफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सतपाल सागर, दीपक सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस मौके पर कैप्टन मनीष ने जीवन में पानी के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि जल पर किए गए रिसर्च जैसे शरीर के अल्कलाइन वातावरण में कोई भी रोग पनप नहीं सकता। बैक्टीरिया, वायरस , फंगस शरीर में नहीं बढ़ सकता है। कहा कि अल्कलाइन प्रकृति हमारे शरीर में जहरीले एसिड को निष्क्रिय करती है

. हमारा शरीर 70 से 80 प्रतिशत पानी से बना है शरीर के 75 ट्रिलियन कोशिकाएं होती है, रोजाना कई नई कोशिकाएं जन्म लेती है और मर जाती है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले डॉ अनू कुमारी, संजीव कुमार सिंह , मनोज कुमार मिश्रा, अमित कुमार सिंह, सुजाता शर्मा, रिकी राज गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक एसआरके कमलेश के अलावा चिंटू सिंह , प्रमोद मिश्रा इत्यादि मौजूद थे।

सरायकेला से 50 कांवरियों का जत्था बाबा धाम रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : बाबा बासुकीनाथ मंडली के तत्वावधान में सरायकेला से बस द्वारा 50 कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिए मारवाड़ी धर्मशाला सरायकेला से रवाना हुआ। इस जत्थे का नेतृत्व मनोज चौधरी द्वारा किया जा रहा है। सात दिवसीय यात्रा के दरम्यान कांवरियों द्वारा सुल्तानगंज से जल लेकर 110 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए फौजदारी बाबा बासुकीनाथ में बाबा को जल चढ़ा कर जलापर्ण पूर्ण करेंगे। इस मंडली में ओम प्रकाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, केशव चौधरी, हरीश चौधरी, हनी

सिंगोदिया, विष्णु अग्रवाल, दीपक साहू, संजू साहू, अनमोल सेक्सरिया, अनमोल चौधरी, अभिषेक सेकसरिया, अरुण सेकसरिया, राज खेतान, जयेश ठक्कर, विजय चौधरी, रामेश्वर महतो, अभय अग्रवाल, प्रदीप महतो, गोपाल शर्मा, जेठमल जोशी, डब्बू अग्रवाल, कमलेन्द्र सिंह, दिनेश अग्रवाल, लल्लू सिंह, मनोज अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, राकेश नहाटे, अमन अग्रवाल, शुभम सरायवाला, केशव लोहरीवाल सहित अन्य कांवरिए हैं।

टैलेंट सर्च एकेडमी ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल छात्रों को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के सुदूरवर्ती प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर में टैलेंट सर्च एकाडेमी के अध्यक्ष हाराधन महतो के टीम द्वारा प्रत्येक रविवार को निर्धन छात्र - छात्राओं को निःशुल्क रूप से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए तैयारियां कराई जाती है। इस साल नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल होने वाले 6 विद्यार्थियों को मेडल व उनके अभिभावकों को शॉल देकर मोहनपुर स्कूल में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ष 2024 के लिए नवोदय आवासीय विद्यालय, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, सैनिक स्कूल और इदिंरागांधी आवासीय विद्यालय आदि में भर्ती हेतु कोचिंग सेंटर में प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन भी किया गया। परीक्षा में पांचवीं कक्षा के 95 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें सफल होने वाले 15 प्रतिभागियों को टैलेंट सर्च एकेडमी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य रूप से विश्वनाथ महतो, शिक्षक सुनील कुमार सिंह, बिनोद, धनु नाग, प्रबोध महतो आदि थे।

पटमदा लैम्पस के अध्यक्ष बने लालू सिंह यशोदा बास्के को 94 वोट से हराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा लैम्पस के अध्यक्ष पद के लिए रविवार को हुई वोटिंग प्रक्रिया में पटमदा बाजार निवासी लालू सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी यशोदा बास्के को 94 मतों से हरा दिया। यहां पटमदा पंचायत के कुल 190 सदस्यों ने मतदान किया था जिसमें से 4 मत रद्द हुए थे। लालू सिंह को 140 जबकि यशोदा बास्के को 46 मत प्राप्त हुए। यशोदा निवर्तमान अध्यक्ष मोहनलाल बास्के की पुत्रवधू हैं। मोहनलाल पिछले 8 वर्षो से लगातार अध्यक्ष पद पर काम कर रहे थे। निर्वाची पदाधिकारी के रूप में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संतोष कुमार प्रतिनियुक्त किए गए थे जबकि शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने में एमओ बिजेंद्र कुमार, पटमदा लैम्पस के सचिव रामपद महतो, बांगुड़दा के अश्विनी सिंह, गोबरघुसी के अनिल महतो व बोड़ाम के सचिव विभीषण गोप ने सराहनीय भूमिका निभाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालू सिंह की शैक्षणिक योग्यता स्नातक है और वे कृषि कार्य ही करते हैं। मौके पर मुख्य रूप से देवेंद्र नाथ सिंह, खगेन महतो, तरणी रजक, भक्तरंजन कुंभकार, भूषण सिंह, कराली महतो, हरेंद्र नाथ महतो व माणिक महतो आदि मौजूद थे।

अंशिका लिटिल प्लेे स्कूल में आयोजित पौधारोपण प्रतियोगिता के बेहतर प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : अंशिका लिटिल प्लेे स्कूल गम्हरिया में बीते माह विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित पौधारोपण प्रतियोगिता के अव्वल प्रतिभागियों को एक समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में महिला समाजसेवी नीतू धनुका उपस्थित थी। उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 35 बच्चों ने भाग लेकर पौधारोपण किया था। इसमें बेहतर पौधारोपण उसके रख-रखाव के लिए तीन बच्चों का चयन किया गया। इसमे आरुष धनुका को प्रथम, आशीष कुमार को द्वितीय तथा शुभम पांडे को तृतीय पुरस्कार मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। इस मौके पर विद्यालय की संचालिका अनु रानी, आदि थे।

शिव के अपमान का लक्ष्य रखने वाले दक्ष का यज्ञ हो गया भंग : शास्त्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन और मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर द्धारा बिष्टुपुर तुलसी भवन में चल रहे सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को कथावाचक सीताराम शास्त्री ने व्यास पीठ से श्री कपिल उपदेश, शिव चरित्र, ध्रुव चरित्र एवं भरत चरित्रषण स्तुति संवाद प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अवगुणों से सावधान रहना चाहिए, क्योंकि अवगुणों में संगठन होता हैं। व्यक्ति में एक अवगुण आने पर अगर सावधान नहीं हुआ तो अनेक अवगुण संगठित होकर पतन की

ओर ले जाते हैं। दक्षयज्ञ प्रसंग सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि यज्ञ का उद्देश्य पवित्र होना चाहिए। दक्ष कर्मयोगी था, कर्मठ था, किंतु कर्म का उद्देश्य उसने अपवित्र रखा, शिव के अपमान का लक्ष्य रखा, जिसका परिणाम यह निकला कि उसका यज्ञ भंग हो गया और स्वयं का शिरोच्छेदन हुआ। कर्म का उद्देश्य यदि पवित्र हैं तो वह कर्म यज्ञ कहलाता हैं। महाराज जी तीसरे दिन सोमवार को अजामिल उद्धार, भक्त प्रहलाद चरित्र एवं नरसिंह अवतार का प्रसंग सुनायेंगे। संस्था का एक प्रकल्प है अंगदान, देहदान, नेत्रदान। इसके अंतर्गत निःस्वार्थ सेवा और सहयोग करने वालों को भागवत कथा के दौरान सम्मानित किया गया। अंगदान के तहत अपनी धर्मपत्नी स्नेहलता चौधरी का अंगदान करवाने वाले सरायकेला के रमन चौधरी, 74 बार रक्तदान करने वाली चाईबासा की निशा केडिया, रोशनी संस्था के पदाधिकारी सहित डा. अजय गुप्ता एवं डा. विवेक केड़िया को कथावाचक सीताराम शास्त्री ने अपने हाथों से सम्मानित किया।

करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग में स्टूडेंट सेमिनार आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : करीम सिटी कॉलेज की सभागार में भूगोल विभाग के तत्वाधान में विद्यार्थियों के लिए संगोष्ठी आयोजित हुई जिसका विषय था- परीक्षा की तैयारी कैसे की जाए। इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ प्रसारुल इस्लाम प्राध्यापक भूगोल विभाग करीम सिटी कॉलेज थे। उन्होंने 15 बिंदुओं को समेटते हुए परीक्षा में अच्छी सफलता प्राप्त करने के तरीके बताए। डॉ प्रसारुल इस्लाम से पहले भूगोल की शिक्षिका सदफ नसीम ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए अपने उत्तर के विस्तार के अनुसार समय निर्धारित करने की

बात कही। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की। सेमिनार के कन्वीनर भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ आले अली थे। इस संगोष्ठी में सेमेस्टर 1 सेमेस्टर 3 एवं सेमेस्टर 5 की छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर प्राचार्य के हाथों पिछले प्रदर्शनों के लिए सबीहा गुल, पूर्वषा सिंह, मेघा श्री गिरी, रॉकी दास एवं किशन को प्रमाण पत्र दिए गए।

संपादकीय

इच्छा शक्ति का प्रमाणपत्र

सरकार की इच्छाशक्ति का जोरदार प्रदर्शन कांगड़ा हवाई अड्डा के विस्तार के साथ नत्थी हो गया है और एक बार फिर इस आशय का प्रमाणपत्र मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने दिया है। कांगड़ा एयरपोर्ट अब सियासी बिसात से कहीं आगे हकीकत की जमीन पर राज्य के भविष्य को नई आवाज दे रहा है। बुधवार के वर्चुअल संबोधन में शाहपुर से पालमपुर तक के संदेश में विकास का एक नया नक्शा मुखातिब रहा, तो ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में हुआ शंखनाद परिवर्तन की दिशा में अग्रसर होने का रास्ता चुन रहा है। बहरहाल बुधवार के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में हिमाचल के विकास की मजबूरी भी परिलक्षित हुई है या यूं कहें कि सरकार के इरादों का जोश अंततः कनेक्टिविटी की बाधाओं में विभाजित हो जाता है। ऐसे में बड़े हवाई अड्डे का ख्वाब पिछले दो दशकों से झूलता रहा है। जमीनों की पैमाइश से कहीं अधिक नाप नपाई राजनीति कर गई, लेकिन संभावनाओं के अक्स टूटते रहे। नए-नए प्रस्तावों के नगीने पेश करके समय और सपनों को बांटा गया, लेकिन यह पहली सरकार है जो पहले दिन से इस कोशिश में है कि कांगड़ा हवाई अड्डे को सियासी मुकदमा बनाने के बजाय पर्यटन की मंजिल पर खड़ा किया जाए। इसी बहाने विकास और विस्थापन की नई चर्चा हिमाचल में शुरू हुई है। यह फोरलेन परियोजनाओं से होती हुई कांगड़ा एयरपोर्ट के प्रवेश पर खड़ी है और इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री का यह आश्वासन आया है कि विस्थापित परिवारों को सरकार पूरी तरह से बसाएगी। विकास में विस्थापन मायूस जरूर करता है, लेकिन इसे योजनाबद्ध तरीके से अवसर में बदला जाए तो भविष्य के पैमाने, रोजगार की संभावना और जीवनशैली की पद्धति प्रभावशाली हो जाएगी। दरअसल हिमाचल में अबतक मुआवजा राशि और पुनर्वास का स्थायी प्रबंधन करने में नीतिगत चूक होती रही है। अगर पौंग बांध परियोजना के बदले एक सैटेलाइट एवं औद्योगिक शहर की बुनियाद रखी गई होती तो देहरा से नूरपुर के बीच बीबीएन या परवाणू जैसा शहर बस जाता। कहना न होगा कि कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के संकल्प के साथ न्यू गगल के विकास का मंसूबा परिलक्षित होना चाहिए, ताकि आवास के बदले आवास और व्यापार के बदले व्यापार मिल सके। प्रदेश अगर एक मुकम्मल पुनर्वास नीति बनाए, तो यह भविष्य के शहरों, निवेश केंद्रों और आर्थिक संभावनाओं का एक खुशहाल परिदृश्य खड़ा कर सकती है। प्रदेश की चार महत्त्वपूर्ण फोरलेन परियोजनाओं और प्रमुख नेशनल हाई-वे के साथ-साथ कम से कम आधा दर्जन निवेश या पुनर्वास शहर बसा कर सरकार विस्थापितों को दर्द भुलाने का विकल्प दे सकती है। इसकी शुरुआत गगल एयरपोर्ट विस्तार से हो सकती है। यह कांगड़ा-धर्मशाला के बीच एक नया व्यापारिक, औद्योगिक केंद्र के साथ-साथ आवासीय बस्ती के निरूपण से संभव होगा। हिमाचल में हाईवे टूरिज्म की संभावनाओं में तमाम विस्थापित लोगों को रोजगार देना होगा। हिमाचल में कश्मीरी व तिब्बती शरणार्थियों के लिए सरकारी नौकरियों में अवसर आरक्षित हो सकते हैं, तो आइंदा किसी भी प्रकार के विस्थापन के बदले प्रभावित परिवारों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण मिलना चाहिए। बहरहाल सुक्खू सरकार ने विकास के मानदंड बदले हैं और इरादों में इच्छाशक्ति का परिचय देना शुरू किया है, लेकिन मंजिलें समयबद्ध रणनीति और इसकी पूर्णतः से ही तय होंगी। जाहिर तौर पर कांगड़ा एयरपोर्ट अगर एक तपके को विस्थापन की वजह से निराश कर रहा है, तो कहीं यह परियोजना हिमाचली विकास की सदियां भी बदल देगी। अब कोशिश हिमाचल की दूरियां मिटाकर अनावश्यक खर्च घटाने की होनी चाहिए। दो तीन शहरों और दर्जनों कस्बों-गांवों को मिलाकर विकास के केंद्रीयकरण को राहत देकर इसे हर छोर की सहभागिता में परिपूर्ण करना होगा। इस दृष्टि से नगर नियोजन की अवधारणा को व्यापक परिदृश्य में देखना होगा तथा क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों की स्थापना में आगे बढना पड़ेगा।

नए-नए प्रस्तावों के नगीने पेश करके समय और सपनों को बांटा गया, लेकिन यह पहली सरकार है जो पहले दिन से इस कोशिश में है कि कांगड़ा हवाई अड्डे को सियासी मुकदमा बनाने के बजाय पर्यटन की मंजिल पर खड़ा किया जाए। इसी बहाने विकास और विस्थापन की नई चर्चा हिमाचल में शुरू हुई है। यह फोरलेन परियोजनाओं से होती हुई कांगड़ा एयरपोर्ट के प्रवेश पर खड़ी है और इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री का यह आश्वासन आया है कि विस्थापित परिवारों को सरकार पूरी तरह से बसाएगी। विकास में विस्थापन मायूस जरूर करता है, लेकिन इसे योजनाबद्ध तरीके से अवसर में बदला जाए तो भविष्य के पैमाने, रोजगार की संभावना और जीवनशैली की पद्धति प्रभावशाली हो जाएगी। दरअसल हिमाचल में अबतक मुआवजा राशि और पुनर्वास का स्थायी प्रबंधन करने में नीतिगत चूक होती रही है। अगर पौंग बांध परियोजना के बदले एक सैटेलाइट एवं औद्योगिक शहर की बुनियाद रखी गई होती तो देहरा से नूरपुर के बीच बीबीएन या परवाणू जैसा शहर बस जाता। कहना न होगा कि कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के संकल्प के साथ न्यू गगल के विकास का मंसूबा परिलक्षित होना चाहिए ताकि आवास के बदले आवास और व्यापार के बदले व्यापार मिल सके। प्रदेश अगर एक मुकम्मल पुनर्वास नीति बनाए, तो यह भविष्य के शहरों, निवेश केंद्रों और आर्थिक संभावनाओं का एक खुशहाल परिदृश्य खड़ा कर सकती है। प्रदेश की चार महत्त्वपूर्ण फोरलेन परियोजनाओं और प्रमुख नेशनल हाई-वे के साथ-साथ कम से कम आधा दर्जन निवेश या पुनर्वास शहर बसा कर सरकार विस्थापितों को दर्द भुलाने का विकल्प दे सकती है।

कुछ अलग

अपनी-अपनी एनसीपी

यह बहुत बड़ा राजनीतिक उलटफेर है। यही खानदानी पार्टियों की नियति है। समाजवादी पार्टी और शिवसेना में यह उलटफेर हो चुका है। यह कुनबे के दूसरे सदस्यों की महत्त्वाकांक्षा है। एक ही परिवार या एक ही बुजुर्ग की अनंत कुंडली अब स्वीकार्य नहीं है। खानदान के दूसरे चेहरे भी अपनी सियासी पारी खेलना चाहते हैं। मुख्यमंत्री भी बनना चाहते हैं। बेशक शिवसेना में कुछ अलग घटित हुआ। वहां बाल ठाकरे के शिव सैनिकों ने बगावत की और दिवंगत पार्टी प्रमुख के 'राजकुमार' को नकार दिया। चुनाव आयोग ने भी पार्टी का नाम और निशान शिव सैनिकों को आवंटित कर उन्हें 'असली शिवसेना' की मान्यता दी। मामला फिलहाल सर्वोच्च अदालत में है। इसी तर्ज पर 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी' (एनसीपी) में हुआ है। एनसीपी करीब 24 साल तक शरद पवार की थी, क्योंकि वह पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष रहे। अब उन्हीं के सगे भतीजे एवं राजनीतिक शिष्य अजित पवार ने पार्टी छीन ली और खुद को एनसीपी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर दिया। उसके बाद ही भाजपा से गठबंधन किया और शिंदे सरकार में शामिल हो गए। गठबंधन पार्टी के स्तर पर हुआ है, लिहाजा अब एनसीपी एनडीए का घटक दल है। चुनाव आयोग से मान्यता के लिए अजित गुट ने याचिका दी है। उधर शरद पवार गुट ने उन 9 विधायकों को पार्टी से बर्खास्त किया है, जिन्होंने बीती 2 जून को मंत्री पद की शपथ ली थी। चुनाव आयोग को उन विधायकों को 'अयोग्य' करार देने की भी अर्जी दी गई है। अब संघर्ष 'अपनी-अपनी एनसीपी' का है। दोनों गुटों ने विधायकों, सांसदों, नेताओं की जो अलग-अलग बैठक बुलाई थी, उनमें बहुमत अजित के पक्ष में है। अजित गुट में 31 विधायकों ने हलफनामे पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि दावा यह है कि 42 विधायकों ने हलफनामा भर कर अजित को समर्थन दिया है। अब महत्त्वपूर्ण यह नहीं है कि कौन शरद पवार का कितना करीबी था? नैतिकता और निष्ठा कहां गई? क्या शरद को यथासमय रिटायर होकर नया अध्यक्ष चुनना चाहिए था? क्या बेटी सुप्रिया सुले को 'कार्यकारी अध्यक्ष' बनाने का फैसला भी खानदानी था? यदि अजित को अध्यक्ष बनाया जाता, तो वह भी खानदान की नई पीढ़ी होते। खानदान से बाहर सोचना ऐसी पार्टियों का सरोकार ही नहीं है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुतिन से फोन पर बातचीत कर एक बार फिर से यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की अपील की

अर्थव्यवस्थाओं पर बहुत गहरा असर डाल रहा रूस यूक्रेन युद्ध !

सुनील कुमार महला

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आपसी बातचीत और कूटनीति के जरिए इस मामले का हल निकालने की कोशिश की जानी चाहिए। पुतिन ने प्रधानमंत्री की सलाह को गंभीरता से सुना है, लेकिन यूक्रेन पर यह आरोप लगाया कि वह रूस से बातचीत और कूटनीति से साफ इनकार करता है। यह पहली बार नहीं है जब भारत के प्रधानमंत्री ने युद्ध विराम को लेकर ऐसी अपील की है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाने की अपील की थी। जानकारी देना चाहूंगा कि शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में पुतिन से आमने- सामने मिल कर उन्होंने पुतिन को जंग खत्म करने की सलाह दी थी। तब पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री को यह विश्वास दिलाया था कि वे उनकी बातों पर जरूर अमल करेंगे, लेकिन वापस लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे।

24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ रूस यूक्रेन युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है और इस युद्ध को चलते हुए सवा साल से भी अधिक का समय हो गया है। दोनों ही देशों में कोई भी देश युद्ध में पीछे हटने को तैयार नहीं है और लगातार युद्ध जारी है। इसी बीच, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुतिन से फोन पर बातचीत कर एक बार फिर से यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की अपील की है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आपसी बातचीत और कूटनीति के जरिए इस मामले का हल निकालने की कोशिश की जानी चाहिए। पुतिन ने प्रधानमंत्री की सलाह को गंभीरता से सुना है, लेकिन यूक्रेन पर यह आरोप लगाया कि वह रूस से बातचीत और कूटनीति से साफ इनकार करता है। यह पहली बार नहीं है जब भारत के प्रधानमंत्री ने युद्ध विराम को लेकर ऐसी अपील की है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाने की अपील की थी। जानकारी देना चाहूंगा कि शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में पुतिन से आमने- सामने मिल कर उन्होंने पुतिन को जंग खत्म करने की सलाह दी थी। तब पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री को यह विश्वास दिलाया था कि वे उनकी बातों पर जरूर अमल करेंगे, लेकिन वापस लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे। पाठकों को बता दूं कि रूस यूक्रेन युद्ध से विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सबसे गंभीर मानवीय संकटों में से एक को जन्म दिया है। रूस यूक्रेन युद्ध से न केवल दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर बल्कि संपूर्ण विश्व की अर्थव्यवस्थाओं पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ रहा है। दोनों देशों के बीच युद्ध से विश्व में गरीबी और भूख में इजाफा हुआ है। खाद्य कीमतों में अभूतपूर्व उछाल आया है और यही कारण है कि विश्व में अनेक देशों में लोग गरीबी रेखा से नीचे आ गए हैं। बताया जा रहा है कि यदि दोनों देशों के बीच युद्ध और भी अधिक लंबे समय तक जारी रहता है तो इससे उप-सहारा अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से लेकर काकेशस और मध्य एशिया तक कुछ क्षेत्रों में अशांति का अधिक खतरा पैदा हो सकता है, जबकि अफ्रीका और मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों में खाद्य असुरक्षा की और बढ़ने की संभावना है। रूस यूक्रेन युद्ध से आज तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में वृद्धि देखने को मिली है। दोनों ही देश प्रमुख वस्तु उत्पादक हैं, युद्ध से बाजार में उछाल आया है। कमोडिटी व्यापार पर खास प्रभाव युद्ध से पड़ा है। युद्ध के कारण विभिन्न सेवाएं और यात्राएं भी बाधित हुई हैं। यदि रूस यूक्रेन युद्ध जारी रहता है तो इससे भारत पर भी

प्रभाव पड़ना लाजिमी ही है, क्यों कि रूस सैन्य हार्डवेयर का भारत का सबसे बड़ा और विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है। यह रूस के कारण है कि एस-400 वायु रक्षा प्रणाली ने चीन के खिलाफ भारत की रक्षा क्षमता को बढ़ाया है। मास्को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत का एक विश्वसनीय सहयोगी भी है। इतना ही नहीं, परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के क्षेत्र में रूस भारत का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। वास्तव में दोनों देशों को यह चाहिए कि वे युद्ध का समाधान करने की दिशा में अपने कदम आगे बढ़ाएं, क्यों कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थाई समाधान नहीं होता है। आज यूक्रेन लगभग लगभग पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। रूस को भी नुकसान पहुंचा है। दोनों ही देशों में संपत्ति, धन व जानों का काफी नुकसान हुआ है। युद्ध से दोनों ही देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर बहुत बुरा असर पड़ा है। सच तो यह है कि अब दोनों ही देशों के बीच वार्ता को फिर से शुरू करने का समय है। मध्यस्थता की दिशा में पहल करने के लिए भारत के पास सुनहरा अवसर है। भारत लगातार बातचीत और कूटनीति को एकमात्र समाधान के रूप में रखता आया है, क्यों कि भारत हमेशा हमेशा से पंचशील के सिद्धांतों में विश्वास करता आया है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए आपसी सम्मान, आपसी गैर-आक्रामकता, एक-दूसरे के आंतरिक मामलों में गैर-हस्तक्षेप, समानता और पारस्परिक लाभ, और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पंचशील संधि के पांच सिद्धांत हैं। बहरहाल, दुनिया के तमाम देश भारत की तरफ नजरें लगाए हुए हैं कि अगर वह मध्यस्थता करे तो रूस- यूक्रेन युद्ध रुक सकता है। रूस तो वैसे भी भारत का एक मित्र देश रहा है और जहां तक यूक्रेन की बात है तो बताता चलूं कि युद्ध विराम के सिलसिले में भारत के प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के राष्ट्रपति बोलोदिमीर जैलेंस्की से भी बातचीत की थी। बातचीत के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जएैलएंस्कई ने इस पर अपना सकारात्मक रुख भी दिखाया था, लेकिन यह बहुत ही गंभीर, संवेदनशील और महत्वपूर्ण है कि करीब सवा साल से चल रहे इस युद्ध में दोनों देश वैश्विक गुटबंदियों में कुछ इस तरह उलझ गए हैं कि उन्हें इससे बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिल पा रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि यूक्रेन को सबसे ज़्यादा सैन्य सहायता अमेरिका ने दी और उसके बाद ब्रिटेन ने भी ऐसा ही किया। पिछले साल अमेरिका ने यूक्रेन को ढाई अरब डॉलर की सैनिक सहायता दी, जो कि बहुत बड़ी सहायता है और इतनी ही सहायता वर्ष 2023 में अमेरिका ने यूक्रेन को देने का वादा भी किया है। पश्चिमी देश लगातार यूक्रेन की मदद कर रहे हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि जनवरी में अमेरिका और ब्रिटेन ने यूक्रेन को चैलेंजर 2 टैंक और जर्मनी ने अपने लेपर्ड टैंक देने का वादा किया। युद्ध की शुरुआत से यूक्रेन के सहयोगी उसे हर महीने दो अरब डॉलर की लागत के हथियार और दूसरी सैनिक सहायता देते रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार अमेरिका यूक्रेन को पच्चीस अरब डॉलर से अधिक की मदद दे चुका है। रूस चाहता है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता न ले, मगर यूक्रेन नाटो की सदस्यता में ही स्वयं को सुरक्षित मान रहा है। नाटो से जुड़े पश्चिमी देश यूक्रेन के समर्थन में हैं, जबकि रूस इन सभी के खिलाफ है। जानकारी देना चाहूंगा कि रूस को चीन का समर्थन हासिल है, जो अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन के वर्चस्व को चुनौती देता रहता है। इस तरह रूस- यूक्रेन युद्ध में दुनिया आज दो ध्रुवों में बंट गई है और दुनिया पर तीसरे विश्व युद्ध का खतरा जैसे मंडराने लगा है। रूस यूक्रेन युद्ध के कारण आज महंगाई में इजाफा हो गया है, संपूर्ण विश्व की आपूर्ति भी कहीं न कहीं बाधित हुई प्रतीत हुई है। आज कोई भी देश रूस यूक्रेन युद्ध संघर्ष में खुलकर सामने नहीं आ रहा है लेकिन पश्चिमी देश यूक्रेन को और विश्व के अन्य देश रूस को सपोर्ट कर रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध से पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। यूक्रेन अनाज उत्पादन के मामले में विश्व की एक टोकरी कहलाता है लेकिन युद्ध से भूमि के उपजाऊपन व पर्यावरण पर विशेष असर तो पड़ा ही है। भारत के रूस और यूक्रेन दोनों से अच्छे संबंध हैं और अमेरिका ब्रिटेन से भी। वर्तमान स्थितियों में विभिन्न पश्चिमी देश चाहते हैं कि भारत रूस यूक्रेन के बीच मध्यस्थता करे। इस वक्त भारत समूह-बीस की अध्यक्षता कर रहा है, इसलिए भी उसका इस समूह के देशों पर दबाव बना कर युद्ध को विराम देने का दायित्व बढ़ गया है।

विपक्षी एकता के प्रयासों को धक्का

विपक्षी पार्टियों के लिए यह 'प्रथम ग्रासे मक्षिका' वाला प्रसंग है। बाकी पार्टियों में भी हो-हल्ला होने लगा है। सबसे ज्यादा हलचल तो नीतीश बाबू की जेडीयू में है। पटना वाले खेला में नीतीश बाबू ही लालू यादव जी के बेटे तेजस्वी यादव के साथ मिल कर उत्साह से लबरेज थे। बिहार विधानसभा में कुल 243 सीटें हैं। इनमें से भाजपा और लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल के पास 80-80 विधायक हैं। नीतीश कुमार की जेडीयू के पास 45 और सोनिया कांग्रेस के पास 19 विधायक हैं। इसे नीतीश कुमार की राजनीतिक दक्षता ही कहना पड़ेगा कि वे 45 के बावजूद मुख्यमंत्री बने हुए हैं। शायद इसी के कारण नीतीश बाबू को लगा होगा कि राजनीति तो उनकी हथेली पर नाचती है। इसी के कारण उन्होंने शरद पवार के साथ मिल कर एक ऊंची उड़ान भरने की योजना बना ली होगी। शरद पवार के राजनीतिक पंख तो अब आकर उनके भतीजे ने काटे, लेकिन नीतीश कुमार तो कटे पंखों के साथ ही सुपरमैन की वर्दी पहन कर लम्बी उड़ान की तैयारियां कर रहे थे। लेकिन उनके छत्ते की मधुमक्खियों को लगने लगा कि हमारी यह रानी मक्खी खुद भी गिरेगी और हमें कहीं का नहीं छोड़ेगी।

पटना में लिखी गई विपक्षी एकता की इबारत की अभी स्याही भी सूखी नहीं थी कि एकता के केन्द्र में योजना पूर्वक बिठाए गए, राजनीति के चतुर खिलाड़ी 83 वर्षीय शरद पवार के घर में स्याही की दवात ही टूट गई और सारी स्याही इबारत के पन्नों पर बिखर गई। अब पटना की इबारत साफ-साफ पढ़ी नहीं जा रही। शरद पवार ने कई दशक पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, जिसे अंग्रेजी में एनसीपी कहा गया, बनाई थी। तब उनका मानना था कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अब राष्ट्रीय नहीं रह गई है क्योंकि उसने अपनी रस्सी सोनिया गान्धी के हाथों में दे दी है जो विदेशी मूल की हैं। कांग्रेस राष्ट्रीय रहे, इसलिए उन्होंने अपनी राष्ट्रवादी कांग्रेस बना ली। देश में तो नहीं, लेकिन अपने प्रदेश की राजनीति में उन्होंने जरूर अपनी पार्टी के लिए जगह बना ली और सोनिया गान्धी कांग्रेस को कुछ हलकों तक सीमित कर दिया। लेकिन पिछले विधानसभा चुनावों में उन्होंने महाराष्ट्र में सत्ता के लिए सोनिया जी की कांग्रेस के साथ मिल कर महाराष्ट्र विकास अगाड़ी बना ली और उसमें शिव सेना को भी शामिल कर लिया। लेकिन बढ़ती उम्र के कारण वे अपनी पार्टी अपने परिवार वालों के हवाले कर शायद सुख की नींद लेना चाहते थे। सुख की नींद का मतलब यह नहीं कि राजनीति छोडने की योजना बना रहे थे। बस इतना ही कि महाराष्ट्र में पार्टी अपने उत्तराधिकारी को सौंप कर स्वयं दिल्ली की राजनीति में हाथ आजमा लें। छोटी-बड़ी विपक्षी पार्टियां यदि मिल जाएं तो हो सकता है भारतीय जनता पार्टी को बहुमत न मिले और जोड़-तोड़ की राजनीति में शरद पवार के हाथ भी कोई मोटी चीज लग जाए। इसलिए वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश बाबू को आगे करके अपने मोहरे चलने लगे। जहां तक उनकी पार्टी एनसीपी का सवाल था तो परिवार में उसके दो सशक्त उत्तराधिकारी थे। एक उनके भतीजे अजीत पवार और दूसरी उनकी पुत्री सुप्रिया सुले। कहा जाता है कि पार्टी को बनाने में शरद पवार के साथ उनके इस भतीजे ने ही लम्बे अरसे तक भागदौड़ की थी। लेकिन जब विधिवत उत्तराधिकारी नियुक्त करने की बात आई तो शरद पवार ने भतीजे को नहीं बल्कि पुत्री को ही अधिमान दिया। परिवार की राजनीतिक धन-सम्पत्ति परिवार में बांट कर शरद पवार तो पटना वाला खेल खेलने में मशगूल हो गए और इधर उनके भतीजे के धैर्य का अन्त हो गया। 288 सदस्यों वाली महाराष्ट्र विधानसभा में शरद पवार की पार्टी के 53 सदस्य हैं। अजीत पवार उनमें से चालीस सदस्य ले उड़े और भाजपा के साथ मिल ही नहीं गए, बल्कि अपने आठ सहयोगियों सहित मंत्री भी बन गए। उसके बाद शरद पवार का साथ छोडने वालों की रुक-रुक कर खबरें आने लगीं। चाचा-भतीजा ने एक-दूसरे को पार्टी से निकाल देने का कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक निपटा दिया। लेकिन दुर्भाग्य से अब शरद पवार के हिस्से उनकी अपनी ही पार्टी में, मेला उजड़ जाने के बाद इधर उधर बिखरी हुई कुछ पत्तलें ही बची हैं। अब जब वे विपक्षी पार्टियों की बेंगलूर में होने वाली अगली बैठक में जाएंगे तो उनकी इन पत्तलों का वहां कौन खरीददार मिलेगा? मिल भी गया तो औने पौने दाम में ही खरीदेगा। जो शरद पवार कभी सोनिया गान्धी और राहुल गान्धी को हौसला देते थे कि हम आपके साथ हैं, उनको राहुल गान्धी और सोनिया गान्धी का फोन आया कि उम्र की इस चौथ में धैर्य मत छोडना, हम आपके साथ हैं। उस सोनिया गान्धी का जो अभी भी हैं तो विदेशी मूल की हीं। शरद पवार ने ये दिन भी देखने थे? यदि पटना-पटना खेला न खेलते तो शायद कोई उनकी ओर ध्यान ही न देता और वे चुपचाप अपनी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की साफ सफाई करते रहते। लेकिन जब कोई मधुमक्खियों के छत्ते के नाटक में स्वयं के लिए 'रानी मक्खी' की भूमिका तय करेगा तो उसे इसके खतरों का भी पता होना चाहिए था। यह समझ से परे है कि इतने समझदार शरद पवार इतनी राजनीतिक नासमझी कैसे कर बैठे? विपक्षी पार्टियों के लिए यह 'प्रथम ग्रासे मक्षिका' वाला प्रसंग है। बाकी पार्टियों में भी हो हल्ला होने लगा है। सबसे ज्यादा हलचल तो नीतीश बाबू की जेडीयू में है। पटना वाला खेला में नीतीश बाबू ही लालू यादव जी के बेटे तेजस्वी यादव के साथ मिल कर उत्साह से लबरेज थे। बिहार विधानसभा में कुल 243 सीटें हैं। इनमें से भाजपा और लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल के पास 80-80 विधायक हैं। नीतीश कुमार की जेडीयू के पास 45 और सोनिया कांग्रेस के पास 19 विधायक हैं। इसे नीतीश कुमार की राजनीतिक दक्षता ही कहना पड़ेगा कि वे 45 के बावजूद मुख्यमंत्री बने हुए हैं। शायद इसी के कारण नीतीश बाबू को लगा होगा कि राजनीति तो उनकी हथेली पर नाचती है। इसी के कारण उन्होंने शरद पवार के साथ मिल कर एक ऊंची उड़ान भरने की योजना बना ली होगी। शरद पवार के राजनीतिक पंख तो अब आकर उनके भतीजे ने काटे, लेकिन नीतीश कुमार तो कटे पंखों के साथ ही सुपरमैन की वर्दी पहन कर लम्बी उड़ान की तैयारियां कर रहे थे। लेकिन उनके छत्ते की मधुमक्खियों को लगने लगा कि हमारी यह रानी मक्खी खुद भी गिरेगी और हमें भी कहीं का नहीं छोड़ेगी। लालू की सन्तानें छत्ते का शहद निकालने के लिए बर्तन लेकर घूम रहे हैं। अब खबरें आ रही हैं कि नीतीश बाबू के छत्ते में भी हलचल मची हुई है। वैसे तो विपक्ष को भयभीत कर देने वाली खबरें कर्नाटक से भी आनी शुरू हो गई हैं। फिलहाल पश्चिमी बंगाल में स्थानीय निकाय चुनावों के परिणाम की प्रतीक्षा करनी होगी। ममता की रणनीति तभी पता चलेगी। इस तरह विपक्ष एकजुट होने के प्रयास जरूर करता है, लेकिन साथ ही वह टूटता जाता है। विपक्ष में एकता नजर नहीं आ रही है। इसका लाभ भाजपा तथा मोदी को ही मिलेगा। फिलहाल भाजपा लाभ की स्थिति में लगती है, हालांकि पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के परिणाम आने के बाद विभिन्न दलों की प्रतिक्रिया देखने योग्य होगी। कुछ इंतजार करना होगा।

नागरिक बोध

हाय रे लाल टमाटर!

घर की काम वाली बाई ने बताया कि बड़ी मंडी में टमाटर बीस रुपए किलो बिक रहा है तो मुंह में पानी आ गया, क्योंकि पिछले पंद्रह दिनों से सलाद में टमाटर गायब था। मैंने बच्चे से कहा -'यार टिंकू, गाड़ी निकाल, मंडी से टमाटर लाएंगे।' वह बोला -'पापा, टमाटर में गाड़ी क्या करेगी? अपनी स्कूटी ले जाओ और ले आओ टमाटर। कोई गाड़ी भरकर टमाटर थोड़े ही लाना है। एक थैले में आ जाएगा टमाटर।' मैं बोला -'तू समझता नहीं, अस्सी रुपए किलो का टमाटर है। मंडी में भीड़-भाड़ रहती है। थैला हाथ से छूट गया या गाय ने सींग मार दिया तो टमाटर खरीदना, नहीं खरीदना बराबर हो जाएगा।' मन मारकर वह तैयार हो गया। मंडी पहुंचे तो एक सब्जी विक्रेता के पास सड़ा-गला सा टमाटरों का ढेर देखा तो, वही टमाटर सलादी और रसदार लगा। मैंने भाव पूछा तो विक्रेता ने बताया कि टमाटर पचास रुपए लगा देंगे। मैंने मन में सोचा – चलो तीस रुपए किलो का फायदा है। सब्जी और सलाद के लिए यह बुरा नहीं है। बच्चा मेरी बात समझ गया, बोला -'क्या ले रहे हैं पापा। ये सड़े हुए टमाटर हैं। बदबू मार रहे हैं, आगे चलो, ताजा टमाटर लेंगे।' मैंने कहा भी कि यार पचास में बुरे नहीं हैं। वह नहीं माना, हम आगे बढ़े तो टमाटर गायब था। पचासों दुकानों पर उसे तलाशा, लेकिन वह नहीं मिला। मैं बोला -'टिंकू, मैंने कहा नहीं था, वहीं से ले लो। वही ठीक है। अब पता नहीं वह भी मिलेगा या नहीं?' थक-हार कर हम दोनों फिर उसी दुकान पर आ गए। टमाटरों को जस का तस देखकर मन को तसल्ली हुई। मैंने कहा -'भाई पांच किलो तोल दो।' बच्चा बोला -'पांच दिन में इससे घर की हालत दुर्गन्ध के कारण बहुत बुरी होगी। क्योंकि यह पहले ही सड़ा हुआ है। चार-पांच दिनों में तो यह और सड़ जाएगा।' मैंने कहा -'अस्सी का पचास में मिल रहा है, गाड़ी लेकर आए हैं। पैट्रोल का खर्चा पांच किलो में ही निकलेगा। नहीं होने से तो काना मामा ही भला होता है।' यह कहकर मैंने पांच किलो तुलवा कर थैले में भरा और सावधानी से गाड़ी में धर दिया। सीना गर्व से फूला जा रहा था कि आज तो सलाद में टमाटर होगा। सामान्य आदमी के लिए टमाटर सेब की जगह होता है। टमाटर का थैला घर में लाकर रखा तो पत्नी ने नाक बंद कर ली और बोली-'क्या लाए हो, जिससे दिमाग तक सड़ गया है।' बच्चे ने ही जवाब दिया-'सड़ा हुआ टमाटर।' पत्नी ने थैला खोला तो दुर्गन्ध और फैली और वह बोली-'इससे तत्काल बाहर कूड़ेदान में डालो, वरना सारा घर बीमार हो जाएगा।' मैंने कहा भी -'भागवान यह क्या कर रही हो? पचास रुपए किलो का है। पूरी मंडी छान मारी, एक दुकानदार के यहां ही था। वह ले आया। अब इसे सब्जी में काम ले लो।' पत्नी गुस्से में भुनभुनायी -'आप का तो दिमाग सड़ गया है। नाक में घ्राण शक्ति रही नहीं और ले आए यह सड़ा-गला।' यह कहकर उसने पूरा थैला बाहर कूड़ेदान में उंडेल दिया और राहत की सांस ली और मैंने लम्बी सांस लेकर यही कहा -'हाय रे मेरे लाल टमाटर।' टिंकू लगातार हंसे जा रहा था। मैंने कहा -'अब देखता हूं क्या खाओगे सलाद में?' उसने कहा -'हम बिना सलाद के खा लेंगे, लेकिन उफ! आपके इस सड़े टमाटर से तो बचे।' मैं गुस्से में ऑफिस जाने की तैयारी में जुट गया, बाहर से टमाटरों की गंध अभी भी मेरे नथुनों को राहत दे रही थी।

देश दुनीया से

विद्यार्थियों की सेहत और शिक्षण संस्थान

पिछले वर्षों में पूरा विश्व कोरोना महामारी के कारण अस्त व्यस्त रहा है। इस कारण लोगों का ध्यान खानपान व फिटनेस पर केन्द्रित हुआ है, मगर उतना नहीं जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य मिल सके। हमारे देश के पहली कक्षा से लेकर विश्वविद्यालय तक के करोड़ों विद्यार्थी जहां सुचारू शिक्षण मिल रहा है, वहीं पर उनकी सामान्य फिटनेस के लिए जो थोड़े बहुत कार्यक्रम थे वो भी नहीं हो पा रहे हैं। पांच से लेकर सोलह वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को जहां सुचारू फिटनेस कार्यक्रम की बहुत ज्यादा जरूरत होती है, वहीं पर हर उम्र के लिए भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत है। आज जब घर पर बच्चा नियमित न तो कोई घरेलू काम कर रहा है और न ही शिक्षा संस्थान के पास फिटनेस का भी कोई कार्यक्रम है, ऐसे में हमें पहले मानव के वृद्धि व विकास की प्रक्रिया को ठीक से समझना होगा और फिर एक संतुलित फिटनेस कार्यक्रम लागू करना होगा। इस सबके लिए अभिभावकों का जागरूक होना जरूरी है। इस कॉलम के माध्यम से बार-बार इस विषय पर लिखा जा चुका है। खेल व शारीरिक क्रियाओं का जिक्र होते ही आम जनमानस की यह धारणा होती है कि खिलाडियों की बात हो रही है, मगर वास्तव में हर नागरिक को यदि उम्रभर स्वस्थ व खुशहाल रहना है तो फिटनेस कार्यक्रम बहुत ही जरूरी है। खेल प्रशिक्षक व शारीरिक शिक्षक को यह ज्ञान जहां बहुत ही जरूरी है वहीं पर हर अभिभावक को भी मानव वृद्धि व विकास के सिद्धांतों को समझना अनिवार्य हो जाता है। संसार के विकसित देशों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा पद्धति व मनोरंजन के क्षेत्र में बहुत ज्यादा प्रगति कर ली है और इन्हें बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास हो रहे हैं। आज कौन देश कितना हर क्षेत्र में आगे है, इस बात का पता ओलंपिक में जीते हुए पदकों से चलता है जहां विकसित देश ही अधिक पदक विजेता होते हैं। विकसित देशों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के साथ साथ खेल क्षेत्र में काफी प्रगति की है। मानव की वृद्धि व विकास जानने के लिए उसके जन्म से लेकर अंत तक विभिन्न अवस्थाओं का अध्ययन बहुत जरूरी है। जन्म के पहले तीन महीनों तक शिशु बिल्कुल लाचार होता है, वह स्वयं हिल-डुल भी नहीं सकता है, फिर वह पलटना सीखता है। आठवें व नौवें महीनों तक वह सहायता से खड़ा होना और चलना सीखता है। शिशु अपने दूसरे व तीसरे वर्ष में चलना, दौडना, कूदना, चढना, खैंचना, धक्का देना व फैंकना का काफी धीमी गति से प्रारंभिक स्तर सीख लेता है। यही समय है जब बच्चा बोलना व भाषा को समझने लगता है। बचपन के पहले चार से सात सालों में बच्चों में शारीरिक क्रियाओं को करने की प्रबल इच्छा होती है। साथी बच्चों के साथ सहभागिता सीखता है। पहले सिखी गई क्रियाओं में और सुधार आता है, इसके अतिरिक्त कैचिंग, हापिंग व स्किपिंग आदि कोआर्डिनेशन वाली क्रियाओं को भी करने लग जाता है। बहुत सी शारीरिक क्रियाओं को करने की शुरुआत इस आयु से हो जाती है। जिम्नास्टिक व तैराकी जैसे खेलों का प्रशिक्षण इस उम्र से शुरू हो जाता है। इस अवस्था में बच्चे की सही शारीरिक संरचना व शारीरिक क्षमताओं को विकसित करते हुए सर्वांगीण विकास का ध्यान रखना जरूरी है। बचपन के मध्य भाग जो सात से दस साल तक चलता है, इस समय बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास समान रूप से हो रहा होता है। समाज में क्या घटित हो रहा है उसे बच्चा बहुत तेजी से सीखता है। इसलिए बच्चे को अच्छा स्कूल चाहिए होता है जो उसके शारीरिक व मानसिक विकास को सही गति दे सके। बच्चे की इस अवस्था में स्ट्रैंथ व स्पीड का विकास तेजी से होता है। बुनियादी इडोरैंस का विकास भी इस उम्र में तेजी से होता है।

हमारे देश के पहली कक्षा से लेकर विश्वविद्यालय तक के करोड़ों विद्यार्थी जहां सुचारू शिक्षण मिल रहा है, वहीं पर उनकी सामान्य फिटनेस के लिए जो थोड़े बहुत कार्यक्रम थे वो भी नहीं हो पा रहे हैं। पांच से लेकर सोलह वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को जहां सुचारू फिटनेस कार्यक्रम की बहुत ज्यादा जरूरत होती है, वहीं पर हर उम्र के लिए भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत है। आज जब घर पर बच्चा नियमित न तो कोई घरेलू काम कर रहा है और न ही शिक्षा संस्थान के पास फिटनेस का भी कोई कार्यक्रम है, ऐसे में हमें पहले मानव के वृद्धि व विकास की प्रक्रिया को ठीक से समझना होगा और फिर एक संतुलित फिटनेस कार्यक्रम लागू करना होगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, सोमवार, 10 जुलाई 2023 | पेज 7

पुलिस ने टीएसपीसी के दो उग्रवादी को किया गिरफ्तार

एक देसी लोडेड पिस्टल व मोबाइल बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : मनिका थाना पुलिस ने टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के दो सदस्य को एक देसी पिस्टल के साथ धर दबोचा। पुलिस ने पकड़े गये उग्रवादीयो की पहचान मनिका थाना क्षेत्र के भदईबथान टोला के उपेंद्र यादव उर्फ नवीन जी व पांकी थाना के अनिल यादव के रूप मे किया है। रविवार को मनिका थाना परिसर मे डीएसपी दिलु लोहरा थानेदार राणा भानुप्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से पत्रकारो को जानकारी देते हुए बताया की मनिका थाना के पुअनि प्रदीप राय को संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सुचना मिला की पननवा ग्राम व कोईलागाड़ा के बीच बड़काटांड मे सड़क किनारे झाड़ीयो मे चार पांच की संख्या अपराधी किस्म के कुछ लोग बैठे हुए हो, जो किसी

अपराधिक घटना को अंजाम दे सकते है ।सुचना पाकर पुअनि प्रदीप राय, थाना प्रभारी राणा भानुप्रताप सिंह के निर्देश पर उक्त जगह पर छापामारी के लिए निकली।सुचना के अनुसार चिन्हित जगह पर पुलिस पहुंची जहां पुलिस को देखते सभी लोग भागने लगे ।भागने के दौरान दो लोग पकड़े गये । पुलिस ने उपेंद्र यादव उर्फ नवीन जी की कमर से 7.65 एमएम का लोडेड देसी पिस्टल व 7.65 केएफ लिखा एक जिंदा गोली एक मैग्जीन जिसमे 7.65 केएफ लिखा जिंदा गोली बरामद किया। वही तीन मोबाइल भी बरामद किया ।पुलिस के द्वारा सख्ती बरतने पर दोनो ने बताया की मनिका थाना क्षेत्र मे कामेश्वर प्रसाद यादव द्वारा बनाया जा रहा पुल निर्माण मे लगे मशीन मे आग लगाने व काम मे लगे मुंशी व मजदुरो को मारपीट करने की घटना को अंजाम देने के लिए ईकठ्ठा हुए थे ।दोनो ने पुलिस को बताया की 19 जुन को वे पुल निर्माण स्थल पर जाकर टीएसपीसी का पर्चा देकर लेवी न दिये जाने तक काम शुरू नही करने की चेतावनी दी थी ।बावजूद ठेकेदार द्वारा पुल का काम करवाया जा रहा था ।इसी लिए वे सभी पुल निर्माण स्थल पर जाकर घटना को अंजाम देने के लिए जमा हुए थे ।परंतु वे घटना को अंजाम देने से पुर्व ही पुलिस के हत्थे चढ़ गये ।पकड़े गये दोनो टीएसपीसी के उग्रवादीयो को पुलिस ने जेल भेज दिया।

सीआरपीएफ 11 वीं वाहिनी ने मंडल में लगाए औषधीय, इमारती और फलदार पौधे

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : सीआरपीएफ 11 वी वाहिनी के ई कम्पनी द्वारा कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर बरवाडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र मण्डल में सहायक कमांडेंट नीरज कुमार सोनकर के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया द्य मौके पर असिस्टेंट कमांडेंट श्री सोनकर ने कहा कि हमारे जीवन में एक एक पेड़ पौधा का काफी महत्व है द्य हम जो सांस लेते हैं वह ऑक्सीजन भी इन्ही पेड़ पौधो से प्राप्त होती है द्य उन्होंने कहा कि इन पेड़ पौधो से ही हमारे वायुमंडल में स्वच्छ हवा बहती है। इसलिए पेड़ पौधा और पर्यावरण का संरक्षण करना हम सबका दायित्व है, क्योंकि जंगल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।उन्होंने बताया कि ये अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान लगभग 800 पौधे लगवाए गए। जिसमे फलदार, इमारती और औषधि पेड़ शामिल है द्य मौके पर केदार सिंह यादव, रणधीर सिंह, धर्मेंद्र नाथ पाण्डेय, हेमन्त कुमार दास, अजीत कुमार, संजय कुमार यादव, ब्रजेश सिंह तोमर, धर्मेंद्र कुमार, चंदन कुमार यादव, गुड्डू कुमार, अमित कुमार यादव, नारायण कुमार समेत सीआरपीफ के कई जवान व ग्रामीण उपस्थित थे।

डायन उत्पीड़न व मानव व्यापार को लेकर टंडवा पुलिस के द्वारा चलाया गया जन जागरुकता अभियान

टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता): टंडवा थाना अंतर्गत पदुमपुर पंचायत में रविवार को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मानव व्यापार एवं डायन उत्पीड़न से संबंधित मामलों को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। यह जागरुकता अभियान टंडवा थाना पुलिस एवं जन विकास केंद्र हजारीबाग के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डायन बिसाही को लेकर टंडवा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारे समाज में इस तरह का अंधविश्वास फैला हुआ है, जिससे आए दिन कितने लोग इसके शिकार हो रहे हैं खास कर महिलाओं के प्रति इस बात को लेकर बहुत ही अत्याचार किया जाता है। आगे श्री सिंह ने कहा कि हमारे संविधान में डायन उत्पीड़न एवं मानव व्यापार को लेकर कड़े कानून बनाए गए हैं, जिसके तहत प्रताड़ित करने वाले लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजने का प्रावधान निहित है।

दुर्घटनाग्रस्त हुआ बाईक, तीन घायल

बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता): बारियातु थाना क्षेत्र के खुटीटोला मे एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे बाइक में सवार तीन लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में लखन तुरी 18 वर्ष पिता स्व चैता तुरी, राजू तुरी 19 वर्ष पिता बूटा तुरी, संदीप तुरी 23 वर्ष शंकर तुरी भाटचतरा बारियातु निवासी शामिल है ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार तीनो अपने घर भाटचतरा से बारीयातु बाजार आ रहे थे। इसी दौरान खुटीटोला के पास बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़े। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ सुरेन्द्र कुमार की देखरेख में सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। वही गम्भीर रूप से घायल लखन तुरी को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया।

जिले में आखिर किसके इशारे पर संचालित हो रहा है दर्जनों अवैध नर्सिंग होम

आखिर कौन दे रहा है इन्हें संरक्षण, सिविल सर्जन हैं क्यों मौन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड के बगरा मुख्य चौक के समीप अवैध नर्सिंग होम में बेधड़क ऑपरेशन कर मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ करने में लगा है बगरा का पारस हॉस्पिटल। स्वास्थ्य विभाग सब कुछ जान बुझकर भी आखिर क्यूं अनजान बने हुए है। जबकि मामले को लेकर सभी अखबारों में प्रमुखता से कई बार खबर छपी है किंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। आखिर चतरा सिविल सर्जन अवैध नर्सिंग होम पर कार्रवाई करने से आखिर क्यों कर रहे हैं परहेज क्या इन्हें भी महीने में रूपये से किया जाता है सराबोर। आपको बता दूँ की जिले में कई ऐसे नर्सिंग होम हैं जिन्हें स्वास्थ विभाग के मानक से दूर है। साथ हीं अवैध नर्सिंग खोल धड़ले से सभी

तरह का झोलाछाप डॉक्टर से ऑपरेशन की जा रही है। पूर्व में रेफरल अस्पताल के डॉक्टर अंकुर और सिमरिया पुलिस के संयुक्त छापे मारी में पारस हॉस्पिटल से कई मरीजों को ऑपरेशन कर बेड पर हीं देखा गया था। जिसका सुचना और रिपोर्ट चतरा सीएस को दिया जा चुका है किंतु सिविलसर्जन द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है वैसे में साफ़ प्रतीत होता है कि महीने में इन्हें भी चढावा चढाया जाता है। जिसके कारण शान से अवैध नर्सिंग होम फलफूल रहें है जिसका शिकार आम नागरिक हो रहे हैं। बड़ी घटना के बाद विभाग है तौबा मचाने लगते है। आखिर इन्हें क्या फर्क पड़ता है जान तो किसी और का जाता है ।

पंचायत कमेटी गठन के साथ जेएमएम का सदस्यता अभियान जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : बरवाडीह प्रखंड में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी की अगुवाई में पंचायत कमेटी के गठन के साथ सदस्यता अभियान जोरों पर जारी है। अध्यक्ष अंसारी के नेतृत्व ने प्रखंड क्षेत्र में जेएमएम पार्टी और संगठन की मजबूती दिलाने के साथ पार्टी के प्रति लोगों में विश्वास दिलाया है। उन्होंने कहा कि मनिका विधानसभा क्षेत्र के बरवाडीह जो कांग्रेस और भाजपा का गढ़ माना जाता है इसके बीच हम और हमारे कार्यकर्ताओं ने पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास किया है। जहां रविवार को प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रखंड अंतर्गत पंचायत केंड पंचायत सचिवालय में दर्जनों ग्रामीणों के बीच सर्वसम्मति से जेएमएम का पंचायत अध्यक्ष अंता देवी

बाबूलाल भुइयां को सचिव जीतन भुइंया को उपाध्यक्ष, आलोक सिंह उपाध्यक्ष और अघनू सिंह, आरती देवी, शंखनाथ सिंह को सदस्य के रूप में चयनित करते हुए उन्हें सदस्यता दिलाई गई, साथ ही उपस्थित दर्जनों लोगों को सदस्यता दिलाई गई।

माइंड मेकर कोचिंग संस्थान में संगोष्ठी कार्यकम का हुआ आयोजन

बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र में संचालित माइंड मेकर कोचिंग संस्थान में संगोष्ठी कार्यकम का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के संस्थापक शिक्षक शिक्षिका और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले कार्यकम हुई जिसमें मुख्य रूप से अभाविप के फिरोज अहमद, सागर कुमार की उपस्थिति हुई। जिसमें कोचिंग संस्थान में पठन पाठन करने वाले कई छात्र छात्राओं ने भी इस कार्यकम में हिस्सा लिया।

जिलाध्यक्ष अरविंद ने पूर्व सीएम को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई

टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता): पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह ने रांची उनके आवास में मुलाकात कर बुके देकर बधाई दी है। आगे कहा है कि बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा में और गति बढ़ेगी। वहीं 2024 के चुनाव में अधिक सीटे आने की प्रबल उम्मीद है।

लाभुकों के बीच किया गया धोती-साड़ी का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेतला : राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजना में एक सोना सोबरन धोती साड़ी लुंगी योजना भी शामिल हैं उसी के तहत रविवार को राशनकार्ड धारियों के लाभुकों के बीच पंचायत के जनप्रतिनिधि ने लाभुकों के बीच धोती साड़ी लुंगी का वितरण करने का काम किया जिसमें सरईडीह जनवितरण प्रणाली दुकानदार उमेश प्रसाद के दुकान पर वार्ड सदस्य जमुना सिंह, संजय सिंह उर्फ बुटु सिंह, पोखरी कलां में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार राज समुह, रौशन समुह, जाकिर हुसैन फजलू रहमान के दुकान पर मुखिया नीतू देवी, उप मुखिया सुल्तान अहमद, पसंस असमिना बीबी और मोरवाईकला पंचायत में मुखिया आशीष कुमार सिंह ने कई लाभुकों के बीच धोती साड़ी लुंगी का वितरण करने का काम किया इस दौरान कई लाभुकों को इस योजना का लाभ मिल जाने से लाभुकों के चेहरे पर खुशी देखी गई।

हर्षवर्धन सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : बरवाडीह मंडल के मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सह प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से रविवार को उनके कार्यालय में मुलाकात कर बधाई दी। इस मौके पर हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि झारखंड राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भाजपा संगठन द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। इनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से प्रदेश में भाजपा संगठन को मजबूती मिली है और इनके नेतृत्व में भाजपा आगामी लोकसभा या विधानसभा चुनाव भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी।

लातेहार के भाजपा नेताओं ने बाबूलाल को दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से रविवार को लातेहार भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर बधाई दी। इस अवसर पर भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश पाण्डेय ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से राज्य में संगठन को एक नयी उर्जा मिली है। वहीं जिला मंत्री ध्रुव पाण्डेय ने कहा कि आने वाले चुनाव में बाबूलाल के नेतृत्व में भाजपा विजयी पताका लहरायगा। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव और मनिका के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल किशोर प्रसाद मौजूद रहे।

शिव मंदिरों में नंदी की प्रतिमा पी रहा दूध-पानी, उमड़ी भीड़

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर के कई मंदिरों में मौजूद शिव के नंदी की प्रतिमा रविवार को कथित तौर पर पानी पीने लगी। जैसे ही लोगों को जानकारी मिली, वैसे ही लोगों की भीड़ मंदिरों की तरफ उमड़ पड़ी। शहर के पानीटंकी में मौजूद शिव मंदिर में नंदी की प्रतिमा को जल एवं दुध पिलाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। दर्जनों भक्त घरों से दूध और पानी लेकर नंदी महाराज को कटोरी से पिलाते हुए नजर आए।बता दें प्रतिमा द्वारा दूध और जल ग्रहण करने के बाद अब शिव मंदिरों में स्थापित नंदी महाराज के जल दूध ग्रहण करने की सूचना पूरे शहर में फैल गई। जिसके बाद शहर के सभी मंदिरों में भीड़ उमड़ने लगी महिलाएं बच्चे-बुजुर्ग सभी अपने घरों से कटोरी–लोटे में दूध और जल लेकर मंदिरों में नंदी महाराज को पिलाने के लिए अपनी बारी का इन्तजार करते दिखे। भक्तों द्वारा बताया जा रहा है कि बाकायदा कटोरी नंदी महाराज की प्रतिमा को लगाते ही वह पूरा भरा हुआ कटोरी दूध और जल पी जाते हैं। इसे चमत्कार मानकर खासतौर पर महिला भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पंहुची।

विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले संवेदकों पर उपायुक्त अबु इमरान हुए सख्त

डीसी के निर्देश पर कार्यकारिणी एजेंसी एनआरईपी ने कार्य में रुचि नहीं लेने वाले संवेदकों को तलब कर दी अंतिम चेतावनी

➲तीन दिनों के अन्दर अग्रधन की राशि जमा करने का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश के बाद कार्यपालक अभियंता,जिला परिषद ने काम में रुचि नहीं लेने वाले संवेदकों को अंतिम चेतावनी दिया है।रुचि नहीं लेने वाले संवेदक के निविदा को रद्द करते हुए ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा।एनआरईपी के कार्यपालक अभियंता शहनवाज खान ने बताया कि समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में दिनांक 06.07.2023 को उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से क्रियान्वित व आवंटित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई । समीक्षा के क्रम में पाया गया कि काफी दिन

बीत जाने के बावजूद भी अभी तक विषयांकित कार्य हेतु अग्रधन की राशि जमा नही की गई है। जिसके कारण एकरारनामा संपन्न नहीं हो पाया है। इस पर उपायुक्त ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा उपरोक्त कार्य जनहीत में उपयोगी है एवं समय पर पूर्ण किया जाना आवश्यक है साथ ही उन्होंने अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि तीन दिनों के अन्दर अग्रधन की राशि जमा करें अन्यथा आपके अग्रधन की राशि जब्त करते हुए दूसरे योग्य न्यूनतम निविदादाता को कार्य आवंटित कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में आपका कोई दावा मान्य नही होगा। इसके आलोक में कार्य कर रहे सभी संवेदक को पत्र के माध्यम से तलब करते हुए अंतिम चेतावनी दी गई है। अगर इसके पश्चात भी लापरवाही देखी जाती है तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। **एनआरईपी द्वारा इन निम्नलिखित संवेदक को दी गई अंतिम मौका :** एस एस आर डी कंस्ट्रक्शन किरिगडा, बुंडू, केरेडारी हजारीबाग, प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत - बेंती, ग्राम- बेंती विजय प्रजापति के घर से बुधन भुईयां के घर तक तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। रोज ट्रेडस, दुरूवा, लातेहार प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत - बहेरा, ग्राम- राजधार में सोमा उरांव के घर से सुखदेव उरांव के घर तक तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। मेसर्स आर0डी कंस्ट्रक्शन किरीगडा हजारीबाग, प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत बहेरा, ग्राम- बहेरा, मस्जित से जैनुल अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। मेसर्स आर0डी कंस्ट्रक्शन किरीगडा हजारीबाग प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत - बेंती, ग्राम- बेंती, राजेश प्रजापति के घर से कारू भुईयां के घर तक तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। मेसर्स आर0डी कंस्ट्रक्शन किरीगडा हजारीबाग, प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत - सराढु, ग्राम- कुडलौंगा में पानी टंकी से पारगड़ा मुकेश यादव के घर तक तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। मेसर्स आर0डी कंस्ट्रक्शन किरीगडा हजारीबाग, प्रखण्ड-टण्डवा, पंचायत- बेती, ग्राम- बेंती, भोला गंझु के घर रोहन गंझु के घर तक तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। एस0एस0 नेहा ईंटरप्राईजेज शिवपुरी ओकनी सदर हजारीबाग, प्रखण्ड-सिमरिया पंचायत - पुण्डरा, ग्राम- पुण्डरा, पुण्डरा देवी मण्डप से बद्री महतो के घर तक तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भुपेन्द्र कुमार मिश्रा कल्याणपुर प्रतापपुर चतरा, प्रतापपुर पंचायत - घोरीघाट, ग्राम-जाल्हातेत, मथुरापुर मेन रोड से दिलिप पाठक के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। विवेक यादव सरादू टण्डवा चतरा प्रखण्ड - टण्डवा, पंचायत - सराढ, ग्राम- कुण्डी में चैता साव के घर से शमशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। ईन्द्रजीत कुमार रोमी पदमा हजारीबाग, प्रखण्ड-टण्डवा पंचायत बड़गांव ग्राम- बड़गांव में रूपु बांध खेल मैदान से केरी स्कुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।

फोरलेन सड़क के रैयतों ने की मनिका में बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : मनिका प्रखंड मुख्यालय समीप पंचफेड़ी चौक शिव मंदिर के प्रांगण मे रविवार एनएच 39 मे बनने वाला फोरलेन सड़क से प्रभावित रैयतो की बैठक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह स्थानीय नेता सुरेंद्र पासवान की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। बैठक मे मनिका प्रखंड से गुजरने वाला फोरलेन सड़क से प्रभावित रैयतो ने सरकार द्वारा दी जा रही जमीन के मुआवजा पर कड़ा ऐतराज जताया ।प्रभावित रैयतो ने कहा की उनकी भुमी को सरकार फोरलेन बनाने के लिए कौड़ी के दाम दे रही है ।मुआवजा की राशि से उतनी दी जा रही है की वे घर के रहेंगे ना घाट के। प्रभावित भुमी के रैयतो की अध्यक्षता कर रहे स्थानीय व कांग्रेसी नेता सुरेंद्र पासवान ने कहा की लातेहार जिला चुंकी मेसो क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां के लोग अधिकत्तर एसी एसटी जाति के गरीब लोग रहते है। अपनी जमीं पर खेती कर अपना जीविकोपार्जन चलाते है। फोरलेन बनाने मे उनकी भुमी का अधिग्रहण किया जा रहा

है। सरकार इसके बदले मुआवजा तो दे रही है। पर उतनी नही दे रही जिससे वे पुनः कही जमीन खरीद कर अपना जीविकोपार्जन कर सके ।ऐसे मे उनकी सरकार से मांग है की फोरलेन बनाने के दौरान जितनी भुमी सरकार अधिग्रहण कर रही है। सरकारी दर के आठ गुणा ज्यादा सरकार प्रभावित लोगो को मुआवजा की राशि दे। यदि अधिग्रहण किया जा रहा जमीन का सरकार उचित मुआवजा नही देती है तो मनिका प्रखंड के रैयत चरणबद्ध संवैधानिक तरीको से आंदोलन करने को बाध्य हो जायेंगे। फोरलेन से प्रभावित भुमी के रैयतो की अगली बैठक लोहिया भवन मे आगामी सोलह जुलाई को रखा गया है। जहां पर आंदोलन की रूप रेखा तैयार की जायेगी।मौके पर फोरलेन से प्रभावित भुमी के रैयत हरिहर प्रसाद यादव जितेंद्र प्रसाद यादव सीताराम यादव केश्वर पासवान नरेश यादव अजय कुमार गुप्ता मुनेश्वर यादव आनंद प्रजापति सेठा यादव विशाल पासवान राजन पासवान गणेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र

रामगढ़/हजारीबाग

रांची, सोमवार, 10 जुलाई 2023 | पेज 8

संक्षिप्त खबरें

सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर बैठक

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ सौदागर मोहल्ला प्राचीन चैती दुर्गा मंदिर परिसर में चट्टी बाजार से सौदागर मोहल्ला न्यू कॉलोनी की सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर एक आवश्यक बैठक रखी गई थी। बैठक की अध्यक्षता राजेश ठाकुर ने किया श्री ठाकुर ने बताया कि सौदागर मोहल्ला की सड़क एवं नाली की स्थिति बहुत ही जर्जर हो चुकी है और बरसात का पानी गड्ढों में भर जाता है आने जाने वाले लोग इस सड़क से बहुत परेशान बारिश होने पर सड़क का पता नहीं चलता बड़े-बड़े गड्ढों से कई लोग की दुर्घटना हो चुकी है लगभग 20 साल से यह सड़क नहीं बनी है द्य हम लोग 5 महीना पहले दो तीन बार रामगढ़ उपायुक्त एवं छावनी परिषद के सीईओ को हस्ताक्षर अभियान चलाकर कई बार लिखित ज्ञापन देकर सड़क बनाने की मांग की लेकिन अभी छावनी परिषद और जिला प्रशासन की ओर से सकारात्मक पहल नहीं हुई अंत में हम लोगों ने आंदोलन करने का निर्णय लिया है श्री ठाकुर ने बताया कि दिनांक 11/7/2023 दिन मंगलवार 11ः00 प्राचीन चैती दुर्गा मंदिर सौदागर मोहल्ला से उपायुक्त कार्यालय के लिए पदयात्रा करेंगे साथ ही फिर से एक बार ज्ञापन सौंपेंगे यह पदयात्रा सांकेतिक होगा पदयात्रा कर सड़क बनाने की मांग की जाएगी ताकि यहां के लोग कितने परेशान हैं सड़क को लेकर यह जिला प्रशासन और छावनी परिषद के देखना चाहिए इस बैठक में मुख्य रूप से सुरेश वर्मा संजय अग्रवाल आनंद जायसवाल अमित ठाकुर चंदन ठाकुर विक्की जयसवाल विक्की ठाकुर सोनू जायसवाल विकास ठाकुर अनूप कुमार राजेंद्र अग्रवाल सुभाष ठाकुर पवन महतो बंटी महाशय मनीष कुमार मनोज सोनी ऋषि कुमार सचिन कुमार कुशवाहा पिंटू जैस्वाल गुड्डू सोनी विकास कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड की मासिक बैठक संपन्न

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड का मासिक बैठक अटल सांस्कृतिक भवन नियर शहीद स्मारक स्थल मे संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा और संचालन कोषाध्यक्ष उपकार सिंह ने किया। बैठक में चतरा, हजारीबाग , रामगढ़ और रांची जिले के कई पुर्व सैनिकों ने भाग लिया। बैठक में कई प्रस्ताव सर्वसम्मती से पारित हुआ जिसमे मुख्य रूप से 1) मिलिट्री पैरामिलिट्री से सेवानिवृत्त हॉनरेबल पद को सलाहकार के तौर पर नियुक्त किया जाएगा।2) बहुत जल्द वृक्षा रोपण का कार्यक्रम किया जाएगा। 3) जो युवा मिलिट्री ,पारा मिलिट्री या पुलिस में भर्ती के लिए तैयारी कर रहे हैं उनके लिए मेडिकल चेक कैंप लगाया जाएगा। 4) युवाओं मे बढ़ते नशाखोरी कि रोकथाम के लिए प्रशासन को आवेदन दिया जाएगा। 5) बासुदेव साहु को संगठन का उप कोशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अंत में प्रदेश अध्यक्ष अरबिंद ओझा ने सभी सदस्यों को एकजुट रहने की सलाह दी ताकि कोई पीड़ित न हों। बैठक मे आए सभी नए सदस्यों को फुल माला पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही संगठन का उद्देश्य और उपलब्धियों से रूबरू कराया गया। बैठक मे मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, उपाध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद मेहता, संगठन मंत्री चंद्रिका प्रसाद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष उपकार सिंह, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह, सचिव अजीत सिंह, उप सचिव सुरेश दागी, रांची जिला अध्यक्ष मनोज सिंह, चतरा जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह, पवन कुमार साहा, विरेंद्र सिंह, कैलाश गुप्ता, बिंदेश्वरी प्रसाद, मल्लेश्वर पाण्डेय, शिवनंदन कुमार,राजदेव कुमार प्रसाद,अवध कुमार भारती, उमेश यादव, अभय कुमार, जगनाथ राना, राजीव कुमार सिंह समेत कई पूर्व सैनिक शमिल थे।अंत मे नाश्ते व भारत माता की जय व बंदे मातरम के उद्घोष के साथ सभा का समापन किया गया !उपरोक्त जानकारी पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के चतरा जिला मीडिया प्रभारी रमन साहु द्वारा प्राप्त हुआ है ।

नहीं हो रही वर्षा, सता रही धान के बिचड़े व फसल को बचाने की चिंता

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : आषाढ़ महीना समाप्त हो गया और सावन का महीना चल रहा है।लेकिन वर्षा नहीं हो रही है वर्षा नहीं होने से धान के बिछड़े और फसल बर्बाद होने की संभावना बनी हुई है। किसानों की समझ में नहीं आ रहा है कि वह क्या करें।

क्या कहते हैं किसान : किसानों का कहना है कि महंगे दामों में धान का बीज खरीद कर बिचड़ा रोपी गई थी। फसल को बार-बार पंपसेट से पानी देना संभव नहीं है। सुबह में बिचड़े को

पानी से भर दिया जाता है।लेकिन शाम होने तक खेत सूख जाते हैं।धूप इतनी तेज रहती है कि पानी टिकने का नाम ही नहीं लेता।पंपसेट से धान की फसल को बचाया नहीं जा सकता है।इसके लिए वर्षा का पानी अनिवार्य है।

त्रासदी झेल रहे किसानों की मुसीबत बढ़ गई है।यहां सुखाड़ की स्थिति पैदा हो गई है,क्षेत्र में जारी प्रचंड गर्मी वर्षा का नहीं होना पटवन करने के लिए पानी कुआ तालाब में नहीं रहने के कारण धान जैसे मुख्य महत्वपूर्ण फसल की बुवाई रोपाई पर ग्रहण लग सकती है।

धान की फसल के लिए भरपूर पानी चाहिए।किंतु हालात यह है कि धान की फसल तेज धूप से झुलसने लगी है,वर्षा नहीं होने के कारण धान का बिचड़ा भी अब सूखने लगा है। खेतों में दरार पड़ने की स्थिति उत्पन्न होने लगी है।अगर यही हाल रहा तो धान की खेती चौपट हो जाएगी फसल को बचाए रखने के लिए पानी की अत्यंत आवश्यकता है। अगर समय पर धान की रोपाई नहीं हुई तो उपज पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

जदयू पंचायत समिति का किया गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : जनता दल यूनाइटेड सदर प्रखंड के चुटियारो पंचायत में जदयू पंचायत समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा उपस्थित थे। सर्वसम्मति से प्रकाश यादव को चुटियारो पंचायतऔर सर्वसम्मति से द्वारका प्रसाद को पंचायत का सचिव मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि जिला अधयक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा की पार्टी के नीति और सिद्धांत के अनुसार संगठन को आगे बढ़ाना है। हमारी पार्टी सभी धर्मों और सभी जातियों की पार्टी है। जदयू के नेता नीतीश कुमार और झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो के विचारों को जन जन तक और गांव गांव में पहुंचाना है। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के सक्रिय सदस्य अशोक प्रसाद ,शशी यादव, राहुल ठाकुर, विनोद महतो, सतीश यादव, गोविंद यादव ,नरेश यादव इत्यादि बड़ी संख्या में पार्टी के समर्थक उपस्थित थे।

विधानसभा क्षेत्र में नहीं होने दी जाएगी बिजली की समस्या : सुनीता चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : चितरपुर प्रखंड के बोरोविंग पंचायत अंतर्गत सांवराडीह में रविवार को 63 केबीए ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया गया।उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह की बिजली की समस्या होने नही दी जाएगी। ज्ञात हो कि यहां लगा ट्रांसफार्मर पिछले पांच दिनों से खराब थी।जिसके कारण

वहां के ग्रामीण बिजली की समस्या से परेशान थे। जिसकी सूचना लेकर गांव के ओमप्रकाश चौधरी कुछ ग्रामीणों के साथ विधायक सुनीता चौधरी के समक्ष पहुंचे और गांव की इस गंभीर समस्या से विधायक को अवगत कराया। जैसे ही इसकी सूचना विधायक सुनीता चौधरी को मिली त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्होंने बिजली विभाग को सूचना देकर 63 केवी का ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध कराया। मौके पर सतीश मुंडा, गौतम मुंडा, रोशन मुंडा, सुखन महतो, नितेश मुंडा, अवधेश मुंडा, रंजीत करमाली, दिवाकर मुंडा, प्रकाश महतो, श्रीकांत करमाली, डिगेश्वर महतो, बालो देवी, मनु देवी, सविता देवी, गंगा देवी, किरण देवी, सुगनी देवी,शांति देवी, हुकूमलाल महतो, बीरू मुंडा सहित कई मौजूद थे।

शेख तैयब ने किया पीसीसी पथ का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत करगालो पंचायत से अचलजामो पंचायत को जोड़नेवाली बहुप्रतीक्षित सड़क बनकर तैयार है,जिसका विधिवत उद्घघाटन मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने किया।इस बाबत जानकारी देते हुए शेख तैयब बताया कि जनता की मांग एवं पँचायत गैड़ा के ग्राम बुकना में जर्जर सड़क के निर्माण को मध्य जिला परिषद सदस्य ने अपने प्रयास सफल बनाया, तथा अचलजामो,करगालो के बीच सड़क निर्माण से आवागमन हो रही परेशानियों से अब ग्रामीणों को राहत मिली है।

मध्य जिला परिषद सदस्य ग्रामीणों के बीच घण्टो बैठकर उपस्थित ग्रामीणों का समस्या भी सुनी और समाधान के हरसंभव प्रयास की बात कही । ग्रामीण अपने जिप सदस्य की कार्य शैली और सक्रियता से काफी खुश दिखे। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख अशोक कु गुप्ता,पूर्व मुखिया तापेश्वर रजक, करगालो पंसस जुगल महतो, अशोक महतो,द्वारिका महतो, लुटबरण महतो,बालेश्वर महतो समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी को दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : दुलमी भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश महतो ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष वह पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी से उनके रांची स्तिथ आवास पर जाकर औपचारिक मुलाकात की. उन्हें गुलदस्ता देकर प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी कमलेश महतो ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी बधाई दिये. इन्होने कहा की बाबुलाल मरांडी बहुत ही सब कुशल नेतृत्व करता एवं मृदुभाषी. व्यक्तित्व के धनी और पार्टी के प्रति समर्थित इमानदार प्रवृत्ति के प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना पार्टी हित के लिए बहुत ही लाभदायक एवं पूरे प्रदेश में भाजपा की संगठन को बहुत ही मजबूती प्रदान करेंगे इससे झारखण्ड में भारतीय जनता पार्टी संगठन को बेहतरीन नेतृत्व मिलेगी ओर आगामी 2024 चुनाव में भाजपा समर्थित

उम्मीदवार को भारी जित मिलेगी. मौके पर विशाल सिंह, अनीश पांडेय, सतीश करकेट्टा, अंकित सिंह मौजूद थे।

अग्रसेन भवन के सभागार में सावन मेला का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सावन का पर्व आते ही लोगों में एक अलग उत्साह और उमंग छा जाता है खासकर महिलाओं में विशेष रुप से देखा जाता है। तो वहीं इस बार सावन 2 महीने के कारण लोगों में काफी उत्साह और उमंग देखा जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रसेन भवन के सभागार में अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा सावन मेला का आयोजन किया गया जिसमें बतौर अतिथि के रूप में शहीद सुभाष बारला की माताजी पूनम बारला, शहीद संदीप पाल के पिता जयनंदन पल एवं उनके बड़े भाई मनीष पाल शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों को फूलों का गुलदस्ता एवं शॉल ओढ़ाकर किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। समाज के नन्हे नन्हे बच्चों

के द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई तो वही बच्चों के द्वारा नए नए गानों पर नृत्य किया गया। कार्यक्रम में कुल 14 स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें राखी, फैशन, व्यंजन एवं कई प्रकार के स्टॉल शामिल थे। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के गेम की स्टॉल लगाए गए थे। आगामी रक्षाबंधन को लेकर विभिन्न डिजाइन के राखी के स्टॉल थे। महिलाओं की आकर्षक परिधान पर विभिन्न प्रकार के स्टॉल उपलब्ध थे। जिसमें राजस्थानी वस्त्र, लहंगा चुन्नी, साड़ी जैसे अन्य कई प्रकार के महिलाओं के परिधान के लिए विभिन्न प्रकार स्टॉल मौजूद थे। सभी स्टॉल पर महिलाओं की काफी भीड़ देखने को मिल रही थी। तो वही कार्यक्रम का आकर्षक का केंद्र बन रहा था सेल्फी प्वाइंट जिस पर लोग ने अपनी तरह तरह की तस्वीरें ले रहे थे। किसी भी स्टॉल से खरीदारी करने के लिए एक विशेष कूपन का प्रयोग किया जा रहा था।

मौके पर अग्रवाल महिला मंडल कि सोनल अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष शहीदों के परिजनों से कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया उनका आशीष आशीर्वाद इस कार्यक्रम में प्राप्त हुआ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसके लिए हम सभी का हृदय से आभार प्रकट करते हैं। मौके पर मारवाड़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल,मंत्री श्रवण अग्रवाल,पूर्व मंत्री नीरज अग्रवाल,मनीष अग्रवाल,अशोक अग्रवाल,विजय अग्रवाल,संजय अग्रवाल,शंभू अग्रवाल सुभाष अग्रवाल,मनोज अग्रवाल, बजरंग खेतान आत्माराम मूनका महिला मंडल की ओर सोनल मूनका,राखी मुनका,बीना अग्रवाल,कुसुम खेतान,स्वाति अग्रवाल सहित कई लोगो मौजूद थे ।

जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय में सात दिवसीय शिविर का दूसरा दिन संपन्न

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय, इचाक के एन.एस.एस इकाई के द्वारा गोद लिया गया ग्राम सिझुआ में सात दिवसीय विशेष शिविर का आज दूसरा दिन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको ने अपने निर्धारित समय के अनुरूप प्रभातफेरी से अपनी कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए तय की गई कार्य की रूपरेखा के अनुसार कार्य करते हुए विशेष शिविर का दूसरा दिन संपन्न किये। इस विशेष शिविर के दूसरे दिन में महाविद्यालय के प्रभारी पंकज कुमार और महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश ठाकुर स्वयंसेवक सचिन कुमार महतो, ऋतिक कुमार मिश्रा,राज जोशी,अंगीरा कुमारी,नेहा कुमारी, कोमल कुमारी,अमीषा कुमारी, रानी कुमारी,सपना कुमारी,अंजली कुमारी, पायल प्रिया, राहुल कुमार सिंह, अनिल कुमार यादव,राहुल कुमार दास,स्वेता भारती, प्रीति कुमारी आदि के साथ उपस्थित रहे।

हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष बने हर्ष अजमेरा

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : हजारीबाग ओलंपिक संघ की एक बैठक रविवार को डिस्ट्रिक्ट मोड़ स्थित पुराने जिला परिषद कार्यालय के समक्ष आयोजित की गई जिसमें हजारीबाग ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों के द्वारा शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष को फूलों का गुलदस्ता एवं माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। जिसके बाद उपस्थित लोगों ने ओलंपिक संघ को लेकर विभिन्न प्रकार की चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रुप से 15 दिनों के अंदर में झारखंड ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेल में सफल हुए खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। मौके पर वरीय उपाध्यक्ष भैया मुरारी सिन्हा, सचिव सी. एस दास, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार साहू, सह सचिव हेमंत कुमार, मनोज कुमार,मनन विश्वकर्मा, बहादुर राम, राहुल कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

प्लस टू उच्च विद्यालय के लड़कों को शौच के लिए नदियों एवं झाड़ियों का लेना पड़ता है सहारा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्लस टू हाई स्कूल बड़कागांव में शौचालय की कमी के कारण विद्यार्थियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्यालय में दो शौचालय है, जो शिक्षिकाओं एवं छात्राओं के लिए हैं। लड़कों के लिए शौचालय नहीं है उन्हें शौच के लिए नदियों एवं झाड़ियों का सहारा लेना पड़ रहा है। यहां तक की स्कूल के शिक्षकों को भी शौचालय के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। स्कूल में नवम वर्ग में 320, दशम वर्ग में 401, 11वीं क्लास में 220 एवं 12वीं क्लास में 622 विद्यार्थी है। विद्यालय में कुल 1563 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं।

लाखों रुपैया का मॉडल शौचालय बेकार : विद्यालय में लाखों रुपए लागत से निर्मित 15

मॉडल शौचालय बेकार हो गया। इस विद्यालय में 2014 में एनटीपीसी द्वारा 15 शौचालय स्थापित कराया गया था। देखरेख के अभाव में यह बेकार हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि जब यह मॉडल शौचालय स्थापित किया गया था उस वक्त विद्यार्थी इन शौचालय का अच्छा लाभ ले रहे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार कन्हैया ने कहा कि मेरे आने के पूर्व से ही सभी शौचालय क्षतिग्रस्त है। संवेदक के द्वारा नए शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। वहीं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बालेश्वर राम ने बताया कि मेरे कार्यकाल के दौरान सभी मॉडल शौचालय सुचारू रूप से चालू था।

सदर अस्पताल रामगढ़ को मिला क्वालिटी सर्टिफिकेशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत सदर अस्पताल रामगढ़ को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनकास) कार्यक्रम अंतर्गत क्वालिटी सर्टिफिकेशन से नवाजा गया है वही अस्पताल के लेबर रूम एवं मैटरनिटी ओटी को एनकास के साथ साथ लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत भी क्वालिटी सर्टिफिकेशन से नवाजा गया है। सदर अस्पताल रामगढ़ के 11 विभागों जिनमें ओपीडी, लैब, एनआरसी, फार्मेसी, मेटरनिटी वार्ड, रेडियोलॉजी, स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट, ब्लड बैंक, मोर्चरी व जनरल एडमिन आदि को क्वालिटी सर्टिफिकेशन में 86त्न अंक प्राप्त हुए हैं वही लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत सदर अस्पताल रामगढ़ के लेबर रूम को 92त्न एवं मैटरनिटी ओटी को 90त्न अंक प्राप्त हुए हैं।

इसके लिए उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम एवं सभी जिले वासियों को शुभकामनाएं दी है। साथ ही उपायुक्त ने कहा है कि जिला प्रशासन रामगढ़ का यह प्रयास है कि सदर अस्पताल रामगढ़ के माध्यम से जिले वासियों को सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं मिले एवं आकस्मिक परिस्थितियों में अस्पताल रामगढ़ जिले वासियों की उम्मीदों पर खरा उतरे।

क्या है एनकास सर्टिफिकेशन : अस्पतालों के लिए नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनकास) का हर साल असेसमेंट किया जाता है। इसमें अलग-अलग प्वाइंट्स पर जांच की जाती है। इसमें पिछले साल की तुलना में संकेतकों में शामिल सुविधाओं में क्या सुधार किया गया है और सुविधाओं का कितना विस्तार किया गया है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण कार्यप्रणाली को भी देखा जाता है। मरीजों और परिजनों से भी फीडबैक लिया गया है। अपशिष्ट प्रबंधन, मरीजों की समस्याओं के निराकरण को शामिल किया है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

उपायुक्त के निर्देश पर जिले में चलाया जा रहा है अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ छापेमारी अभियान

जिला खनन टॉस्क फोर्स की टीम ने बिना परिवहन चालान के बोल्डर लदा टीपर को किया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ (ए प्र): उपायुक्त पाकुड़ के निर्देशानुसार निरंतर जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा अवैध परिवहन और खनन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी के तहत शनिवार को भी जिला खनन टॉस्क् फोर्स की टीम द्वारा अवैध परिवहन को लेकर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान खनन टॉस्क फोर्स की टीम ने मालपहाड़ी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत पीपलजोड़ी मोड़ के पास से बिना नंबर वाले एक टीपर को कागजात के अभाव में जब्त किया गया। खान निरीक्षक पिंटू कुमार द्वारा वाहन को जब्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई को लेकर मालपहाड़ी ओपी थाना में सुरक्षार्थ रखा गया। खान निरीक्षक ने बताया कि जांच के क्रम में दोपहर के करीब 12.30 बजे बिना नंबर वाले टीपर को रोका गया। जिसमें 250 घनफुट स्टोन बोल्डर लोड था। चालक से परिवहन चालान की मांग की गई। पर चालक द्वारा परिवहन चालान नहीं दिखाया गया। साथ ही चालक मौके से भी फरार हो गया। कुछ देर इंतेजार करने पर न तो चालक वापास आया और न ही वाहन का मालिक व प्रतिनिधि। जिसके बाद वाहन को जब्त करते हुए कार्रवाई की गई है। खान निरीक्षक ने थाने में आवेदन देकर झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004(यथा संशोधन) के नियम 54 का उल्लंघन एवं खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा4(1)ए का उल्लंघन एवं धारा 21 के साथ-साथ झारखंड खनिज (अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम) नियम, 2017 के नियम 11 के तहत कार्रवाई की मांग की है।उपायुक्त वरुण रंजन ने अवैध खनन और परिवार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन और परिवहन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जनता अपनी समस्याओं से इंगित कराएं, समाधान हम कराएंगे : मनीष

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सदर विधायक मनीष जायसवाल रविवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग के कुसुम्भा पंचायत स्थित ग्राम जमुआरी पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और समस्या निराकरण की दिशा में सकारात्मक पहल करने का उन्हें भरोसा जताया। ग्रामीणों ने एक स्वर में गांव की मूलभूत समस्या से उन्हें अवगत कराते हुए पेयजल, सड़क, पुलिया और बिजली की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए अविलंब इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया ।विधायक मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों की समस्या सुनने के पश्चात जवाब देते हुए कहा कि आप अपनी समस्याएं इंगित कराएं समाधान हम कराएंगे। ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी समस्याएं गंभीर है और इसके निराकरण की दिशा में हम जल्दी सकारात्मक पहल करेंगे। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है जो निरंतर चलती रहेगी लेकिन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान के लोगों तक पहुंचाना भी हम सभी का कर्तव्य बनता है और इस दिशा में हम सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है ।मौके पर विषेशरूप से सदर विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, कुसुम्भा पंचायत के पूर्व मुखिया गणेश तुरी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष तुलसी प्रसाद कुशवाहा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश यादव,आदि थे ।

अनियंत्रित होकर महिला स्कूटी सवार गिरी, घायल

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): जीएम ऑफिस अरगड्डा - नईसराय मुख्य सड़क स्थित गांव चपरी- कंजगी जाने वाले मोड़ के नजदीक रविवार संध्या 5ः15 बजे ब्लू स्कूटी जेएच 24 के 8194 सवार महिला अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी। जिससे महिला के मुंह, दाएं आंख नाक पर गंभीर चोटे लगी हैं। राहगीरों ने बताया कि स्कूटी सवार महिला हेलमेट पहनी हुई थी. जिससे सर पर अधिक नहीं लगी। दो पहिया वाहन जीएम ऑफिस की ओर से नईसराय की ओर जा रही था। जबकि पुछे जाने पर स्कूटी सवार घायल महिला नाम तक बताने में असमर्थ थी। लोगों की मदद से घायल महिला को ईलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल नईसराय ले जाया गया हैं।

झारखंड कुर्मी महासभा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता): हज़ारीबाग जिला के डाड़ी प्रखण्ड अन्तर्गत किसान मजदूर उच्च विद्यालय बलसगरा में झारखण्ड कुरमी महासभा हज़ारीबाग़ जिला इकाई द्वारा आयोजित 8 वाँ प्रतिभा सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/ छात्राओं को सम्मानित किया गया इस मौके पर राज्यसभा सांसद खीरू महतो व मांडू विधायक माननीय श्री जय प्रकाश भाई पटेल जी ने किया इस मौके पर राजकुमार महतो,कैमेश्वर महतो, सेवालाल महतो, गुलचंद महतो, आदि लोग मौजूद थे।

करियातपुर चौक के पास एनएच 2 से सटे खुले कुंआ को बीडीओ ने भरवाया

बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता): बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर चौक से सटे हुए nh2 के नजदीक 30 मीटर की दूरी पर एक खुले कुंआ था।जो वर्तमान में कूड़ा करकट भरा हुआ था। मुख्य सड़क से nh2 के बिल्कुल कुंआ नजदीक होने के कारण सड़क दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती थी।जिसे देखते हुए।बरही प्रखंड विकाश पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंद्रवार ने तत्काल पहल करते हुए उक्त कुए को हाईवा गाड़ी से भरवाने का कार्य किया। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों पूर्व पदमा में एक सड़क किनारे स्थित कुआं में एक बुलेट एवं एक कार गिर जाने से 6 लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी। इस मामले को लेकर धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने प्रशासन एवं एनएचआई कर्मियों से अवगत करा कर मांग किया था कि इस प्रकार के कुंआ को भर दिया जाए। ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाएं को रोकी जा सके।

विलेज लेवल चाइल्ड प्रोटक्शन कमिटी की सेविकाओं के प्रशिक्षण शिविर का समापन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): झालसा के तत्वाधान मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद, राम शर्मा के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव, डालसा, निताशा बारला ने बताया कि झालसा द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन बचपन बचाओ आंदोलन के सहयोग से दो दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के सभी जिले की विलेज लेवल चाइल्ड प्रोटक्शन कमिटी की सेविकाओं सहित धनबाद की कंचन कुमारी, बेबी देवी, निशा देवी व इंद्राणी देवी को प्रशिक्षण दिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों को जानकर उनके साथ हो रहे अपराध को रोकना है। प्रशिक्षण के दौरान बाल श्रम, बाल श्रम गिरवी, बाल विवाह, पॉक्सो, जुवेनाइल जस्टिस अधिनियम, साइबर क्राइम, स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, ड्रॉपआउट बच्चों की शिक्षा, अप्रवासी मजदूर आदि पर विशेष रुप से जानकारियां दी गई।

राजभवन के फैसलों से शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है : चंदन सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : पिछले कुछ महीनों में जहां राजभवन के लिये फ़ैसलों से प्रदेश की जनता हस्तप्रभ है वहीं शिक्षा जगत में भी शिक्षक और छात्र चिंतित हैं।जहां राजभवन ने विश्वविद्यालय अधिनियमों के उलट कुलपति नियुक्ति में स्थानीय शिक्षकों को दरकिनार करने का काम किया है वहीं प्रदेश में बने दर्जनों मॉडल कॉलेज में अभी तक नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं होने के लिए भी ज़िम्मेदार है।मॉडल कॉलेज में नामांकन शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने के कारण रुकी हुई है वहीं राजभवन ने कोंट्रक्टुअल शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक लगा दिया है।रोक लगाने से महाविद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया पर रोक लगी हुई है।माडल कॉलेज पर सरकार ने पूरे प्रदेश में अरबों रुपए उच्च शिक्षा में सुधार के लिए खर्च किए हैं।अभी हाल ही में विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने 17/06/ 2023 को चतरा कॉलेज चतरा में विश्वविद्यालय द्वारा एक एसोसिएट प्रोफेसर को प्रभारी प्राचार्य का प्रभार देने की अधिसूचना जारी की क्योंकि चतरा महाविद्यालय चतरा में ह्रास का निर्धारित समय 22/01/2022 को समाप्त हो चुका है। प्राचार्य या प्रभारी प्राचार्य किसी भी कॉलेज में वरीयता के आधार पर ही नियुक्त करना सुनिश्चित किया जाए से संबंधित अधिसूचना राजभवन के द्वारा कुछ दिन पूर्व ही किया गया और इसे कठोरता से पालन करने का निर्देश भी जारी किया गया था,परंतु दिनांक 5/07/ 2023 को राजभवन के पत्रांक 4/23-2125/ल्स् के आलोक में विश्वविद्यालय ने अधिसूचना को रद्द करते हुए एक एसोसिएट प्रोफेसर को पदच्युत कर एक असिस्टेंट प्रोफेसर जो नवअंगीभूत कॉलेज के शिक्षक है जिसे अभी तक कोई भी प्रोन्नति नहीं मिली है और ना ही पीएचडी योग्यता धारी है ।

एनटीपीसी क्षेत्र में लगा मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : श्रीनिवास अस्पताल, डेंटल कॉलेज एंव एनटीपीसी की संयुक्त तत्वावधान में एनटीपीसी क्षेत्र पांडु व बसरिया में दो दिवसीय मेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निःशुल्क दांत का जांच, निःशुल्क नेत्र का जांच एवं निशुल्क रक्त का जांच हुआ। दो दिन में कुल 325 मरीजों ने शिविर का लाभ लिया एवं चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर का नेतृत्व जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली एवं डॉ. सोम्या राज ने किया तथा विभिन्न बीमारियों व उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। वहीं जरूरतमंदों को शिविर में स्केलिंग और निष्कर्षण जैसी प्रक्रिया की सेवा भी दी। इस अवसर पर जरूरतमंदों ने निशुल्क बुनियादी उपचार के प्रति श्रीनिवास अस्पताल एवं डेंटल कॉलेज का आभार जताया। एनटीपीसी के पदाधिकारियों ने श्रीनिवास अस्पताल व डेंटल कॉलेज की मेडिकल एंव डेंटल टीम की सरहाना की एवं बहुत- बहुत साधुवाद दिया। इस मौके पर श्रीनिवास अस्पताल एवं डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा लोगों को अपनी स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। क्योंकि समय पर छोटी बीमारियों का भी इलाज नहीं होने पर बीमारी गंभीर हो जाती है। पैसे के अभाव में लोग समय पर छोटी बीमारियों का इलाज नहीं करा पाते हैं। जिसके कारण आगे चलकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं आर्थिक रूप से काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए लोगों को पहले ही इलाज करा लेना चाहिए।

सांसद के प्रयासों से पतरातू रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा रेल ओवर ब्रिज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में रेल सेवाओं व सुविधाओं के विस्तार के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप क्षेत्र में विभिन्न रेल संबंधी कार्य किए जा रहे हैं।जयंत सिन्हा ने कुछ समय पूर्व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से रामगढ़ स्थित पतरातू रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेल ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु आग्रह किया था। यहां ओवर ब्रिज न होने के कारण क्षेत्रवासियों को भारी जाम व असुविधा का सामना करना पड़ता है। उनके निवेदन पर रेल मंत्री जी ने यहां रेल ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए स्वीकृति दे दी है। यहां ?65 करोड़ की लागत से इसका निर्माण होगा, जिसे अगले 18 महीनों में पूरा कर लिया जाएगा। पतरातू रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनने से पतरातू समेत कोयलांचल के लाखों लोग लाभान्वित होंगे। क्षेत्रवासियों को जाम से निजात मिलेगी और यातायात बेहद सुगम व सुरक्षित बनेगा।जयंत सिन्हा रेल मंत्री से समय-समय पर मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र में विभिन्न रेल कार्यों को गति व स्वीकृति दिलवाते रहते हैं।उनका प्रयास अपने क्षेत्रवासियों को हर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। पतरातू रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज के निर्माण को स्वीकृति मिलने से जनता बेहद खुश है। वे इस काम के लिए अपने लोकप्रिय सांसद को धन्यवाद दे रही है।जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में मैं हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के निवासियों की सेवा में पूरी निष्ठा व समर्पण से जुटा हुआ हूं।

रामगढ़ में प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग को लेकर भाकपा नेता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने राज्य के मुख्यमंत्री एवं उपायुक्त रामगढ़ को पत्र लिखकर जहर रूपी प्रदूषण फैलाने वाले कारखानों पर कार्रवाई करने की मांग की है। पाठक ने अपने पत्र में लिखा कि रामगढ़ में बिहार फाऊंडरी, गौतम फेरोलाईज एवं नदी के अगल-बगल नईसराय हॉस्पिटल के अगल-बगल कई कारखाने ऑक्सीजन में जहर में फैला रहे हैं। नईसराय के गौतम फेरोलाईज कारखाना में जहर रुपी वीडियो वायरल हो रहा है। प्रदूषण नियंत्रण यंत्र शोभा का वस्तु बनकर रह गया है । शाम के समय जहर रूपी धुआं रांची रोड से नईसराय रामगढ़ के इलाके काला हो जाता है । एक दूसरे के चेहरा देखना भी मुश्किल होता है । तो दूसरी तरफ छतों पर काली परतें जमा होता है। छतों में कपड़ा सुखाना भी मुश्किल हो गया है । 2 घंटे में सारे कपड़े काले पड़ जाते हैं। रामगढ़ में खिड़की खोल कर सोने पर नाक के माध्यम से प्रदूषण गला में चला जाता है । कई तरह के स्वसन रोग फैल रहा है। नईसराय के बगल में सीसीएल अस्पताल कई छोटे-बड़े विद्यालय कई अस्पताल नदी एवं छावनी के सेना के स्थल है। जिस तरह से प्रदूषण के सारे मापदंड को ताक पर रखकर कारखाने चलाए जा रहे हैं । लगता है मानो कोई भी अधिकारी रामगढ़ में नहीं है ।इस पर कोई बोलने वाला सुनने वाला देखने वाला नहीं है । पाठक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जहर फैलाने वाले कारखानों पर कार्रवाई करने की मांग की है एवं प्रदूषण नियंत्रण यंत्र निरंतर चले इसके लिए प्रदूषण विभाग देख रेख सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आंदोलन के लिए चलायगी।

झारखंड विधानसभा की आश्वासन समिति ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : झारखंड विधानसभा की आश्वासन समिति ने रविवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान आश्वासन समिति के सभापति दीपक बिरुवा, सदस्य वैद्यनाथ राम एवं सदस्य अंबा प्रसाद ने समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सभापति एवं सदस्यों द्वारा आश्वासन समिति के समक्ष रामगढ़ जिले से संबंधित मामलों को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान उनके द्वारा राजस्व व भूमि निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग एवं रामगढ़ जिले में प्रदूषण नियंत्रण संबंधित मामलों पर विधानसभा में दिए गए आश्वासन के तहत अब तक किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए वही सभापति एवं सदस्यों द्वारा रामगढ़ जिले में चल रहे अन्य विकास कार्यों को लेकर जिले के अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबा प्रसाद ने उनके क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों सहित अन्य मामलों को बैठक में समिति के समक्ष रखा जिस पर माननीय सभापति व माननीय सदस्य द्वारा संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

नगर अध्यक्ष बने डॉ. आशीष कुमार एवं नगर मंत्री शिवम आर्यन सिंह बने

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ नगर 75वें स्थापना दिवस सह राष्ट्रीय छात्र दिवस अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया। जिसमें मुख्य रुप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के झारखंड प्रांत के एस एफ डी प्रमुख गौतम कुमार महतो जिला प्रमखु प्रो सुधीर कुमार,जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौर उपस्थित हुए। प्रो सुधीर कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का 75 वर्ष हो गया है लगातार छात्र और समाज के विभिन्न समस्याओं का समाधान करते हुए आगे बढ़ रहे हैं और आज राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रही है गौतम कुमार महतो ने कहे की विद्यार्थी परिषद ज्ञान, शील ,एकता के मूल मंत्र पर काम करती है ठीक करेंगे चार काम प्रवेश ,परीक्षा ,परिणाम, और पाठ्यक्रम सुधीर कुमार ने नगर इकाई का घोषणा किया।

अपनी मांगो को लेकर आदिवासी संघर्ष मोर्चा के द्वारा रामगढ़ में एक मार्च निकाला

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): मध्यप्रदेश में आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करने वाले भाजपा के प्रवेश शुक्ला को कड़ी से कड़ी सजा दो। समान नागरिक संहिता/ यूनीफॉर्म सिविल कोड (छ्ष्ट) काला कानून वापस लो। की मांग आदिवासी संघर्ष मोर्चा के द्वारा रामगढ़ शहर के मेन रोड़ में एक मार्च निकाला गया । जिसमें नारेबाजी करते हुए मांग की गई, इस मार्च में आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक- देवकीनंदन बेदिया,लालचंद बेदिया, नीता बेदिया, भुनेश्वर बेदिया,जयवीर हंसदा,सरयू बेदिया,रामबृक्ष बेदिया,लाका बेदिया, लालदेव करमाली, महेंद्र गंझू,अजीत बेदिया ,करमचंद उरांव,प्रकाश बेदिया,अजीत बेदिया , सुमीत बेदिया, शिवनाथ बेदिया,अनोध बेदिया, फूलचंद बेदिया, विजय प्रजापति, लालकुमार बेदिया, मानकुमार बेदिया, महादेव राम अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

लोस व विस चुनाव को लेकर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश में भरी हुंकार

बरही विधानसभा स्तरीय संगठन पदाधिकारियों के साथ भाजपा का एक दिवसीय बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही विधानसभा स्तरीय संगठन पदाधिकारियों का एक दिवसीय बैठक स्टेशन रोड स्थित होटल ए.के. पैलेस में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दीपक प्रकाश उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक यादव व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर उपस्थित रहें। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्य सभा सांसद सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि 2024 में लोकसभा व विधानसभा चुनाव सम्भवतः एक साथ होगी। इसे देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को अपने बूथों पर सक्रिय रहने का निर्देश दिया। कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता अभियान में जुट जाएं, लोकसभा व विधानसभा चुनाव में कमल फूल के निशान पर आमजनमानस को मत दिलाने का काम करें। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने बैठक में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार मजबूत सरकार बनाने की योजनाओं पर गहन विचार विमर्श किया। पार्टी को सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी सर्व समावेशी बनाने, केंद्र सरकार सहित विभिन्न भाजपा शासित राज्यों की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। बैठक में उन्होंने मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल और महा जनसंपर्क अभियान में जनता से मिल रहे अपार जन समर्थन के लिए जनता के प्रति आभार प्रकट किया। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत का सर्वांगीण विकास हो रहा। कोई क्षेत्र भौगोलिक या प्रशासनिक रूप से विकास कार्यो से अछूता नहीं है। कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाएं सेवा भाव से धरातल पर उतारने का सार्थक प्रयास किया जा रहा। कहा कि दुनिया आज भारत की प्रशंसा कर रही। विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है।

रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी ने स्वागत समारोह का आयोजन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रामगढ़ के मिलन होटल के सभागार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया । इसकीअध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने की तथा संचालन जिला कांग्रेस के प्रवक्ता मुकेश यादव ने किया मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान उपस्थित थे। सर्वप्रथम जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं प्रखंड अध्यक्षों के द्वारा झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान का फूल मालाओं के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के द्वारा एक निष्ठावान कार्यकर्ता को उचित सम्मान देते हुए झारखंड राज्य आवास बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है यह हम सभी रामगढ़ जिला के कांग्रेसजनों के लिए अपार हर्ष का विषय है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को इसके लिए तहे दिल से आभार व्यक्त किया। समारोह को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव सभी शांतनु मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का काम किया है इसके लिए हम सभी कार्यकर्ता आलाकमान का आभारी है। अपने संबोधन में झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने कहा कि रामगढ़ जिला के तमाम कांग्रेस जानू के सामान से अभिभूत हूं मैं कार्यकर्ताओं के हर सुख दुख में मैं हमेशा खड़ा रहूंगा।

विधायक अंबा प्रसाद आज बुढ़वा महादेव में करेंगी जलाभिषेक

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : विधायक अंबा प्रसाद आज श्रावणी पूजा के प्रथम सोमवारी को लेकर महूदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक करेंगी। उक्त आशय कि जानकारी बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने दी है। उन्होंने कहा कि सोमवार की सुबह 7ः00 बजे विधायक अंबा प्रसाद भारी संख्या में अपने कार्यकर्ताओं के साथ बुढ़वा महादेव शिवलिंग में जलाभिषेक करेंगी एवं क्षेत्र की सुख व समृद्धि की कामना भगवान शिव से करेंगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
धनबाद/गिरिडीह
रांची, सोमवार, 10 जुलाई 2023 | पेज 10

गिरिडीह में युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला, जांच में जुटी पुलिस

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता): गिरिडीह के पचंबा थाना क्षेत्र के जरीडीह पहाड़ी के नीचे रविवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला है। जैसे ही शव मिलने की सूचना आस-पास के ग्रामीणों को मिली तो काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद पचम्बा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह सदलबल मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।बताया जाता है कि अपराधियों ने बेरहमी तरीके से युवक की हत्या की है। हालांकि फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। वही मौके पर डीएसपी संजय राणा समेत कई आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे है और जांच में जुटे हुए है।

चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर की नगदी सहित सामान की चोरी

बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): बिती रात को बेंगाबाद थान क्षेत्र के मधवाडीह पंचायत के रघैडीह में आशीष ठाकुर , अर्जुन महतो , चुलबुल टेलीकॉम दुकान में ताला तोड़ कर चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया । चोरी घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया सदीक अंसारी , पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि हेमराज साव घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं आशीष ठाकुर का गला तोड़ कर नगदी दस हज़ार रुपए और लगभग पांच हजार रूपये की कपड़ा , अर्जुन महतो मिष्ठान्न दुकान से दो हज़ार रुपए नगदी , दो ट्राई मिठाई और चुलबुल टेलीकॉ दुकान से भी ताला तोडकर चोरी कर लिया । भुक्तभोगी ने बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर जांच कर कारवाई की मांग की है । इधर स्थानीय मुखिया सदीक अंसारी ने कहा पूर्व में भी बरियारपूर मंदीर के अलावे चार घरों में चोरो ने चोरी घटना को अंजाम दिया था ।

महिला ने लगाया मारपीट व छिनतई का आरोप थाना में दिया आवेदन

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के पेशम पंचायत के हरिजन टोला निवासी पार्वती देवी पति मांझी तुरी ने बिरनी थाना में इसी गांव निवासी दुलार तूरी पिता स्वर्गीय भातु तूरी, दुलेश्वर तूरी पिता स्वर्गीय भातु तुरी, मुनिया देवी पति दुलार तुरी, टूनकी देवी पति सहदेव तुरी, तुलेश्वरी देवी पति दुलेश्वर तूरी, सरस्वती देवी पिता दुलेश्वर तुरी, रेशमी कुमारी पिता दुलेश्वर तुरी ने बीते सोमवार की शाम 4 बजे के आस पास बच्चे के विवाद को लेकर मारपीट एवं छिनतई किया। वही पार्वती देवी ने कहा कि दुलार तूरी ने मेरी गोतनी संजू देवी का बाल पकड़कर मारपीट कर रहा था जब मैं बीच बचाव के लिए वहां गई तो दुलार तूरी एवं दुलेश्वर तूरी बगैरह जिसके हाथों में लोहे का रड था मेरे ऊपर हमला कर दिया जिससे मैं बुरी तरह से घायल हो गई इस बीच उपरोक्त महिलाओं ने मेरे नाक एवं कान में पहना हुआ लगभग 25000 रू के सोने के जेवरात को झपट कर भाग गई। इस बीच घायल अवस्था में परिजनों के द्वारा मुझे सामुदायिक केंद्र बिरनी लाया गया जहां मेरी गंभीर हालत को देखते हुवे डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया ।

गणेश कुमार की ठनका गिरने से हुई मौत, परिजनों का हुआ रो-रोकर बुरा हाल

टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता): टुंडी प्रखंड के कदैया पंचायत अंतर्गत शहरपुरागांव के गणेश कुमार उम्र 21बर्ष के ठनका गिरने से मौत हो गया। बताया जाता हैं कि गणेश शनिवार दोपहर 2 बजे शौच करने अपने घर के बगल जोरिया में गया था जब काफी समय तक नहीं लौटा तो परिजनो के द्वारा खोजबीन कि या जाने लगा तभी देखा कि गणेश जोरिया किनारे गिरा हुआ है तभी परिजनो के द्वारा शहीद निर्मल असपताल धनबाद ले जाया गया जहां डाक्टरों के टीमों ने मृत घोषित कर दिया एवं ठनका से मौत की पुष्टि की। गणेश की मौत से पूरा परिवार वालो का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। गणेश आर एस मोर कॉलेज का स्नातक का छात्र था एवं कुशल व्यवहार एवं मिलनसार युवक था। इसकी मौत की खबर सुनकर पुरे गाँव में मातम पसरा हैं।

सिटीजन फाउंडेशन के स्वास्थ्य कर्मी को सात माह से नही मिला वेतन

निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता): निरसा के चिरकुंडा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सिटीजन फाउंडेशन रांची में कार्यरत डॉक्टर सहित 15 कर्मियों को पिछले 7 महीने से वेतन नही मिला है। इस सबंध में जानकारी देते हुए पदस्थापित डॉक्टर एवं कर्मियों ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा पिछले 7 महीने से हम सबों को वेतन नही दिया गया है जिसके कारण हम सभी भुखमरी के कागार पर आ गए हैं। अगर हम सबों का वेतन भुगतान इस महीने नही हुआ तो हम लोग काम बंद कर देंगे।बताया की फाउंडेशन के सीईओ सुरेश रेड्डी से जब भी वेतन की बात की जाती है तो सिर्फ आश्वासन देते हैं परंतु वेतन नही देते। अब तो स्थिति ऐसी हो गई है कि कमरे का पंखा खराब है मगर उसे बनाने के लिए भी पैसे नही है। इस भीषण गर्मी में बिना पंखा के रहना पड़ रहा है। इस संबंध में जब सीईओ सुरेश रेड्डी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा ढाई साल से पेमेंट रिलीज नही किये जाने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। फिर भी हमारा प्रयास होगा कि आगामी मंगलवार तक उन लोगों का वेतन भुगतान कर दिया जाए। अब सवाल यह है कि चिरकुंडा क्षेत्र की आबादी के हिसाब से राज्य सरकार ने इस अस्पताल को बनाया था। अगर स्थिति यूं ही डामाडोल चलती रही तो कई मुश्किलों के बाद आए अस्पताल में फिर एक बार तालाबंदी हो जाएगी और यहां के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं बंद हो जाएंगा।

झारखण्ड कोलियरी श्रमिक यूनियन के केंद्रीय कार्य समिति की बैठक

बलियापुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार को झारखण्ड कोलियरी श्रमिक यूनियन की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक बिनोद धाम बलियापुर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष राहुल कुमार महतो, महादेव महतो, महासचिव सूरज महतो के अलावे गणपत महतो, मोहन कुमार महतो, गौतम रवानी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राहुल कुमार महतो ने किया। बैठक में आगामी दिनों में यूनियन के अधिवेशन, सदस्यता अभियान, संगठन विस्तार आदि विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक से पूर्व मुख्य अतिथि जलेश्वर महतो ने बिनोद बिहारी महतो के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।जलेश्वर महतो ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड कोलियरी श्रमिक यूनियन का गठन बिनोद बिहारी महतो की देन है।यहां के मजदूर किसानों के हक अधिकार के लिए संगठन बनाया था।आज इस संगठन को एक ताकतवर संगठन के रूप में खड़ा करना है ताकि मजदूर किसानों,दबे कुचले को उसका अधिकार मिल सके। उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने लोगों को यूनियन से जोड़े।

खनन निरीक्षक के चंगुल से भाग निकला ट्रैक्टर चालक, मामला दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

निरसा : जांच के दौरान धनबाद खान निरीक्षक राहुल कुमार ने कालूबथान ओपी अंतर्गत आँखद्वारा में पत्थर लगा ट्रैक्टर पकड़ा।गाड़ी संख्या झा।21 झ 7111 स्वराज ट्रैक्टर को पकड़ कालूबथान ओपी लाया गया। जहाँ अज्ञात गाड़ी मालिक और चालक के ख़िलाफ़ प्राथमिकी दर्ज की गई। मौका देख कर ट्रैक्टर चालक अधिकारियों के चंगुल से फरार हो गया। जिसके बाद अधिकारी अधिक जानकारी प्राप्त करने में हाथ मलते रह गए।खान

निरीक्षक राहुल कुमार ने बताया कि आँखद्वारा में पत्थर लोड किया हुआ ट्रैक्टर पूछताछ के दौरान पकड़ा गया। जांच के दौरान किसी प्रकार कोई प्रमाण नहीं दिए जाने पर ट्रैक्टर को थाना ले जाया गया हालांकि चालक गाड़ी को कालूबथान ओपी में लगाकर मौका देखकर तुरंत फरार हो गया। जिसके कारण चालक का नाम और गाड़ी मालिक का नाम पूछताछ नहीं किया जा सका। कालूबथान ओपी में अवैध पत्थर तस्करी के मामले में शिकयत दर्ज कराया गया है।जानकारी के अनुसार कालूबथान ओपी क्षेत्र के आँखद्वारा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पत्थर का अवैध कारोबार हो रहा है। एक खाद्दान्न से प्रत्येक दिन दर्जनों ट्रैक्टर में पत्थर लोड कर अन्य जगहो पर बड़े पैमाने पर अवैध तरीका से भेजा जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह खेल काफी दिनों से चल रहा है।

ट्रस्ट द्वारा आयोजित कावंड यात्रा की तैयारी युद्ध स्तर पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमुआ : गिरिडीह जिले के प्रवासी मजदूरों द्वारा गठित समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष आयोजित बाबा बैधनाथ धाम कावंड संघ द्वारा भव्य कावड़ यात्रा को लेकर तैयारी युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस यात्रा को लेकर रविवार को ट्रस्ट के आफ़िस मे बैठक की गई। इस वर्ष 20 अगस्त को यह यात्रा ट्रस्ट के आफिस से निकल कर कुरुक्षेत्र से जल उठाया जायेगा जिसे दूसरे ही दिन सुबह बाबा बैधनाथ धाम नीलम नगर सूरत में बाबा को जलाभिषेक करेंगे। इस साल के कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रकाश वर्मा कर रहे है वही आर्थिक देख रेख संजय वर्मा (संजू) की जिम्मेवारी है। यात्रा के दौरान रात्रि में भजन कार्यक्रम का भी आयोजन है इस भजन कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने मुंबई से सुर संग्राम विजेता ममता राउत आ रही है।

चांदमारी कोलियरी फायरिंग मामले में दो अपराधी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर कार्यालय में रविवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें धनसार थाना क्षेत्र के हाल ही में चांदमारी कोलियरी क्षेत्र में कोयला लोडिंग को लेकर संयुक्त मोर्चा और जनता श्रमिक संघ के द्वारा हिंसक झड़प हुई थी। जिसमें दो अपराधियों के द्वारा हथियार लहराते हुए हवाई फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। उस मामले को लेकर धनसार पुलिस अपने क्षेत्र में लगातार छापेमारी कर रही थी। जिसमें उक्त अपराधी हथियार लहराते हुए अपराधी को चिन्हित करते हुए

हथियार समेत दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा ने मीडिया को बताया कि धनसार थाना क्षेत्र के कोलियरी क्षेत्र में कोयला लोडिंग वर्चस्व कायम करने को लेकर संयुक्त मोर्चा और जनता श्रमिक संघ के बीच हिंसक झड़प हुई थी। जिसमें बुधन मंडल एवं रिंकू खान हथियार लहराते हुए हवाई फायरिंग की थी। जिसमें दोनों अपराधी को निशानदेही पर गिरफ्तार कर लिया गया है तथा दो हथियार एक जिंदा गोली बरामद की गई।

धनबाद होकर जल्द ही शुरू होगी रांची-हावड़ा वंदे भारत

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : हावड़ा से राँची के लिए बहुत ही जल्द शुरू होने वाली है वंदे भारत। इस रूट पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए यह एक बड़ी खुशखबरी है। भारतीय रेलव ने रांची-हावड़ा 'वंदे भारत' के टाइम टेबल को भी मंजूरी दे दी है। अब संभावना जताई जा रही है कि इस रूट पर 'वंदे भारत' का परिचालन दुर्गा पूजा से पहले शुरू हो सकता है। 'वंदे भारत' हावड़ा से आसनसोल-धनबाद होकर रांची के लिए जाएगी।सिकंदराबाद में हुए रेलवे टाइम टेबल कमिटी की बैठक में इस ट्रेन के टाइम टेबल को मंजूरी दे दी गई है। इस रूट पर 'वंदे भारत' ट्रेन रांची से सुबह 5:20 बजे खुलेगी और 11:55 बजे हावड़ा पहुंचेगी। जबकि हावड़ा से दोपहर 3:30 बजे खुलेगी और रात 10:10 बजे रांची पहुंचेगी। हावड़ा से रांची के बीच का सफर यह ट्रेन 6 घंटे 35 मिनट में पूरा करेगी। अभी शताब्दी एक्सप्रेस हावड़ा से रांची का सफर 7 घंटे 10 मिनट में पूरा करती है। 'वंदे भारत' आसनसोल, धनबाद, बोकारो होकर चलेगी। इस संबंध में रांची के सांसद संजय सेठ ने बताया कि दुर्गापूजा से पहले इस ट्रेन का परिचालन शुरू हो जायेगा। जल्द ही रेलवे द्वारा इसका

आधिकारिक एलान कर दिया जाएगा। इस ट्रेन के चलने से सुबह रांची से कोलकाता जानेवालों को काफी सुविधा होगी।गौरतलब है कि हावड़ा से अब तक दो 'वंदे भारत' ट्रेनों का परिचालन होता है। इसमें एक न्यू जलपाईगुड़ी और एक पुरी जाती है। वहीं बंगाल में कुल तीन 'वंदे भारत' अभी तक चल रही है। इन दोनों के अलावा न्यू जलपाईगुड़ी से गुवाहाटी तक 'वंदे भारत' चलती है। इस ट्रेन का परिचालन शुरू होने से बंगाल के लिए यह चौथी 'वंदे भारत' होगी। वहीं हाल ही में रांची-पटना 'वंदे भारत' का परिचालन गया होकर नये रूट से शुरू किया गया है, लेकिन उस रूट पर पर्याप्त यात्री नहीं मिल रहे हैं। जिसके बाद रेलवे द्वारा किराये में कटौती पर विचार किया जा रहा है।

मासस की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : रविवार को को मार्क्सवादी समन्वय समिति, धनबाद जिला कमिटी की केंद्रीय कार्यालय, पुराना बाजार, धनबाद में जिलाध्यक्ष कॉ. बिंदा पासवान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। संचालन जिला सचिव कॉ. दिलीप महतो ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में माससस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक कॉ. आनंद महतो ने कहा कि आज भाजपा सरकार एक समान नागरिक संहिता (यू सी सी) जैसे कानून देश में थोपने का काम कर रही है। दूसरी ओर देश में दलित, आदिवासी, उत्पीड़ित वर्ग पर धड़ल्ले से शोषण व अत्याचार और उसके आत्म सम्मान पर ठेस पहुंचाया जा रह है। उन्होंने कहा कि जिस रूप से आज देश में महंगाई- बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है ऐसे अवस्था में तमाम वामपंथी एवं प्रगतिशील विचारधारा के लोग को एक मंच पर आकर आम जनता को गोलबंद करके भाजपा के इस देश तोड़ने के नीति का जोरदार रूप से आवाज उठाकर विरोध करने की जरूरत है।बैठक में जिला उपाध्यक्ष शेख रहीम, महानगर अध्यक्ष कॉ. रुस्तम अंसारी, सुभाष चटर्जी, सुभाष सिंह, टूटून मुखर्जी, बादल बाउरी, गणेश महतो, पवन महतो, राणा चट्टराज, संतोष स्वानी, विजय कुमार पासवान, देवाशीष पांडे आदि लोग उपस्थित हुए।

रक्तदान शिविर का आयोजन, 30 यूनिट रक्त संग्रह

प्रभात मंत्र संवाददाता

निरसा : डीवीसी के सीनियर डिवीजन मैनेजर सह डिप्युटी मैनेजर पार्थ सारथी दास के नेतृत्व में डीवीसी की सीएसआर एक्टिविटी के तहत कुमारधुबी विद्युत उपकेंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 30 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। यह ब्लड धनबाद पीएमसीएच ब्लड बैंक को दे दिया गया । वहीं सीएसआर कार्यक्रम की तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय ग्राम मेढा में 155 बच्चे बच्चियों को गिफ्ट कीट बाटी गई। मौके पर उपस्थित डीवीसी पंचेत हॉस्पिटल के डॉ इंद्रनील चट्टोपाध्याय, सुब्रतो गांगुली चीफ इंजीनियर सीटीसी, निर्मल्या पाल, सुमन भट्टाचार्जी, अनुपम मजूमदार, हरि नंदन यादव, यशवंत सिंह, रघुबंस राम, राजेश पासवान, अशोक मांजी एवं उनकी धर्मपत्नी आदि लोगों ने रक्तदान किया। वहीं पार्थ सारथी दास को उनके इंजीनियरिंग और प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट और अच्छे व्यवहार और कुशल कार्य के लिए बेस्ट एंप्लॉय का अवार्ड दिया गया।

टुंडी में दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने जदयू की सदस्यता लिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

पूर्वी टुंडी : जदयू टुंडी प्रखंड की बैठक भुरसाबाद (शिव मंदिर प्रांगण में जदयू युवा नेता गोतम कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने जदयू का सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में शामिल हुआ। इस दौरान दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवा साथियों को बधाई दी और टुंडी प्रखंड में जदयू पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में युवा जदयू पार्टी में जुड़ रहे हैं। आने वाले समय में जदयू टुंडी प्रखंड के युवाओं की समस्याओं को लेकर प्रखंड से प्रदेश तक संघर्ष करने का काम करेगी।

आए दिन बाइक चोरी की घटना से लोग परेशान

बाइक की सुरक्षा के लिये लगायें डबल लॉक

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : धनबाद शहर के बाजारों में, सड़कों किनारे बाइक खड़ी की हो और डबल लॉक नहीं लगाया, तो वह चोरी हो सकती है। शहर में बाइक चोरों की सक्रियता काफी बढ़ गई है। आए दिन बाइक चोरी की घटना से लोग परेशान हो गये हैं। पिछले छह माह में शहर के विभिन्न हिस्सों से 145 बाइकों की चोरी की रिपोर्ट थानों में दर्ज कराई गई है। हालांकि इसी दौरान चोरी की 70 बाइकें बरामद की गई और 45 से अधिक बाइक चोर गिरफ्तार कर जेल भेजे गए।

600 से अधिक बाइकें चोरी हुई

इन गैंग में स्थानीय चोरों के साथ आसपास के जिलों के कई अपराधी भी शामिल हैं। ये गैंग धनबाद के साथ पड़ोसी जिलों में भी बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। विभिन्न थानों के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2022 में जिले भर में 630 से अधिक बाइकें चोरी हुई थीं। वहीं इस साल के छह महीनों में बाइक चोरी की 230 से अधिक वारदातें दर्ज की जा चुकी हैं। शहर में सबसे ज्यादा मामले सदर और सरायढेला थाना क्षेत्र के सामने आए हैं।

धनबाद सहित अन्य जिला के गिरोह भी सक्रिय

खास बात यह है कि गिरफ्तार होने वालों में स्थानीय चोरों के साथ-साथ आसपास के जिलों के चोर भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, पिछले साल तक 4-5 स्थानीय गैंग ही बाइक चोरी में शामिल थे। लेकिन, पिछले कुछ महीनों से 7-8 अंतरजिला गैंग भी धनबाद में सक्रिय हैं, जिनके बारे में पुलिस के पास भी जानकारी नहीं है।पिछले दिनों मेडिकल कॉलेज परिसर से सरायढेला पुलिस ने बाइक चोरों को पकड़ा था। उनसे पूछताछ में खुलासा हुआ कि बोकारो के बाइक चोर धनबाद में अपना नेटवर्क बनाकर बाइकें चुरा रहे हैं। जिले के ही अन्य इलाकों के चोर भी शहर को टारगेट कर रहे हैं। सदर पुलिस ने भी पिछले दिनों जगजीवन नगर से बाइक चुराने वाले बलियापुर के चोर को पकड़ा था। जामताड़ा के गिरोह भी धनबाद में बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। हाल ही में जामताड़ा के 3 बाइक चोर सदर पुलिस के हत्थे चढ़े थे।

असंगठित मजदूरों ने खोला मोर्चा, आंदोलन की दी चेतावनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : रविवार को असंगठित मजदूर मोर्चा की एक बैठक ईस्ट बसुरिया यूनियन कार्यालय के समक्ष बीसीकेयु शाखा अध्यक्ष दुलाल बाउरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए पवन महतो ने कहा कि ईस्ट बसुरिया में खेमका कंपनी ने कोयला उत्पादन शुरू कर दिया है। प्रबंधन को पुर्व समझौता के अनुसार असंगठित मजदूरों को कोयला आवंटित कर रोड सेल ट्रक लोडिंग का कार्य प्रारंभ कर देना चाहिए था। लेकिन अभी तक प्रबंधन इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं किया है। मजबूरन आज असंगठित मजदूर चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य हो गया है।

ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम धनबाद यूनिट के द्वारा हिजामा थेरेपी कैम्प का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम धनबाद यूनिट के द्वारा दिनांक 09/07/23 को बायपास रोड स्थित कोहिनूर मैरेज हॉल में हिजामा थेरेपी कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना मो. आफताब आलम नदवी, सिम्फ़र के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ मो. शमशाद आलम एवं अब्दुल जब्बार बड़ी मस्जिद के ईमाम मौलाना मो. नौशाद आलम नदवी ने किया। इस कैम्प में 75 पुरुष एवं 25 महिलाओं ने अपने शरीर के विभिन्न हिस्सों मे हिजामा कराया।हिजामा के लिये आए क्योर हब कपिंग सेंटर आसनसोल के मो. अज़हरुद्दीन अंसारी और उनकी टीम ने अपना योगदान दिया। इस शिविर

को सफल बनाने में विशेष रूप से मौलाना नौशाद आलम नदवी, अख्तर, महताब, हसन, एजाज़, जसीम, अनवारुल, शाहबाज़, आज़म आदि की सराहनीय भूमिका रही।गौरतलब है की कपिंग थेरेपी को यूनानी भाषा में हिजामा चिकित्सा कहा जाता है। इसमें त्वचा पर वैक्यूम कप लगाया जाता है। ये वैक्यूम त्वचा को अंदर की ओर खींचता है। इस चिकित्सा पद्धति से शरीर के उसी हिस्से पर काम किया जाता है, जहां पर कोई दर्द या समस्या हो। शरीर से गंदे खून के जमाव को निकाल कर साफ रक्त की प्रवाह एवं रोग मुक्त करने मे ये थेरेपी काफी कारगर है जिससे शरीर काफी चूश्त और तंदरुस्त रहती है।

सीधी की घटना ने भारत और लोकतंत्र को शर्मसार किया : आप

मध्य प्रदेश के सीएम और देश का पीएम इस्तीफा दें : शर्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : आजाद भारत में जब देश में अमृतकाल चल रहा है, डबल इंजन की सरकार वाले राज्य में मध्य प्रदेश के सीधी में भाजपा के एक गुंडा द्वारा एक आदिवासी नागरिक के मुँह पर पेशाब किया जा रहा है। इस घटना ने देश और लोकतंत्र को शर्मसार किया है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि इस घटना से पूरे देश के नागरिकों में भाजपा के खिलाफ काफी गुस्सा है। उन्होंने कहा कि देश का प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश चुनाव प्रचार करने आते हैं और तीन दिन बाद ऐसी घटना घटती

है। इस घटना के बाद डबल इंजन की सरकार में यदि थोड़ी सी भी नैतिकता बची हुई है तो मध्यप्रदेश के सीएम और देश के पीएम दोनों को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। कहा कि एक तरफ चुनाव प्रचार में मोदी मोदी का नारा लगवा रहे हैं, और दूसरे तरफ उनके नेता एक आदिवासी युवक के मुँह पर मूत रहा है। शर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में आदिवासी दलितों पर अत्याचार बढ़ा है। मध्यप्रदेश के इस घटना के पूर्व उत्तर प्रदेश में भीम आर्मी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद पर जानलेवा हमला हुआ। हाथरस की घटना देश अभी भूला भी नहीं है। शर्मा ने कहा कि आजाद भारत में एक घटिया मानसिकता वाला व्यक्ति किसी आदमी के माथे पर पेशाब कर रहा है और घटना घटने के बाद वहाँ के मुख्यमंत्री उस आदिवासी युवक का पैर धोने का नौटंकी कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि मणिपुर जल रहा है। अभी तक देश का प्रधानमंत्री वहाँ देखने तक नहीं गए ।

लिपिकों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं अशोक सिंह

झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ का पांचवा राज्य सम्मेलन संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : झारखंड अनुसचिव कर्मचारी संघ का पांचवा राज्य सम्मेलन रविवार को किरण पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनओसी जी ई के राष्ट्रीय संगठन सचिव अशोक सिंह मौजूद थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिन्हा मौजूद थे कार्यक्रम का उद्घाटन महासंघ के राज्य महामंत्री अशोक कुमार सिंह नयन ने किया जबकि मुख्य प्रवक्ता के रूप में उमेश पांडे मौजूद थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव अशोक सिंह ने कहा कि कर्मचारियों का ग्रेड पे बहुत ही कम है जो उपेक्षा को दर्शाता है उन्होंने सरकार से मांग किया है कि लिपिक कर्मियों का ग्रेड पे सम्मान पूर्वक किया जाए इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनक सेवकों के साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है कहा की जन सेवकों का भी ग्रेड पे घटा दिया गया है इस वजह से जन सेवक संघ पिछले 2 माह से आंदोलनरत है सिंह ने कहा कि बिहार झारखंड में ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, सोमवार, 10 जुलाई 2023| पेज 11

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच व इलाज कराकर हुए लाभान्वित

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय परिसर मे लगातार आज 56 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किया। सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किया। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा नर सेवा ही नारायण सेवा है जरूरतमंदों का सेवा करना ही ईश्वर के सेवा करने के बराबर है, और साथ ही यह भी कहा कि अपने सामर्थ के अनुसार जरूरतमंदों की सेवा करके देखें आपको अपने मन को काफी संतुष्टि की अनुभूति महसूस होगी। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि हमें लोगों का सेवा करने में बहुत आनंद आता है और कहा की इस बरसात के मौसम में बच्चे एवं बुजुर्गों को स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की जरूरत है लोगों को आम का सेवन कम करना चाहिए एवं अपने आसपास पानी का जमाव ना होने दे,इससे मच्छर के प्रकोप के साथ-साथ कई बीमारियां होने का डर भी बना रहता है,समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहें। जिला अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से चल रहे इस प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में अब तक 1860 लोगों ने अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर लाभान्वित हुए हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। आज भी लोगों ने अपना स्वास्थ्य हेतु शुगर, वजन, बी.पी, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल, आदि का चेकअप करवाते हुए डॉक्टर से अपने बीमारियों का इलाज करवा कर परामर्श भी लिए,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक रविवार को चलते रहेंगे।आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, शशि भूषण सिंह,गोपाल सिंह, प्रदीप साहू, प्रतिमा देवी, सुबोध प्रसाद महतो, अतुल सर्राफ, मोती लाल अग्रवाल, अनीता दीक्षित, अंजलि सर्राफ, राजकुमार दीक्षित, फुलवंती देवी,जुगल किशोर, महेश उरांव, सुनीता उरांव, भोला प्रसाद जयसवाल, रुपेश चौधरी, मुकेश प्रसाद, हजारी प्रसाद, रमेश शर्मा, राम कुमार महतो, मनी देवी, संदीप कुमार, बबीता देवी, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, शिमला देवी, मनोज अग्रवाल, सोनिया पोद्दार, देशराज गोयल, मनसुख कुमार, अमित बंका आदि थे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कैरो के द्वारा गुरुपूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 09 जुलाई रविवार को दुर्गाबाडी भवन मे गुरु पूर्णिमा पखवाडा कार्यक्रम के तहत खण्ड संघ चालक डा0 भोला प्रसाद के अध्यक्षता मे गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के जिला प्रचारक दीपक जी एवं उपस्थित स्वयं सेवको ने सर्वप्रथम पूज्य डा0 केशव बलिराम हेडगेवार एवं गुरु जी माधवराव सदाशिव गोलवलकर के चित्रों मे पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। मौके पर जिला प्रचारक प्रदीप जी ने कहा कि भगवा ध्वज ही हमारे गुरु, यह न्याय, समर्पण, और बलिदान का प्रतीक। जिला प्रचारक ने बेद एवं महाभारत के रचियता गुरु बेदव्यास की जीवनियों पर चर्चा कर स्वयं सेवको को उनके द्वारा बताये गए मार्ग पर चलने हेतू प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संघ परिवार के द्वारा 15 दिनो तक गुरुपूजन का कार्यक्रम विभिन्न खण्डो पर चलता रहता है। मौके पर खण्ड कारवाह पीतांबर जी सह खण्ड कारवाह नीरज कुमार, स्वय सेवक सोनू कुमार, रंजन कुमार, आकाश कुमार, सन्तोष कुमार के अलावे विशेश्वर प्रसाद दीन, गंगा प्रसाद, संजय गुप्ता, बालेश्वर साहू, राजेन्द्र सोनी, प्रभू भगत, बीरेन्द्र साहू इत्यादि संघ के गुरु पूजन कार्यक्रम मे अनेकों स्वयं सेवक उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में पिकअप चालक बाल बाल बचा वाहन क्षतिग्रस्त

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): जोगना मोड़ में अज्ञात ट्रक ने वन विभाग के मालवाहक पिकअप को मारा टक्कर वाहन क्षतिग्रस्त कोई हताहत नही। सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना मोड़ में एन एच 143 ए पथ पर हुई सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचा पिकअप चालक वाहन क्षतिग्रस्त घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को प्राप्त होते ही उनके निर्देश पर गस्ती दल घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए अज्ञात ट्रक का पता लगाने में पुलिस जुट गई। बताया जाता है कि घाघरा की ओर से लोहरदगा जा रही वन विभाग का मालवाहक पिकअप को अज्ञात ट्रक जो लोहरदगा की ओर से घाघरा जा रहा था। उसी दौरान ट्रक चालक शराब के नशे में लापरवाही एवं तेज रफ्तार से आ रहा था। कि अचानक ट्रक चालक का सावधानी हटी और पिकअप को टक्कर मार दिया। घटना में वन विभाग के पिकअप का चालक बाल बाल बचा।

बिजली ऊर्जा चोरी पर दो नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): बिजली ऊर्जा चोरी के विरुद्ध विभागीय कारवाई के दौरान कल्हेपाट के दो उपभोगता पर प्राथमिकी दर्ज बिजली अधिनियम एवं राजस्व क्षति को लेकर होगी कारवाई। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के कल्हेपाट में सहायक विधुत अभियंता अंजू कच्छप के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से बिजली ऊर्जा चोरी के विरुद्ध सघन छापामारी चलाते हुए दो व्यक्ति को अवैध रूप से बिजली ऊर्जा चोरी करते हुए पकड़ा गया। विधुत ऊर्जा चोरी में 42 वर्षीय सुशीला देवी और 24 वर्षीय समशेर अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया। इस संदर्भ में सहायक विधुत अभियंता अंजू कच्छप ने बताया की सुशीला देवी के द्वारा एल टी लाईन में सर्विस तार से टोका लगाकर अपने घर में बिजली चोरी करतें हुए पकड़ा गया है। जबकि समशेर अंसारी को मीटर के पूर्व से सर्विस तार में टेप कर मीटर से बाईपास कर घर में बिजली ऊर्जा की चोरी करतें पकड़ा गए हैं। इस दरमियान सिंगल कोर पीबीसी तार लगभग 5 फिट तथा 4 फिट जब्त करते हुए अग्रतर करवाई हेतु थाना में लिखित सूचनार्थ किया गया। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि बिजली विभाग के सहायक विधुत अभियंता के आवेदन को संज्ञान में रखते हुए दोनो नामजद के विरुद्ध सेन्हा थाना कांड संख्या 95/23 प्राथमिकी दर्ज की गई है।

24 जुलाई को निकलेगी भव्य भक्ति जागरण के साथ विशाल कांवर यात्रा

लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में करेंगे जलार्पण

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : बाबा भोलेनाथ की आशीर्वाद से श्रावण मास के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी काँवरिया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा के द्वारा तीसरा सोमवारी को भव्य भक्ति जागरण के साथ देवाकी बाबा धाम मंदिर,घाघरा में जलार्पण के लिए विशाल काँवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा में शामिल शिवभक्तों की टोली लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में स्थित भगवान शिव पर जलार्पण करेंगे। इस काँवर यात्रा में सभी लोहरदगा वासियो को सादर आमंत्रित किया गया हैं। इसके लिए निमंत्रण पत्र भी लोगो को भेजा जा रहा है। कांवर यात्रा मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से सोमवार 24 जुलाई 2023 को प्रातः 7.00 बजे से प्रारंभ होगी। जिसका उद्घाटन उपायुक्त डा0 बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर. रामकुमार, एस.डी.ओ. अरविंद कुमार लाल, एस.डी.पी.ओ. वशिष्ठ नारायण सिंह संयुक्त रूप से करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि गौरव आर.पी. अग्रवाल, अजातशत्रु, अमन सिंह, सन्नी सिंह, राजीव रंजन, विजय प्रजापति, सन्नी यादव होंगे। यात्रा को सफल बनाने के लिए एक कमिटी बनाई गई है। जिसमे अध्यक्ष गौरव अग्रवाल (लड्डू), सचिव शुभम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक अग्रवाल (निखिल), उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, मीडिया प्रभारी राहुल कौशल, प्रचार मंत्री पीयूष अग्रवाल, सम्भव तमेड़ा, दिव्यांशु तमेड़ा,कौशल मेहता, यात्रा प्रभारी राम सिंह, मनीष अग्रवाल, महेन्द्र प्रताप देव, राहुल साहु, अमित यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही संयोजक की भूमिका में डॉ0 गणेश प्रसाद, रमेश साहु, लखन प्रसाद साहु, सुधीर अग्रवाल, सन्तोष महतो, प्रत्युष साहु, शिबू साहु, धीरज अग्रवाल, चन्दन गोयल, नागेन्द्र प्रजापति, अनिल अग्रवाल, अनिश मित्तल, अजय सोनी रहेंगे। उक्त जानकारी काँवरिया संघ बरवाटोली के आजीवन संरक्षक समाजसेवी सुनील अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि कांवरियों के लिए सुल्तानगंज से गंगाजल की व्यवस्था मंदिर परिसर में ही किया गया है। इस दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसका ध्यान कमिटी रखेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः पीएम बनाने को लेकर डोर टू डोर चलाया जनसंपर्क अभियान : बालकृष्णा सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा-लोहरदगा : भारतीय जनता पार्टी संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत बूथ अध्यक्ष वासुदेव उराँव की नेतृत्व में बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 81 एवं 82 ग्राम भैसमुंदो, मंडल भंडरा,जिला लोहरदगा में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में घर घर जाकर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए समर्थन की अपील की। इस अवसर पर जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री आवास योजना, घर घर नल जल योजना सबो को निशुल्क कोविड-19 टीकाकरण, परिवार के हर लोगों का बैंकों में खाता, किसान सम्मान निधि योजना, निशुल्क अन्न खाद्यान्न चावल गेहूं उपलब्ध कराना, महिला सम्मान निधि के तहत निशुल्क गैस सिलेंडर एवं चूल्हा उपलब्ध कराना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह, कांति देवी, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, करमचंद महतो, अभय महतो, संध्या कुमारी, सोनी कुमारी, पुष्पा देवी, बाली देवी, लीलावती देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

श्रद्धानंद बेसरा ने ठेसुटोली में हुए घटना से प्रदेश के नेताओं को कराया अवगत, कहा न्याय के लिए लड़ाई जारी रहेगी

सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की समीक्षा बैठक प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव के अध्यक्षता में हुई। इस बैठक के उपरांत भाजपा नेता सह पुर्व प्रत्याशी सह प्रदेश जनजातीय मोर्चा सदस्य श्रद्धानंद बेसरा ने जनजातीय प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव से मुलाकात कर केरसई प्रखंड के ठेसु टोली ग्राम में विगत मंगलवार को हुई घटना से पीड़ित विधवा महिला को केरसई थाना प्रभारी के द्वारा मारपीट किया गया था और जिसके कारण ग्रामीणों के बीच भय का माहौल व्याप्त है, के संबंध में उससे संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय सिमडेगा से मुलाकात एवं आवेदन देकर सम्पूर्ण जानकारी पीड़ित महिला के द्वारा भी दी गई । इस संदर्भ में भी बात चीत हुई , बात चीत सकारात्मक रही। आगे गांव में प्रशासन के द्वारा ग्रामीण लोगों में भय का माहौल बन गया है और थाना प्रभारी केरसई के द्वारा मारपीट की गई है उक्त बातों को लेकर जनजातीय मोर्चा पैदल मार्च एवं न्याय के लिए सभी प्रकार के वर्गों के समर्थन से न्याय की मांग करेगी। साथ में जनजातीय जिला अध्यक्ष बसंत नारायण मांझी ने भी कहा कि पीड़ित महिला को न्याय मिलना चाहिए, और हम सभी मोर्चों के लोग पीड़ित विधवा महिला के साथ हैं।

सावन में कांवर यात्रा का विशेष महत्व, सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं भोलेनाथ : रोहित उरांव

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : महाकाल क्लब चंद्रशेखर आजाद चौक तेतरतर द्वारा विशाल कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वित्त मंत्री के पुत्र रोहित उरांव, उपायुक्त डॉ. बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को साफा और पगड़ी पहनाकर किया गया। भगवान शंकर की पुजा आरती के बाद यात्रा को भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर मंत्री पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव ने कहा कि सावन में काँवर यात्रा का विशेष महत्व होता है। भगवान भोलेनाथ सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। सावन की प्रथम सोमवारी को भक्त जलार्पण के लिए पहाड़ी मंदिर जा रहे हैं। लगभग 80 किमी की पैदल यात्रा कर श्रद्धालु पहुचेंगे। इस दौरान मार्ग में भक्तों की सुलभता के लिए हर संभव व्यवस्था किया गया है। शिवभक्त शंख नदी से जल उठाकर पहाड़ी मंदिर के लिए रवाना हुए। कावर यात्रा लोहरदगा से कुडू मांडर होते हुए कल सुबह रांची स्थिति पहाड़ी मंदिर में भोलेनाथ को जल अर्पण कर समाप्त होगी।

अनीता उरांव जय भगवती आजीविका महिला स्वयं सहायता से जुड़ बनी स्वावलंबी

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा-लोहरदगा : अनीता उरांव उदरंगी गाँव की एक पढ़ी-लिखी महिला है। वर्ष 2016 से पहले अपने आजीविका चलाने के लिए पूर्णतः मजदूरी पर निर्भर थी। पति के पास कुछ काम नहीं होने के कारण उन्हें कई बार पलायन कर शहर मजदूरी करने जाना पढता था। परिवार में माता-पिता के अलावे तीन बेटे और एक बेटी है, जिनका खर्च उठाना तथा पढाई-लिखाई कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पढ़ रहा था। जरुरत पड़ने पर पूर्ण रूप से साहूकार पर ही निर्भर रहना पड़ता था। वर्ष 2015 में उदरंगी गाँव में समूह निर्माण का कार्य शुरू हुआ तब अनीता उरांव अपने गांव में ही जय भगवती आजीविका महिला स्वयं सहायता से जुड़ गयी। समूह में साप्ताहिक बचत कर, पंचसूत्र का पालन करते हुए,छोटी-मोटी दैनिक खर्च के लिए लेनदेन करने लगी। वर्ष 2018 में समूह से 10 हज़ार रुपये लेकर गोभी और टमाटर की खेती करना शुरू की तथा तीन से चार हजार रुपये की आमदनी होने लग गयी, इससे अनीता की समूह के प्रति और ज्यादा विश्वास एवं लगाव हो गया। इसके बाद वर्ष 2021 में 20 हजार रुपये ऋण लेकर मटर की खेती की और करीब 60 हजार रुपये की आमदनी हुई। वर्ष 2022 में 50 हजार रुपये ऋण लेकर अनीता दीदी ने गोभी की खेती तथा एक छोटी सी कपड़े की दुकान कर करीब 12 से 15 हज़ार रु. प्रति माह की कमाई कर रही है। साथ ही अपने बच्चों की अच्छी परवरिश एवं शिक्षा भी देने में सक्षम है। अपने जीवन में आये बदलाव के लिए अनीता उरांव समूह एवं झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी को दिल से धन्यवाद् तथा आभार व्यक्त करती है, तथा भविष्य में आने वाले नए नए योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु इच्छुक भी है।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमरेश भारती के नेतृत्व में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): विगत 1 जून से 10 जुलाई तक केन्द्र द्वारा चलाया गया महाजनसंपर्क अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।जिसमें नगर के अनेक स्थानों में पर्चा और पुस्तक का वितरण करते हुए महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। आज 10 जुलाई को कार्यक्रम के समापन में विशेष रूप से प्रभारी मांडर के पूर्व विधायक श्रीमती गंगोत्री कुजूर उपस्थित रही। इन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र सरकार के 9 वर्ष के विकास कार्यो को घर घर जाकर लोगों को जानकारी देना है।साथ ही लोगों से मिलकर उनका दुःख दर्द बाटने का काम करना हैइस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है।पुस्तक और पर्चा में इसपर बहुत ही सुदर जानकारी दी गई है।कार्यक्रम के समापन अवसर पर नगर अध्यक्ष श्री अमरेश भारती ने कहा कि आज विपक्ष का एक ही काम बच गया है और वो है भोली भाली जनता को भड़काना।कभी इन आर सी के नाम पर तो कभी समान नागरिक संहिता के नाम पर।किन्तु बहुत हो चुका जनता को भड़काने का काम।जनता सब समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अब इस घिनौनी हरकत से बाज आये, नही तो आने वाले चुनाव में जनता इनको मुंह दिखाने लायक नही छोड़ेगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री मनीर उरांव ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को इस महा अभियान को सफल बनाने के लिए बहुत बहुत बधाई।कहा कि इसी प्रकार हम सबको मिलकर आगे भी कार्य करते रहना है। कार्यक्रम के वृहद रूप से महाजनसंपर्क चलाते हुए समापन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती गंगोत्री कुजूर,श्री मनीर उरांव,राजकुमार वर्मा, अमरेश भारती, अनिल उरांव, बिन्दिया देवी, सरस्वती देवी, समेला भगत, भारती सिन्हा, जयश्री, पुष्पा देवी,आरती देवी, अनूप वर्मा, राजेश महतो, दीपक साहू, ज्ञानेश गुप्ता, मुरलीधर अग्रवाल, अतुल गनपत संजय महतो, बिजय अग्रवाल, संगीता कुमारी, विकी कुमार, मुन्ना चौबे, सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : शैलेन्द्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी निमित्त भाजपा सिमडेगा जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र सिंह आज कोलेबिरा लचरागढ़ जलडेगा ठेठईटांगर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर डोर टू डोर जाकर लोगों से मिलकर मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को बताया और पुनः मोदी जी के लिए समर्थन मांगा साथ ही भाजपा के 9 साल की उपलब्धि का पत्रक लोगों के बीच वितरण किया एवं 9090902024 में लोगो से मिस्डकॉल करवाया। संगठन प्रभारी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 9 वर्ष का कार्यकाल से वास्तु शास्त्र और गरीब कल्याण के लिए रहा है संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के माध्यम से समाज में प्रसिद्ध लोगों से मिलकर उनको सम्मान देकर आने वाले आम चुनाव में अपना योगदान देकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के हाथ को मजबूत करने का आह्वान किया ।संगठन प्रभारी ने समाज विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक लोगो सेवानिवृत्त प्रोफेसर रमेश प्रसाद बजरंग दल के धनंजय झा भोको लोहरा शशि शेखर ओहदार जी कालिया साहू हेमशन जी रामवतार अग्रवाल राजेश साहू सहित कइयों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष भोला साहू पूर्व प्रत्याशी सुजान मुंडा कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार जलडेगा मंडल अध्यक्ष मोतीलाल ओहदार ठेठईटांगर मंडल अध्यक्ष सुरजन प्रधान ठेठईटांगर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक कोलेबिरा सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार रनधीर प्रसाद सिंह संजय मिश्रा संदीप साहू संजय ठाकुर लीला बड़ाईक डॉ शशि शेखर सुषमा देवी अशोक ठाकुर जनेश्वर बिल्हौर लोधा सिंह उपस्थित थे।

जेएमएम से पूर्व जिला परिषद ने दिखाई नाराजगी कहा हर बार मिलता है टिकट का आश्वासन

इस बार नहीं मिला टिकट तो अगले बार दूंगी झापा का साथ

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : अगर पार्टी हमें विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं देती है तो आने वाले 2024 विधानसभा चुनाव में झारखंड पार्टी का साथ दूंगी । उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा नेत्री सह कोलेबिरा के पूर्व जिला परिषद सदस्य फुल कुमारी समद ने कहा। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का से कोलेबिरा में मुलाकात होने के बाद उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला पदाधिकारियों के द्वारा हमेशा उन्हें नजरअंदाज किया जाता रहा है, जिससे वह आहत में है। बार-बार टिकट देने की बात कही जाती है किंतु टिकट नहीं मिलती है, इस बार भी उन्हें टिकट देने की बात कही गई है, अगर इस बार भी उन्हें झूठा आश्वासन मिलता है तो विधानसभा चुनाव 2024 में उनके द्वारा झारखंड पार्टी के प्रत्याशी को पूरे जोर-शोर से समर्थन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमासोरेंग, कोलेबिरा प्रखंड प्रमुख दुतामी हेंब्रोम, झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, बदरुद्दीन अहमद, शुगर जरिया, अभिषेक कुमार, बाबूलाल प्रसाद, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

मनोकामना दुर्गा मंदिर में महाआरती का आयोजन आज : रोहित कुमार

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सावन माह के उपलक्ष्य में प्रत्येक दूसरे सोमवार को जिला के विभिन्न मंदिरों में केंद्रीय महावीर मण्डल द्वारा महाआरती करवाने का निर्णय केंद्रीय महावीर मण्डल, लोहरदगा जिलाध्यक्ष रोहित साहू द्वारा लिया गया। इन्होंने बतलाया कि सनातन धर्म को आगे बढाने हेतु केंद्रीय महावीर मण्डल अपने सामाजिक कर्तव्यों को निभाने का काम अनावरत करते रहेगी। अतः इसी कड़ी में सावन माह के उपलक्ष्य में जिला के विभिन्न शिव मंदिरों में सोमवार को महाआरती करवाएगी। कल मनोकामना दुर्गा मंदिर, बरवा टोली, लोहरदगा में महाआरती का आयोजन शाम 7 बजे किया गया है, जिसमें सभी सनातन भाई बहने, अभिवावक की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी का निर्णय निकाला जायेगा मुहर्रम का जुलूस

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के तत्वाधान में सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष जावेद गद्दी की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी मुहर्रम वर्ष 2023 के मुहर्रम का जुलूस पूरे आस्था एवं आपसी सौहार्द के साथ संयुक्त रुप से निकाले जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में तीनों प्रमुख अखाड़ा जिसमें धवताल अखाड़ा, इमामबख्श अखाड़ा, लीलू अली अखाड़ा के प्रमुख खलीफा, उप खलीफा एवं सम्मानित पदाधिकारियों के साथ साथ तीनों अखाड़ों के अधीन आने वाले तमाम खलीफा एवं पदाधिकारीगण तथा सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के प्रमुख पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण बैठक में मुख्य रूप से भाग लिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 2023 के मुहर्रम के जुलूस को एतिहासिक बनाने के लिए जुलूस में समय की पाबंदी अति आवश्यक होगी। इस मौके पर अखाड़ों से जुड़े पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

सामूहिक वृक्षारोपण किया गया : अंतु तिर्की

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): तेतर टोली सरना समिति के द्वारा सरना टांड़ में समिति के संरक्षक अंतु तिर्की के नेतृत्व में सामूहिक वृक्षारोपण किया गया । जिसमें सखुआ (साल),कदम,कटहल,जामुन, करंज,गुलमोहर सहित अन्य किस्म के लगभग 300 पौधे लगाए गए। पौधों को गाय,भैंस,बकरी या अन्य जानवरों से बचाने के लिए गेबियन से घेराव भी किए गए ।इस अवसर पर अंतु तिर्की ने कहा हमलोग प्रकृति पूजक हैं और प्रकृति पूजक होने के नाते हम पेड़ पौधे लगाते हैं। उसे बचाते हैं, संरक्षण करते हैं, हम पेड़ों की पूजा करते हैं वो चाहे सरहुल महापर्व हो या करम पूजा हो या अन्य कोई पूजा पर्व त्योहार हो। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंतु तिर्की,हरीश मुंडा, मादी मुंडा,अरुण कच्छप,रवि मुंडा,सोनू तिर्की जीवन भूटकुंवर, कार्तिक तिर्की, संतु तिर्की, वीणा टोप्पो, बादल, दीपकरण,सुनीता कच्छप, सूर्या, विमला कच्छप, अन्नू , अनीश,सुनीता तिर्की,आनंद,बालेश्वर, अजय, सुषमा,संध्या,नंदिता रजनी, अंजू,लाली सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

हारुन ने मारपीट की थाना में की शिकायत

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कर्बला चौक स्थित दो लोग आपस में मारपीट की । जिसमें एक व्यक्ति के सिर में चोट लगी है । लोअर बाजार थाना में लिखित आवेदन देकर इसकी शिकायत की है। जिसे सिर पर चोट लगी उसका नाम हारुन अंसारी है, उसने बताया कि वह भरनो का रहने वाला है। वह मंगनी के कार्य से रांची कर्बला चौक आया हुआ था , इसी दौरान कासिम अंसारी ने उनके साथ किसी बात को लेकर गाली गलौज किया, मारपीट की और उसके गले से सोने की चेन छीन ली। वही रांची के सदर अस्पताल में अपना इलाज भी कराया है। मामले को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।

राज्य सरकारों को सौंपी जाएंगी चाइल्ड लाइन : स्मृति ईरानी

एजेंसी

भोपाल। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि चाइल्ड लाइन अब देशभर में प्रदेश की सरकारों के सुपुर्द किया जाएगा। अगर बच्चा मुसीबत में है और मदद की गुहार लगा रहा है, तो उसका फोन एनजीओ के पास जाता है। ऐसी परिस्थिति में यह गहमागहमी होती है कि एफआईआर कहां हो। नई व्यवस्था से बच्चे या बच्ची का फोन कॉल सीधा स्थानीय प्रशासन के पास पहुंचेगा। उसे जल्द मदद मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी रविवार को भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित %वत्सल भारत कार्यक्रम% को संबोधित कर रही थीं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल संरक्षण, बाल सुरक्षा और बाल कल्याण पर केंद्रित सात क्षेत्रीय संगोष्ठियों का आयोजन देश में अलग-अलग जगह किया जा रहा है। भोपाल में रविवार को मध्य भारत क्षेत्र की संगोष्ठी हो रही है, जिसका शुभारम्भ केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने किया। स्मृति ईरानी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहले बच्चों को गोद लेने का कानून पेचीदा था। बच्चा गोद लेना हो तो अभिभावक को कोर्ट में पेश होने के लिए मजबूर किया जाता था। वहां से ऑर्डर लेना होता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार जनता, कार्यकर्ता, प्रशासक से संवाद करने के बाद यह ध्यान में आया कि अभिभावक यह कहने लगे कि हम कोर्ट क्यों जाएं? जहां पर चोर-उचक्के, दुष्कर्म और कई घटनाओं के निर्णय होते हैं। बच्चे को गोद लेना तो पुण्य का काम है।

चंद्रयान-3 से चांद पर उतरने वाला चौथा देश बन जाएगा भारत : जितेंद्र सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा है कि इस ससाह इसरो द्वारा लांच होने वाले चंद्रयान-3 मिशन से भारत चांद की सतह पर यान उतारने वाला चौथा देश बना जाएगा। डॉ. सिंह ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अंतरिक्ष क्षमता में एक साथ बड़ी वृद्धि हुई है। अब भारत चांद तक पहुंचने में पीछे नहीं रहेगा। चंद्रयान-3 चंद्रयान 2 का अगला मिशन है जिसका लक्ष्य चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करना और वहां की जमीन पर चलना है। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-3 में कुछ बदलाव किए गए हैं ताकि वह आसानी से चांद की सतह पर उतर सके।

सरकारी स्कूलों में बच्चों के मध्याह्न भोजन में शामिल होगा मुनगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य के सरकारी स्कूलों के बच्चों को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत मध्याह्न भोजन दिया जाता है। बच्चों को प्रतिदिन परोसे जाने वाले व्यंजन का मेन्यू तैयार है। बच्चों की सेहत का ख्याल रखते हुए इस बार बच्चों के भोजन के मुनगा भी शामिल होगा। इसकी जानकारी झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को दी है। निदेशक ने पत्र में लिखा है कि पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत छात्र-छात्रा को दोपहर का भोजन उपलब्ध जाता है। भोजन में पोषक तत्वों की प्रचुरता को ध्यान में रखते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गये हैं।बच्चों को दोपहर के भोजन में मुनगा भी दिया जायेगा। यह उत्पाद भारत सरकार द्वारा दिये गए निर्देश के बाद शामिल किया गया है। यही नहीं, स्कूलों में मुनगा का पौधा भी लगाया जायेगा, ताकि बच्चे प्रचुर मात्रा में मुनगा का सेवन कर सकें। जुलाई से सितंबर माह मुनगा का पौधा विद्यालयों में लगाने के लिए अनुकूल समय है।झारखंड में मुनगा को स्थानीय भाषा में मुनगा कहा जाता है। निदेशक ने निर्देश दिया है कि विद्यालयों में मुनगा का पौधा लगाने और उसके उत्पाद (फल, फूल एवं पत्ता) का मध्याह्न भोजन में सर्वाधिक उपयोग के प्रति जागरुकता अभियान चलाया जाये। साथ ही दिये गये निर्देश के आलोक में जिले में वर्तमान विद्यालयों में मुनगा के पौधे की उपलब्धता रहे।

भारत-तंजानिया द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने पर सहमत

एजेंसी

दार अस सलाम। भारत और तंजानिया अपने द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी साझा की है। दोनों देश कारोबार, निवेश, कृषि, रक्षा एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान कर इसका एक खाका तैयार करेंगे।

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को यहां तंजानिया की विदेश मामलों एवं पूर्व अफ्रीकी सहयोग मंत्री स्टरगोमेना टैक्स से यहां 10वें भारत-तंजानिया संयुक्त आयोग बैठक में मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच इस संयुक्त आयोग में सार्थक बातचीत हुई। आयोग ने हमें अपने संबंधों पर नए सिरे से गौर करने का एक मौका दिया। हम उन क्षेत्रों में भी अपना सहयोग मजबूत करने पर सहमत हुए, जिन पर पहले से काम कर रहे हैं।

जयशंकर ने कहा कि भारत को दोनों देशों के बीच जल साझेदारी पर गर्व है। जल साझेदारी में लगभग एक अरब डॉलर का आसान ऋण शामिल है, जो परियोजनाएं पूरी होने पर 80 लाख तंजानियावासियों को सुरक्षित पेयजल प्रदान करेगा।

भारी बारिश के चलते 10 तथा 11 जुलाई को बंद रहेंगे स्कूल व महाविद्यालय

एजेंसी

शिमला : प्रदेश में पिछले चौबीस घंटे से भारी बारिश हो रही है, जिसके चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अधिकांश नदियों में बाढ़ आई है और कई स्थानों पर सड़क मार्ग बंद हो गए हैं। भारी बारिश से शासन ने 10 तथा 11 जुलाई को सभी स्कूल कालेज बंद रखने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शिमला जिले की कुमारसैन तहसील में भूस्खलन की घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है।

रविवार को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि भारी वर्षा तथा विषम मौसमी परिस्थितियों के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य शिक्षा बोर्ड से संबद्ध सरकारी तथा निजी स्कूल और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा सरदार पटेल विश्वविद्यालय से संबद्ध सरकारी व निजी महाविद्यालय 10 तथा 11 जुलाई को बंद रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएससी), भारतीय माध्यमिक शिक्षा प्रमाणपत्र (आईसीएसई) तथा अन्य शिक्षा बोर्ड से संबद्ध संचालित निजी स्कूल परीक्षा स्थानीय मौसमी परिस्थितियों के आधार पर इन दो दिनों में स्कूल बंद रखने का निर्णय अपने स्तर पर ले सकते हैं। इसके साथ ही परामर्श दिया गया है कि उपरोक्त शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित की जाए। ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिले की कुमारसैन तहसील में भूस्खलन की घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को प्रभावित परिवार को तत्काल राहत उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के पूर्वानुमान के दृष्टिगत राज्य सरकार ने सुरक्षा उपायों और आम जनता को इसके प्रति जागरूक करने के लिए संबंधित जिला प्रशासन को सतर्क कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार सतर्क रहने तथा लोगों से नदियों और नालों के पास न जाने की भी अपील की। उन्होंने प्रदेशवासियों से जिला प्रशासन के साथ सहयोग करने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना करने का भी आग्रह किया।

95 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद वितरित

रांची। 95 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन श्री कृष्ण महिला समिति की सदस्या एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया।गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी(राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण मे संस्था के उपाध्यक्ष निर्मल जालान एव प्रमोद सारस्वत की देखरेख मे संस्था के वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल एवं रमा देवी डोकानिया के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 95 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।

गठबंधन पर फैसला लेने के लिए पार्टी नेताओं ने चिराग पासवान को किया अधिकृत

एजेंसी

पटना। बिहार की सियासत में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) एक बार फिर से एनडीए गठबंधन में शामिल होगी। भाजपा ने 18 जुलाई को दिल्ली में एनडीए की बैठक बुलाई है, जिसमें चिराग पासवान के शामिल होने की संभावना है। इन सबके बीच चिराग पासवान ने रविवार को पार्टी की बैठक बुलाई, जिसमें गठबंधन पर फैसला लेने के लिए पार्टी नेताओं ने एक स्वर से चिराग पासवान को अधिकृत किया है।बैठक के बाद लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय महासचिव अरुण कुमार ने कहा कि आज की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पार्टी के नेताओं से गठबंधन को लेकर चर्चा की। बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट के संकल्प को आगे रखते हुए पार्टी के नेताओं ने गठबंधन पर फैसला लेने के लिए एक स्वर से चिराग पासवान को अधिकृत किया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान चिराग पासवान की पार्टी एनडीए से अलग हो गई थी। एनडीए से अलग होने के बाद भी चिराग भाजपा के खिलाफ खुले तौर पर कभी भी खुलकर सामने नहीं आए और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा का समर्थन करते रहे। अब जब लोकसभा का चुनाव नजदीक आ रहा है तो एक बार फिर चिराग की एनडीए में वापसी लगभग तय हो गई है।गठबंधन पर फैसला लेने के लिए चिराग ने पार्टी नेताओं के साथ बैठक की है।

बैठक से ठीक पहले केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने चिराग से मुलाकात की। कहा जा रहा है कि दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत के बाद चिराग एनडीए में वापसी का ऐलान कर सकते हैं।

स्वतंत्रता के पूर्व मीडिया का स्वरुप सेवा का था : ब्रह्माकुमारी निर्मला

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। समाधान परक पत्रकारिता प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चौधरीबगान हरमू रोड में राजयोग प्रशिक्षण एवं अनुशंधान संस्थान के मीडिया प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में समाजपरक पत्रकारिता से समृद्ध भारत की ओर विषय पर सम्मेलन सम्पन्न हुआ। पत्रकार चंदन मिश्र ने कहा वर्तमान समय मीडिया मानव मन पर हावी है। मीडिया को नकारात्मक एवं शिकायती न होकर समाधानपरक बनना होगा। यदि सकारात्मक सोच के साथ पत्रकारिता की जाय तो आजादी का अमृत महोत्सव मनाना सार्थक हो जायेगा। उन्होंने पुराने समय के संस्कार और मौजूदा दौर में हावी पाश्चात्य संस्कृति का तुलनात्मक विश्लेषण करते हुए इसके कई उदाहरण भी स्थानीय पत्रकारों के सामने रखे। कुणाल सिंह ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि हम पत्रकार अनेक मंचों पर जाते हैं परंतु आज हमारे लिए ब्रह्माकुमारी संस्था ने एक मंच उपलब्ध कराया है। ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा मौजूदा हालातों में समाज का दर्पण कहलाने वाला लोकतंत्र का चौथा स्तंभ अपनी रिपोटिंग को लेकर हमेशा चर्चा का विषय बना रहता है। आजादी के लड़ाई के समय अपने कर्तव्यों को सफल निर्वहन करने वाले साहित्यकारों और पत्रकारों की भूमिका की भी मंच से सराहना करते हुए कहा कि समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए गम्भीरता और ईमानदारी से काम करने की जरूरत है। रूचि शर्मा ने कहा आज के पत्रकार दो धारी तलवार पर चल रहे हैं। इसलिए ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा सीखाये जा रहे राजयोग मेडिटेशन का नियमित अभ्यास की जरूरत है। अमित कुमार ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र को सामान्य लोगों तक पहुंचना बेहद जरूरी है। तभी लोकतंत्र की सार्थकता सिद्ध होगी। केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा स्वतंत्रता के समय के पहले मीडिया का स्वरूप सेवा का था। सबका एक ही उद्देश्य था ब्रिटिश राज्य की अधीनता से मुक्ति और इस मुक्ति के लिए जन-जन में चेतना जागृत करना ताकि वे आगे आकर राष्ट्रीय आन्दोलन में शामिल हों।